राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 337
लखनऊ, शनिवार 8 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मन्नत पूरी होने पर निकाली अनोखी कांवड़ यात्रा 10

पूरे ब्राह्मण समाज को अपमानित करना उचित नहीं : बृजेश 03

### -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,50,040/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,37,550/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,12,570/10 ग्राम
चांदी = 2,40,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### कांवड़ियों पर विवादित बयान से मचा बवाल

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पहले से विवादों में घिरे ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने अब कांवड़ियों को लेकर भी विवादित बयान दिया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। मौलाना साजिद रशीदी ने गुरुवार को मेरठ की एक घटना का उल्लेख करते हुए कांवड़ियों को आतंकवादी बताया। इस टिप्पणी के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे करोड़ों शिवभक्तों की धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया। भाजपा नेताओं ने मांग की है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे बयानों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### संभल हिंसा : साक्ष्यों पर आयोग ने जताया भरोसा

**संभल।** संभल हिंसा की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि घटना के निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की गवाही, मीडिया कर्मियों के प्रत्यक्षदर्शी बयान तथा वैज्ञानिक साक्ष्यों को सबसे अधिक विश्वसनीय पाया गया। आयोग के अनुसार तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी), अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी), क्षेत्राधिकारी (सीओ), थाना प्रभारी (एसएचओ) समेत अन्य अधिकारियों के शपथपत्र और मौखिक बयानों की पुष्टि तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों से हुई। इनमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), एलआईयू रिपोर्ट, एफएसएल जांच, बैलिस्टिक रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो फुटेज और अन्य दस्तावेज शामिल रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन सभी साक्ष्यों में आपसी सामंजस्य पाया गया, जिससे घटना के घटनाक्रम को समझने में मदद मिली। आयोग ने बताया कि मीडिया कर्मियों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और रिकॉर्डिंग भी जांच में महत्वपूर्ण साबित हुए। इनसे कई घटनाओं और दिए गए बयानों की पुष्टि हुई।

### राज्यसभा में नहीं हो सका प्रश्नकाल

**नई दिल्ली।** सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के कारण शुक्रवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल नहीं हो सका और महज चार मिनट के भीतर सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। एक बार के स्थगन के बाद दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य खड़े होकर गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के सदन में आने की मांग तथा अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने रेल मंत्रालय से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए समाजवादी पार्टी के रामजी लाल सुमन को पुकारा। जब पहला पूरक प्रश्न पूछने की बारी आयी तो श्री सुमन ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मुद्दा उठाना चाहा जिसकी सभापति ने अनुमति नहीं दी।

### नीट पेपर लीक मामला : सीबीआई के आरोपपत्र में बड़े नेटवर्क का हुआ खुलासा

# एनटीए के तीन विशेषज्ञों, कोचिंग संचालकों व बिचौलियों की साजिश

**षडयंत्र**

- प्रश्नों को बिचौलियों व कोचिंग संस्थानों ने अभ्यर्थियों तक पहुंचाया
- एनटीए के तीन विशेषज्ञों समेत 13 लोगों को बनाया आरोपी
- मोबाइल, डिजिटल रिकॉर्ड व एफएसएल जांच से हुई पुष्टि


**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दाखिल आरोप पत्र में पूरी साजिश का खुलासा हुआ है। एनटीए के तीन विशेषज्ञों पी.वी. कुलकर्णी, मनीषा गुरुनाथ मंधारे और मनीषा संजय हवलदार को जांच का प्रमुख केंद्र बताया गया है।

सीबीआई का आरोप है कि इन लोगों ने प्रश्नपत्र तैयार करने और अनुवाद की प्रक्रिया में मौजूद कमियों का लाभ उठाकर गोपनीय प्रश्नों को बाहर पहुंचाया। जांच में कई कोचिंग संचालकों, बिचौलियों और अन्य सहयोगियों की भूमिका भी सामने आई है। सीबीआई ने आरोपियों के बैंक खाते, बैंक लॉकर और एक डीमैट खाते को भी फ्रीज कर दिया है। पेपर लीक के बाद 3 मई की परीक्षा रद्द कर 21 जून को दोबारा परीक्षा कराई गई। सीबीआई ने आरोपपत्र में कहा है कि न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की जांच, मोबाइल फोन से मिले डेटा, बातचीत के रिकॉर्ड, जब्त दस्तावेज और गवाहों के बयानों से पूरे नेटवर्क की पुष्टि हुई है। सीबीआई का दावा है कि पुणे की एक आवासीय सोसायटी के प्रवेश प्रबंधन एप, छात्रों की बायोमेट्रिक एंट्री, मोबाइल लोकेशन और कॉल रिकॉर्ड ने प्रश्नपत्र लीक के पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सीबीआई ने 28 जुलाई को विशेष अदालत में 13 आरोपियों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया था। जांच के अनुसार, पुणे की जिस सोसायटी में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के रसायन विज्ञान विशेषज्ञ और आरोपी पी.वी. कुलकर्णी रहते थे, वहां के प्रवेश प्रबंधन एप से छात्रों और उनके अभिभावकों के आने-जाने का पूरा रिकॉर्ड मिला। इन रिकॉर्ड का मिलान मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल से किया गया, जिससे जांच को महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले।

जांच में सामने आया कि अप्रैल 2026 में कुलकर्णी की ओर से विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित की गई थीं। इन कक्षाओं में शामिल छात्रों की कॉपियों में संभावित प्रश्न लिखवाए गए थे और कई प्रश्नों को महत्वपूर्ण और अत्यंत महत्वपूर्ण के रूप में चिह्नित किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि यही सामग्री बाद में राजस्थान और हरियाणा सहित अन्य राज्यों तक बिचौलियों के माध्यम से पहुंचाई गई।



सीबीआई के अनुसार, फिजिक्स विषय की विशेषज्ञ मनीषा संजय हवलदार ने एक अभ्यर्थी की मां को 68 प्रश्नों वाले 16 पन्ने उपलब्ध कराए थे। वहीं, कुलकर्णी ने प्रश्नों को छोटे-छोटे नोट्स के रूप में तैयार किया और होटल लौटने के बाद उन्हें दोबारा लिखकर आगे भेजा। जांच एजेंसी ने छात्रों और बिचौलियों से बरामद प्रश्नों का मिलान दिल्ली विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों से कराया। जांच में जिन प्रश्नपत्र सेटों तक संबंधित विशेषज्ञों की पहुंच थी, उनमें लगभग 85 प्रतिशत प्रश्नों का मिलान पाया गया। इससे सीबीआई का दावा और मजबूत हुआ कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान ही गोपनीय जानकारी बाहर पहुंचाई गई।

### महीनों पहले रची गई थी साजिश

देश की सबसे बड़ी चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में दाखिल 94 पृष्ठों के आरोपपत्र में दावा किया है कि प्रश्नपत्र लीक की साजिश परीक्षा से कई महीने पहले ही रच ली गई थी।

सीबीआई की जांच में सामने आया कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान विशेषज्ञों की पर्याप्त तलाशी नहीं होती थी। उन्हें रफ कार्य के लिए सादे कागज उपलब्ध कराए जाते थे। इसी व्यवस्था का फायदा उठाकर प्रश्नों को याद किया गया और बाद में उन्हें लिखकर आगे भेजा गया। जांच एजेंसी का दावा है कि कई निजी कोचिंग संस्थानों में अभ्यर्थियों को यही प्रश्न हाथ से लिखवाकर तैयार कराया गया, जिससे डिजिटल साक्ष्य कम से कम छोड़े जाएं।

आरोपपत्र में एक कोचिंग संस्थान के संचालक शिवराज रघुनाथ मुतगांवकर को भी आरोपी बनाया गया है। उसने बिचौलियों के माध्यम से प्राप्त प्रश्नों को धन लेकर विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

सीबीआई के मुताबिक, आरोप सिद्ध होने पर दोषियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इन कानूनों में कठोर सजा और भारी आर्थिक दंड का प्रावधान है।

# बेटी-व्यापारी को छेड़ा तो जेल या जहन्नुम : योगी

- अंबेडकरनगर में 706 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अंबेडकरनगर में 706 करोड़ रुपये की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। विकास खंड रामनगर स्थित गोविंद साहब धाम के पास आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और सहायता राशि के चेक भी वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के लिए प्रदेश में दो ही जगह हैं- जेल या जहन्नुम।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गुंडागर्दी और माफियाओं का बोलबाला था। हर जिले में पेशेवर अपराधी सक्रिय थे, लेकिन आज उत्तर प्रदेश माफिया और गुंडों से मुक्त हो रहा है। अब कोई भी व्यक्ति छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और न ही बेटियों के साथ छेड़छाड़ करने की हिम्मत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश में अराजकता का माहौल था। युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिलती थी और भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। योग्य युवा खुद को ठगा महसूस करते थे। दंगों के कारण प्रदेश की छवि खराब हुई, किसान परेशान रहे और हस्तशिल्पी व कारीगर पलायन करने को मजबूर हुए। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में अपराधियों को संरक्षण मिलता था और दंगाइयों के सामने सरकारें झुक जाती थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।



शुक्रवार को अंबेडकर नगर में बच्चे का अन्नप्राशन करते सीएम योगी आदित्यनाथ

योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर विधानसभा की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा की विकास कार्यों में रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में विकास और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने गोविंद साहब धाम को आध्यात्मिक प्रेरणा का केंद्र बताते हुए कहा कि यहां माघ मेले में लाखों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि गोविंद साहब मेले को राजकीय मेले की मान्यता दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अंबेडकरनगर को दो एक्सप्रेस-वे से जोड़ा गया है और जिले में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

# 40 वर्षों के बाद बोफोर्स मामला पूरी तरह खत्म

- सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी याचिका भी खारिज की

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लगभग चार दशक तक देश की राजनीति और न्यायिक व्यवस्था के केंद्र में रहा बोफोर्स तोप खरीद मामला अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को इस मामले से जुड़ी अंतिम याचिका भी खारिज कर दी। इसके साथ ही 1986 की बोफोर्स तोप खरीद से जुड़े सभी कानूनी विवादों का अंत हो गया।

सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए उस फैसले में हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया, जिसमें हिंदुजा बंधुओं और स्वीडन की बोफोर्स कंपनी को आरोपों से मुक्त कर दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि अब इस मामले में आगे सुनवाई की आवश्यकता नहीं है।

क्या था बोफोर्स मामला

साल 1986 में भारत सरकार ने स्वीडन की कंपनी एबी बोफोर्स से 400 होवित्जर तोपों की खरीद के लिए लगभग 1,437 करोड़ रुपये का रक्षा सौदा किया था। एक वर्ष बाद 1987 में स्वीडिश रेडियो की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस सौदे को दिलाने के लिए कथित रूप से भारी रिश्वत दी गई। आरोप था कि कुछ भारतीय नेताओं, अधिकारियों और बिचौलियों को अवैध भुगतान किया गया।



इन आरोपों के बाद देश में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई और बोफोर्स मुद्दा 1989 के लोकसभा चुनाव का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया। चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और जनता दल के नेता विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री बने।

### मोदी से मिले बादल अकाली-भाजपा गठबंधन की अटकलें तेज

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बैठक ने पंजाब की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। राजनीतिक हलकों में इसे शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित गठबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# दो अस्पतालों पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

- दुष्कर्म पीड़िता के इलाज से किया था इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सर्वोच्च न्यायालय ने गाजियाबाद में चार वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता का समय पर उपचार न करने के मामले में दो निजी अस्पतालों को जिम्मेदार ठहराते हुए पीड़िता के पिता को कुल 12 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि गंभीर अपराधों के पीड़ितों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराना अस्पतालों की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी है।



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन भी शामिल थे, ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट पर विचार करते हुए यह आदेश दिया।

### यमन और सऊदी अरब पर हमला, 58 सैनिकों की मौत

**सना/रियाद।** ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को यमन और सऊदी अरब में एक साथ बड़े हमले किए। इन हमलों में यमन के कम से कम 58 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि सऊदी अरब में 11 लोग घायल हुए हैं। कई स्थानों पर आग लगने से व्यापक नुकसान हुआ और सुरक्षा एजेंसियों ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया।

# फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत समेत 38 लोगों पर एफआईआर

- लूट और जानलेवा हमले के आरोप
- पत्नी-बेटे और बहन भी नामजद

**समृद्धि न्यूज, कासगंज।**

फर्रुखाबाद से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कासगंज जिले के सहावर थाने में सांसद समेत उनके परिवार के सदस्यों, सुरक्षा गार्डों और अन्य लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है।



पुलिस के अनुसार, गांव लक्ष्मीपुर निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह की शिकायत पर सांसद मुकेश राजपूत, उनकी बहन रीना राजपूत, पत्नी सौभाग्यवती, पुत्र अर्पित और अंकित, सुरक्षा गार्डों समेत कुल 38 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर हमला, लूट और जान से मारने की धमकी जैसी धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### परिषदीय स्कूलों में इसी माह शुरू होंगे बैगलेस-डे



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को रचनात्मक और व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए इसी महीने से बैगलेस डे की शुरुआत की जाएगी। इस पहल के तहत बच्चों को सप्ताह में एक दिन बिना बैग के स्कूल आने का अवसर मिलेगा, जहां पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखने का मौका मिलेगा। बैगलेस डे के दौरान विद्यार्थियों को खेल-कूद, कला, हस्तकला, स्थानीय कौशल, प्रयोगात्मक गतिविधियों और व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना है।

# दाल ही नहीं, पूरी दाल काली : राहुल

- ई 20 पेट्रोल पर राहुल गांधी ने बोला हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ई-20 पेट्रोल के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में बड़े स्तर पर अनियमितताएं की जा रही हैं और इसे संसद समेत अन्य मंचों पर उठाया जाएगा।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि ई-20 पेट्रोल को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ दाल में काला होने का मामला नहीं है, बल्कि पूरी दाल ही काली है।



उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर देश को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि ई-20 पेट्रोल लागू करने के पीछे की प्रक्रिया और इसके प्रभावों को लेकर पारदर्शिता की कमी है। गौरतलब है कि ई-20 पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल का मिश्रण होता है। सरकार इसे पेट्रोलियम आयात कम करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताती रही है।

### अमेरिका की नई परमाणु नीति

# छोटे एटमबम का युद्ध में होगा अब इस्तेमाल

- रूस-चीन से टकराव के बीच विशेषज्ञों ने जताई चिंता

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**

रूस और चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका अपनी परमाणु नीति में बदलाव की तैयारी कर रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, पेंटागन ऐसी रणनीति पर काम कर रहा है, जिसमें बड़े परमाणु हथियारों के साथ छोटे परमाणु हथियारों यानी टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपन के इस्तेमाल का विकल्प भी शामिल होगा।

अमेरिकी रक्षा नीति से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि भविष्य में किसी बड़े सैन्य टकराव की स्थिति में केवल बड़े परमाणु हमले या फिर कोई जवाबी कार्रवाई नहीं करने के बीच सीमित विकल्प होना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए छोटे परमाणु हथियारों को रणनीति में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। टैक्टिकल न्यूक्लियर हथियार कम क्षमता वाले परमाणु हथियार होते हैं। इन्हें पूरे शहरों को नष्ट करने के बजाय सीमित सैन्य लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए तैयार किया जाता है।



**प्रतिक्रिया**

### मोहन भागवत के बयान पर अभिजीत दीपके की भाजपा को नसीहत

# युवाओं को देश विरोधी कहना बंद करें, संघ प्रमुख की बात मानें

**एजेंसी, छत्रपति संभाजीनगर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के जेन-जी को लेकर दिए गए बयान पर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें मोहन भागवत की बातों को गंभीरता से सुनना चाहिए।

अभिजीत दीपके ने कहा कि मोहन भागवत का यह बयान महत्वपूर्ण है कि जेन-जी पीढ़ी ईमानदार है और देशभक्ति की भावना रखने वाली पीढ़ी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्र विरोधी कहना उचित नहीं है और लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाना उनका अधिकार है।

दीपके ने कहा कि मोहन भागवत भाजपा के मार्गदर्शक माने जाते हैं, इसलिए पार्टी नेताओं को उनके संदेश को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं के आंदोलनों को गलत नजरिए से देखने के बजाय उनकी समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए।

### 12 युवा चेहरे थामेंगे सीजेपी की कमान

सीजेपी ने फिलहाल चुनावी राजनीति में उतरने के बजाय एक प्रेशर ग्रुप के रूप में काम करने का फैसला किया है। संगठन ने अपनी 12 सदस्यीय कोर टीम का ऐलान किया। खास बात यह है कि इस टीम में शामिल सभी सदस्य 35 साल से कम उम्र के हैं और अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। सीजेपी की कोर टीम में वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, इंजीनियर, पत्रकार और अन्य पेशेवर युवा शामिल हैं। संगठन का दावा है कि यह टीम युवाओं से जुड़े मुद्दों, शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता और व्यवस्था सुधार जैसे विषयों को लेकर देशभर में अभियान चलाएगी। अगले महीने से कोर टीम के सदस्य देश के अलग-अलग हिस्सों का दौरा कर लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को सामने लाने का प्रयास करेंगे। हालांकि पार्टी ने साफ किया है कि फिलहाल उसका लक्ष्य चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि सरकारों पर जनहित के मुद्दों को लेकर दबाव बनाना है।



> युवाओं के आंदोलनों को गलत नजरिए से देखने के बजाय उनकी समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए।
>
> **अभिजीत दीपके, सीजेपी संस्थापक**



उन्होंने आरोप लगाया कि पहले कुछ भाजपा नेताओं की ओर से युवाओं के प्रदर्शनों को लेकर कड़े बयान दिए गए थे। ऐसे में अब जरूरत है कि युवाओं के प्रति सोच में बदलाव लाया जाए।

अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाओं का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसी भी वीडियो या दावे की सच्चाई जांचे बिना किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंदोलन या प्रदर्शन से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच जरूरी है, ताकि सही और गलत की पहचान हो सके। झारखंड में चल रहे प्रदर्शनों को लेकर दीपके ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले युवाओं का समर्थन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज सुनी जानी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाना चाहिए।

मोहन भागवत के जेन-जी को लेकर दिए बयान के बाद यह मुद्दा राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गया है। जहां इसे युवाओं के प्रति सकारात्मक संदेश बताया जा रहा है, वहीं विपक्षी नेताओं ने इसे भाजपा के लिए आत्ममंथन का विषय बताया है।

# पारा हाजी-बाजपुर घाट के बीच 9.02 करोड़ से बनेगा सेतु

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढेमा के पारा हाजी गांव सहित आसपास के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने की दिशा में बढ़ गई है। शुक्रवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र यादव ने विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ पारा हाजी से बाजपुर घाट के बीच बनने वाले बहुप्रतीक्षित सेतु का शिलान्यास किया। करीब 9.02 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए आवागमन की नई राह खोलेगा।

इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र की कई अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। इनमें अशरफपुर-गोड़ियन पुरवा मिसिंग लिंक मार्ग, बेलपुर-गोड़ियन पुरवा संपर्क मार्ग, मवई-अशरफपुर से



## विधायक रामचंद्र यादव ने किया शिलान्यास

अनारपट्टी वाया बेलपुर संपर्क मार्ग, पारा हाजी संपर्क मार्ग, लखनऊ-फैजाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-28 से सड़वाभेलू-सिन्नी-ढेमा मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य तथा गढ़ी बठौली संपर्क मार्ग शामिल हैं।

पारा हाजी और बाजपुर घाट के बीच पुल निर्माण की घोषणा से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से नदी पार कर आवागमन करना बड़ी चुनौती बना हुआ था। बरसात के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। लोगों को स्कूल, अस्पताल, बाजार, तहसील और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। किसानों को भी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कहा कि पुल निर्माण की मांग लंबे समय से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष उठाई जाती रही थी। अब शिलान्यास होने से उम्मीद जगी है कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होगा और क्षेत्र के लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने इसे केवल एक पुल नहीं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की नई शुरुआत बताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनंदन चौरसिया, गन्ना समिति के चेयरमैन निर्मल शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्यामजी कौशल, जिला महामंत्री कुलदीप मौर्य, महामंत्री अखिलेश रावत, सर्जन लाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम कैलाश कनौजिया, मंडल मंत्री विधि चंद्र कौशल, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप मिश्रा, विनोद बाबा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए असंद्रा कोतवाली प्रभारी, दिलावलपुर चौकी प्रभारी तथा पुलिस बल तैनात रहा।

### एक ही पुल का दो बार हुआ शिलान्यास, क्षेत्र में बनी चर्चा

पारा हाजी-बाजपुर घाट सेतु का शिलान्यास पिछले लगभग 15 दिन के भीतर दूसरी बार हुआ है। इससे पहले दरियाबाद विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने बाजपुर गांव की ओर से विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ इस परियोजना का शिलान्यास किया था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और विकास को नई गति मिलेगी। शुक्रवार को अयोध्या जनपद की रुदौली विधानसभा के विधायक रामचंद्र यादव ने भी दूसरी ओर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इसी सेतु का शिलान्यास किया। एक ही परियोजना के दो अलग-अलग जनप्रतिनिधियों द्वारा अलग-अलग स्थानों से किए गए शिलान्यास की चर्चा पूरे क्षेत्र में बनी रही। हालांकि दोनों कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने इस पुल को क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# सरकार किसानों की आय में करेगी वृद्धि : रामदेव

## कृषि विज्ञान केंद्र में गोष्ठी व भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

**हैदरगढ़-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ में गुणवत्ता युक्त पान गोष्ठी एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए सतत प्रयासरत है। किसानों की आय कैसे बढ़े इसके लिए उन्हें सामयिक सलाह के साथ ही खाद-बीज का उपयोग, आधुनिक खेती, फसल चक्र परिवर्तन से लाभ इत्यादि की जानकारी दी जाती है। शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ उठाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को खेती किसानी के लिए केसीसी के माध्यम से खाद बीज के लिए ऋण की सुविधा दी जा रही है, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराई जाती है।

किसान भाई लाभकारी फसलों की खेती करें, योजनाओं का फायदा उठाएं और फसल बेचने के बाद अपने कृषि ऋण को चुकता कर दें। इस अवसर पर आधुनिक कृषि तकनीक गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रभावी उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा राम तीरथ वर्मा महामंत्री संतोष श्रीवास्तव सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में महिला गम्भीर रूप से घायल



**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर मे शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे मे 40 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। भौरहा गांव के पास बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से यह हादसा हुआ। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, घुंघटेर थाना क्षेत्र के अटहरा गांव निवासी कृष्णावती 40 पत्नी हनुमान प्रसाद अपने बेटे के साथ बड्डूपुर से दवा लेकर वापस लौट रही थीं। दोपहर करीब 2:50 बजे उनकी बाइक भौरहा गांव के पास पहुंची थी। इसी दौरान अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया।कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक चला रहे बेटे ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे बाइक पर पीछे बैठी कृष्णावती का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर गईं हादसे में कृष्णावती के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उनके बेटे ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को निजी वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी फतेहपुर ले गए। सीएचसी फतेहपुर में तैनात चिकित्सक डॉ हिमांशु ने कृष्णावती का परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि महिला के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज और जांच के लिए उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया है। परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल रवाना हो गए है।

### शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार उसके कब्जे से चोरी की जंजीर,अंगूठी व नकद 5,700 रूपये धनराशि बरामद की गई है।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त चन्दू पुत्र बृजबिहारी निवासी ममदापुर थाना थानगाँव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित एक अदद सफेद धातु की जंजीर, एक अदद सफेद धातु की अंगूठी तथा कुल 5,700/ रुपये नकद बरामद किए गए।अन्य वांछित अभियुक्त राकेश कोरी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अपने अन्य साथी राकेश कोरी के साथ मिलकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई स्थानों पर चोरी की है।

### तालाब की जमीन से हटाया अवैध कब्जा



**बहराइच।** जिले की नानपारा तहसील में प्रशासन ने तालाब की सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटा दिया। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई में बुलडोजर का उपयोग कर अवैध रूप से निर्मित एक दीवार को ध्वस्त किया गया। यह अतिक्रमण नानपारा कोतवाली क्षेत्र के रजवापुर गांव में किया गया था। कुछ लोगों ने तालाब की भूमि पर पक्का निर्माण कर लिया था। स्थानीय निवासियों ने इसकी शिकायत एसडीएम प्रकाश सिंह से की थी। शिकायत की जांच के बाद तथ्य सही पाए गए। इसके बाद नायब तहसीलदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। उप जिलाधिकारी नानपारा ने बताया कि क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि वे स्वयं अवैध कब्जे हटा लें, अन्यथा प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में ट्रैफिक पुलिस सख्त, 10 वाहन सीज



**बहराइच।** यातायात पुलिस ने शुक्रवार सुबह से चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान 753 वाहनों का चालान किया और 10 वाहनों को सीज कर दिया। यह अभियान जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में यह अभियान लगातार जारी है। नियमों का पालन न करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 10 लाख 29 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यातायात प्रभारी रामप्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और वाहनों पर गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नियमों की अनदेखी करने पर 10 वाहनों को सीज करने की कार्यवाही भी की गई। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को रोका जा सकेगा।

# सरयू की बाढ़ से घिरे गांवों में प्रशासन अलर्ट

## एसडीएम ने नाव से किया निरीक्षण, 3 हजार लंच पैकेट वितरित

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**



सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित रामसनेहीघाट तहसील के गांवों में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम रामसनेहीघाट बृजेंद्र उपाध्याय ने तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार सूर्यपुर उमेश प्रसाद द्विवेदी तथा राजस्व टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत कार्यों का जायजा लिया।

एसडीएम ने जलभराव वाले क्षेत्रों के लोगों से सुरक्षित स्थानों या बाढ़ शरणालयों में जाने की अपील की तथा राजस्व एवं विकास विभाग के कर्मचारियों को राहत कार्यों में पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने करीब 3,000 लंच पैकेट और पका हुआ भोजन वितरित कराया। एसडीएम ने भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुए निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग को प्रभावित गांवों में दवाओं, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं सुचारु रखने के निर्देश दिए गए।

# सांसद के चित्र के अपमान पर सपा का प्रदर्शन

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद के चित्र के साथ कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में कृष्णा मैरिज लॉन परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे को सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में सपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद अवधेश प्रसाद लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं। उनके चित्र पर चप्पलों से प्रहार किए जाने की कथित घटना न केवल एक सांसद का अपमान है,



बल्कि दलित समाज की भावनाओं को भी आहत करने वाली है। पार्टी ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं हैं। सपा नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से किसानों की खाद संकट का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि खरीफ सीजन के बीच किसान सुबह से शाम तक सहकारी समितियों और खाद वितरण केंद्रों पर लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। पर्याप्त खाद उपलब्ध न होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व सपा नेता उमानाथ यादव ने किया। इस दौरान अखिलेश वर्मा, जेसीराम रावत, संजय कश्यप, शिवम पटेल, सोनू कनौजिया, रमेश वर्मा, प्रेम नारायण यादव, बृजकिशोर वर्मा, संदीप यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया। बाद में नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन प्राप्त किया।

### उसरा की छात्रा अरुणिमा यादव सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, कैसरगंज-बहराइच।** गोंडा स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 5 अगस्त को आयोजित हुई मंडलीय माध्यमिक विद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता में बहराइच की टीम ने परचम लहराया है। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में कुरसंडा गांव निवासी और युसरा इंटर कॉलेज सोनारी चौराहा की कक्षा 11 की छात्रा अरुणिमा यादव पुत्री स्वामी दयाल ने बहराइच का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अरुणिमा के बेहतरीन खेल की बदौलत बहराइच की टीम ने मंडल स्तर पर शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रशासन और स्थानीय क्षेत्र में खुशी की लहर है। मंडल स्तर पर मिली इस बड़ी कामयाबी के बाद जिला स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी बैडमिंटन टीम को खेल उपहार देकर सम्मानित किया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा के घर और स्कूल में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# घर में घुसा तेंदुआ, सो रही महिला पर किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की सुजौली रेंज अंतर्गत धनियाबेली गांव में देर रात एक तेंदुआ घर में घुस आया। तेंदुए ने घर में सो रही 26 वर्षीय लाली देवी पर हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर परिजन जाग गए। परिजनों ने शोर मचाकर तेंदुए को भगाया

लाली देवी रात में अपने घर में सो रही थीं। इसी दौरान तेंदुआ घर में घुस आया और उन पर हमला कर दिया। महिला ने खुद को बचाने के लिए कुछ देर तक संघर्ष किया। उनकी चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने शोर मचाया और हाका लगाया। लोगों की आवाज और हलचल के बाद तेंदुआ वहां से भाग गया। घटना के बाद



- चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने संघर्ष कर तेंदुए को भगाया
- घायल महिला अस्पताल में भर्ती

परिवार में दहशत का माहौल है।

घटना की सूचना मिलते ही वन दरोगा अनिल पटेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों की मदद से घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने लाली देवी को सीएचसी मोतीपुर रेफर कर दिया।

### ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की

तेंदुए के घर में घुसकर महिला पर हमला करने की घटना के बाद ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### रात में अकेले बाहर न निकलने की अपील

वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से रात के समय विशेष सतर्कता बरतने और अकेले घर से बाहर न निकलने की अपील की है। वन दरोगा अनिल पटेल ने घायल महिला के परिवार को आर्थिक सहायता के तौर पर 3 हजार रुपए नकद भी दिए।

# यूरिया, साइकिल के साथ चार नेपाली गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी ने भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ी कार्रवाई की है। बल ने 17 बोरी यूरिया उर्वरक और 6 साइकिलों के साथ चार नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नानपारा के सीमा चौकी बाधापुरवा और एफ समवाय मुख्यालय लौकाही की संयुक्त गश्ती टीम ने की। स्थानीय सूत्रों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर, गश्ती टीम ने लगभग 12:15 बजे सीमा चौकी बाधापुरवा के कार्यक्षेत्र में भदा नदी के पास गश्त की।

यह स्थान सीमा स्तंभ संख्या 669/25 से लगभग 1.5 किलोमीटर भारतीय सीमा के भीतर है। टीम ने छह व्यक्तियों को अवैध रूप से भारत से नेपाल की ओर यूरिया ले जाते हुए देखा।



## सशस्त्र सीमा बल ने भारत-नेपाल सीमा पर की कार्रवाई

जवानों ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए मौके पर ही चार तस्करों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए नेपाली नागरिकों की पहचान राम भरोस चौधरी (46 वर्ष), निवासी खुंटीपुर, वार्ड नं. 11, जिला बर्दिया, नेपाल; विकाश थारू (25 वर्ष), निवासी बंगुसरी, वार्ड नं. 05, जिला बर्दिया, नेपाल; अनिल कुमार थारू (30 वर्ष), निवासी परसिया, वार्ड नं. 10, जिला गुलरिया, नेपाल; और निरंजन थारू (21 वर्ष), निवासी बंगुसरी, वार्ड नं. 05, जिला बर्दिया, नेपाल के रूप में हुई है। बरामद यूरिया, साइकिलें और गिरफ्तार किए गए चारों व्यक्तियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय, मिहींपुरवा, जनपद बहराइच को सौंप दिया गया है। प्रत्येक यूरिया बोरी का वजन 45 किलोग्राम है। 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी और अन्य सीमा पार अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार सतर्क और प्रतिबद्ध है।

# जमकर हुई मारपीट, विडियो वायरल

## लाठी-डंडे लेकर किया हमला पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। यह घटना गुरुवार को गढ़वा इलाके में आपसी विवाद के बाद हुई थी, जिसमें दोनों पक्ष लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला करते दिखे।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब चार बजे मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान सड़क किनारे करीब बीस मिनट तक मारपीट होती रही। रास्ते से गुजर रहे एक युवक ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो शुक्रवार सुबह



वायरल हो गया। रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह ने बताया कि गुरुवार को दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी।

शुक्रवार को थाने में इस संबंध में तहरीर मिली है, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बच्चों को ज्ञान का पिटारा से किया जागरूक

## रामनगर सेमरा में एजुकेट गर्ल्स एनजीओ ने किया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

रामनगर सेमरा में शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज प्रथम में ज्ञान का पिटारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एजुकेट गर्ल्स एनजीओ ने बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर एक विद्या सभा का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावक, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य, विद्यालय के शिक्षक और पंचायती राज संस्था (पीआरआई) के सदस्य शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य ज्ञान का पिटारा कार्यक्रम में सभी हितधारकों के



सहयोग को सुनिश्चित करना था। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कक्षा 3, 4 और 5 के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। इसका लक्ष्य बच्चों को खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सिखाना है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में सुधार हो सके।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सीखने के अंतर (लर्निंग गैप) को कम करना और उनकी विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना भी है। सभी हितधारकों और अभिभावकों ने अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने एजुकेट गर्ल्स संस्था के इस प्रयास की सराहना भी की। बैठक का आयोजन एजुकेट गर्ल्स संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक राजित राम यादव और विद्यालय के सभी अध्यापकों द्वारा किया गया।

इस दौरान प्रधानाध्यापिका सालमा बेगम, शिक्षिका रीना सिंह, मंसूर अहमद तथा अभिभावक शाबरा, गुड़िया, मेहरूल्ला बेगम, सुंदरी देवी और इस्लामुन सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला थाना की काउंसलिंग से बसा उजड़ता परिवार

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना की प्रभावी काउंसलिंग से एक दंपत्ति के टूटते रिश्ते को नया जीवन मिला। महिला उपनिरीक्षक दीपिका गुप्ता ने पारिवारिक विवाद में दोनों पक्षों की धैर्यपूर्वक सुनवाई कर आपसी संवाद स्थापित कराया, जिसके बाद पति-पत्नी ने सभी मतभेद भुलाकर साथ रहने पर सहमति जताई। महिला थाना में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों एवं उनके परिजनों को बुलाकर विस्तार से बातचीत की गई। काउंसलिंग के दौरान वैवाहिक जीवन में उत्पन्न विवादों के कारणों पर चर्चा करते हुए आपसी विश्वास और पारिवारिक समन्वय का महत्व समझाया गया। सकारात्मक प्रयासों का परिणाम यह रहा कि दंपत्ति के बीच सुलह हो गई और दोनों ने खुशी-खुशी साथ रहने का निर्णय लिया। सुलह के बाद दंपत्ति एवं उनके परिजनों ने अम्बेडकरनगर पुलिस और महिला थाना टीम का आभार व्यक्त किया। काउंसलिंग की पूरी प्रक्रिया महिला उपनिरीक्षक दीपिका गुप्ता एवं महिला आरक्षी रुचि की उपस्थिति में संपन्न हुई।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पूर्व मंत्री हनुमंत सिंह को दी श्रद्धांजलि

## परिजनों से मिलकर जताया शोक

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय हनुमंत सिंह के शारदा कुंज स्थित आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्वर्गीय हनुमंत सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने स्वर्गीय हनुमंत सिंह के भाई शिव प्रताप सिंह एवं पुत्र अखिलेश सिंह (गुड्डू) से भेंट कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हनुमंत सिंह का सार्वजनिक जीवन और समाज के प्रति उनकी सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। उनके निधन से क्षेत्र और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओवर ब्रिज बलरामपुर श्रावस्ती बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग का हुआ भूमि पूजना

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र सदर अंतर्गत बलरामपुर-श्रावस्ती- बहराइच एनएच 730 पर गोंडा बलरामपुर रेलवे मार्ग (रेलवे क्रॉसिंग) पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन समारोह एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर में संपन्न हुआ भूमि पूजन सदर विधायक पलटू राम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ किया गया।

इस अवसर पर सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र वासियों की लंबी समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग थी, रेलवे उपगामी सेतु (ओवर ब्रिज) के निर्माण से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी तथा नागरिकों को सुरक्षित सुगामी और निर्वाण अवगमन की सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही व्यापार शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक आवश्यकताओं तक पहुंचाने और अधिक आसानी होगी कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह (धीरू) उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम के अधिकारी जनप्रतिनिधि गण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे उत्तर प्रदेश राज्यसेतु निगम लिमिटेड द्वारा निर्मित की जाने वाली यह परियोजना लगभग 1.13 किलोमीटर लंबी है जिसकी स्वीकृति लागत लगभग 292.21 करोड़ है



परियोजना के लिए प्रथम चरण में 90 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई जा चुकी है सेतू निर्माण पूर्ण होने के उपरांत राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर यातायात अधिक सुरक्षित तेज व निर्वाण होगा तथा रेलवे फाटक बंद रहने के कारण होने वाली आवश्यक अनावश्यक प्रतीक्षा और जाम की समस्या का अस्थाई समाधान होगा भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के साथ एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक आवश्यता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी कार्य निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता सुरक्षा मानव को तथा तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि जनपद वासियों को एक टिकाऊ एवं आधुनिक आधारभूत संरचना उपलब्ध हो सके यह रेल उदगमी सेतु न केवल यातायात व्यवस्था को सिद्ध करेगी बल्कि जनपद बलरामपुर के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्रदान करेगा परियोजना पूर्ण होने की बात बलरामपुर श्रावस्ती बहराइच एवं आसपास के क्षेत्र के लाखों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा यह माल वाहक एवं सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सम्मिलित रहे ।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. जुनैद को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**श्रीमती नूर जहां पत्नी स्व. जब्बार, मोहल्ला हुज्जाजी पूर्वी-2, कस्बा, थाना व पोस्ट देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी।**

# सपा की विकास में कोई रुचि थी ही नहीं : योगी

- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर मुख्यमंत्री ने बुनकरों को किया सम्मानित
- बुनकरों व लाभार्थियों को वितरित किए चेक



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस-2026 के अवसर पर शुक्रवार को यहां लोकभवन में हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उत्कृष्ट बुनकरों को संत कबीर राज्यस्तरीय हथकरघा पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना और झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना के लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उप्र के अंदर यह सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है। इन सभी एमएसएमई उत्पाद का रजिस्ट्रेशन के साथ पांच लाख सुरक्षा बीमा का कवर भी दिया है। अगर कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसे पांच लाख रुपये मिल जाएगी। यह साल 2017 से पहले भी होनी चाहिए थे। भाई - भतीजों में उलझी उस समय की सरकारों के पास फुर्सत कहां थी।

योगी ने कहा कि जिन स्कूलों में गरीब के बच्चे पढ़ते थे, उन बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों का बुरा हाल था। न शिक्षक था। न भवन था। शौचालय, पेयजल की व्यवस्था भी नहीं थी।

आज बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पीने के लिए पानी की व्यवस्था है। बच्चों को स्कूल ड्रेस, जूते, मोजे, बैग, कॉपी और किताबें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन लोगों (समाजवादी पार्टी) की विकास में कोई रुचि थी ही नहीं। जो थी, उसमें लूटखसोट शुरू होती थी। खानदान के लोग लूट के लिए जुट जाते थे कि कौन कितना लूट ले। महिलाओं के लिए खतरा वे स्वयं बने हुए थे। इस क्षेत्र में 70 फीसदी महिलाएं ही काम कर रही हैं।

### आपके हितों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज आप सबको आश्वस्त करता हूं कि यह डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आपके हितों को संरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मै विभाग से इस बारे में कहूंगा कि हमारे हस्तशिल्प और कारीगरों द्वारा जो उत्पाद तैयार किया गया है या किया जाता है तो उसे तकनीक और डिजाइन के साथ जोड़े। बाजार की मांग के हिसाब से उत्पाद तैयार करने में मदद करें। उन्होंने आम अपील की कि हम सब अपने कारीगरों द्वारा उत्पाद ही अपने चहेतों को भेंट करें।

# छात्रों को प्राप्त होंगे रोजगार के अवसर : जयवीर

- प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैंनेजमेंट अलीगढ़ के उच्चीकृत, स्थापना के लिए 4946.87 लाख रूपये की लागत की योजना क्रियान्वित की जा रही है। संस्थान के निर्माण हो जाने के पश्चात प्रतिवर्ष लगभग 1700 ये अधिक युवक युवतियों को परास्नातक डिग्री, परास्नातक डिप्लोमा, स्नातक डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों को मिलाकर 17 प्रकार के कोर्सों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैंनेजमेंट गोरखपुर परिसर में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ से संबंधित आवास के निर्माण के लिए 4681.64 लागत की योजना क्रियान्वित की जा रही है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित लघु अवधि के कौशल विकास व हुनर से रोजगार तक कार्यक्रम के अंतर्गत अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित कर कुशल बनाया जाएगा। गोरखपुर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैंनेजमेंट से पूर्वांचल एवं प्रदेश के दूसरे हिस्सों से आए छात्र-छात्राओं को हॉस्टल आदि की सुविधा सुलभ हो जाने से पठन-पाठन में आसानी होगी। यहां से निकलने वाले छात्र-छात्राएं पर्यटन सहित विभिन्न सेवा क्षेत्रों से जुड़कर रोजगार पाएंगे।

राज्य सरकार पर्यटन के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इसी दृष्टिकोण से प्रदेश के समस्त जनपदों में सांस्कृतिक विरासत जुड़े स्थलों का सौंदर्यीकरण कर बुनियादी सुविधाएं बेहतर की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### चिकित्सक से चेन स्नेचिंग, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडम्बा थाना क्षेत्र में शुक्रवार भोर में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक चिकित्सक के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर बाइक सवार लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकीपुरम सेक्टर जे में रहने वाले डॉ. पवन कपूर रोजाना की तरह शुक्रवार को भोर में घर से निकलकर जनता इंटर कॉलेज के पास टहल रहे थे। इसी दौरान एक दोपहिया वाहन पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीनकर मौके से फरार हो गए। चोर हेलमेट पहन रखे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आस-पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का भी गहन परीक्षण किया। थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़ित से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त वाहन एवं अभियुक्तों की पहचान के लिए आस-पास के मार्गों के अन्य सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध तथ्यों का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। शीघ्र ही घटना का सफल अनावरण किया जाएगा।

### यूजीसी नियमों को वापस लेने की मांग

**लखनऊ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रस्तावित नियमों को वापस लेने की मांग की है। महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर और चयन प्रक्रिया निष्पक्ष होनी चाहिए। इस संबंध में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी 13 सितंबर को बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित होटल परमवीर सभागार में आयोजित होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह ने कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान कर दी है। लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा भारत के संविधान का अनुच्छेद 14 समानता का अधिकार देता है, लेकिन आज देश में हर राजनीतिक दल के निशाने पर अगड़ा समाज, खासकर क्षत्रिय वर्ग है। उन्होंने इस सिलसिले में 20 सितंबर को आगरा में होने वाले शक्ति सम्मेलन की भी जानकारी दी और कहा कि यह सनातन संस्कृति को बचाने हेतु ऐतिहासिक खुला अधिवेशन शक्ति सम्मेलन होगा। इस दौरान खाड़ी से पहाड़ी तक सामूहिक एकता का अभियान चलेगा। बैठक में मुख्य मुद्दे आरक्षण सिर्फ गरीबों को मिले, यूजीसी के प्रस्तावित नियम वापस हो, 50 वर्ष आयु वाले गरीबों को आयुष्मान कार्ड सुविधा मिले, ईडब्ल्यूएस में सुधार तथा एससी, एसटी ऐक्ट के दुरुपयोग पर रोक पर चर्चा हुई। राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि पद और कद का उपयोग तभी है जब हम लक्ष्य पर निकलें। प्रधानमंत्री मोदी भी आत्मनिर्भर बनने की सलाह देते हैं। अब देशवासियों को आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए, इस पर मंथन होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राष्ट्रीय संगठन मंत्री पंकज सिंह, पप्पू सिंह, मदन प्रसाद सिंह, सुनील कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों से 13 सितम्बर को वीरों की धरती, बिहार पधारने की अपील की है।

### अभ्यर्थियों को संस्थान व ट्रेड विकल्प बदलने का मौका

**लखनऊ।** राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संस्थान और ट्रेड के विकल्प बदलने, बढ़ाने का अवसर प्रदान किया है।व्यावसायिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं एससीवीटी के अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया,राज्य में आईटीआई में प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जुलाई 2026 से जारी है। डीजीटी भारत सरकार से प्राप्त डायनेमिक सीट मैट्रिक्स के आधार पर पोर्टल पर सीटें प्रदर्शित की गई हैं। कुछ संस्थानों द्वारा पूर्व में मैप किए गए एनसीवीटी व्यवसायों की यूनिटों सीटों को अनमैप किए जाने के कारण एससीवीटी पाठ्यक्रम में परिवर्तित किया गया है, एससीवीटी पाठ्यक्रमों की सीटों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं संस्थानों द्वारा छूटी हुई मैपिंग को पूरा करने से एनसीवीटी पाठ्यक्रमों में भी सीटें बढ़ी हैं।

### समाज को मजबूत बनाने में महिलाओं का योगदान बराबर




**लखनऊ।** अलका स्मृति दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संस्था की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर दहेज की बलि चढ़ी महिलाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद घरेलू कामकाजी महिलाओं को धूप और बरसात से बचाव के लिए छाते वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने घरेलू कामकाजी महिलाओं को छाते वितरित करते हुए कहा कि घरों में काम करने वाली महिलाओं का योगदान किसी भी स्तर पर कम नहीं है। वे परिवार और समाज के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करती हैं और आर्थिक रूप से भी परिवार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और उनकी सुरक्षा समाज की जिम्मेदारी है। महिला सशक्तिकरण से ही एक मजबूत और विकसित समाज का निर्माण संभव है।

# पूरे ब्राह्मण समाज को अपमानित करना उचित नहीं : बृजेश

- जनेश्वर की जयंती पर हुई नाटकबाजी
- मिश्र की आत्मा आज दुःखी होगी
- ब्राह्मण समाज की गरिमा न गिराने की दी नसीहत



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्हें ब्राह्मण वोट के लिए जनेश्वर मिश्रा याद आते हैं और राज करने के लिए सिर्फ अपना परिवार। ब्राह्मण वोट दें, इन्हें गद्दी दिलाएं और ये उस पर अपने परिवार की खड़ाऊँ रखकर राज करेंगे।

अच्छा होता कि जनेश्वर मिश्रा की जयंती का सदुपयोग उनके व्यक्तित्व और उनके समाजवादी विचार से अवगत कराने के लिए किया गया होता। जनेश्वर के बारे बताने से ज्यादा मुझे कोसा गया। दुनिया को ज्ञान का प्रकाश देने वाले ब्राह्मणों को याचकों की भांति अपमानित किया गया। यह सब नाटक देखकर जनेश्वर की समाजवादी आत्मा यकीनन दुःखी होगी और सोच रही होगी कि यह सब करने के लिए मेरी ही जयंती मिली थी।

बृजेश पाठक ने कहा कि चंद टिकटार्थियों के कारण आज पूरे ब्राह्मण समाज को अपमानित करना उचित नहीं। मुझे चाहे जितनी गालियां दीजिए पर ब्राह्मण समाज की गरिमा न गिराइए। उन्होंने कहा कि ये एक ऐसी समाजवादी पार्टी (सपा) है जो रामायण मेला के संकल्पक क्रांतिधर्मी चिंतक राममनोहर लोहिया और छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के दिखाए समाजवाद के पथ, आदर्श और संस्कारों से पूर्णतया भटक चुकी है।

डॉ. लोहिया संसद और विधान सभाओं को सार्थक परिणामों वाली बहस का मंच बनाना चाहते थे, अटलजी उनका पूरा सहयोग करते थे। यायावरी प्रकृति के होने के बावजूद लोहिया संसद सत्र के दौरान पूरा समय बहस व संसदीय संवादों को देते थे। छोटे लोहिया जनेश्वर ने इस परम्परा को बढ़ाया। उन्होंने हमेशा समकालीन आंदोलनों की अगुवाई की लेकिन संसद सत्र के दौरान चर्चाओं को प्राथमिकता देते थे। सत्र बाधित नहीं करते थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज के सपाई दिल्ली और लखनऊ में जनता के सवालों को सत्र में उठने तक नहीं देना चाहते।

### केजीएमयू में पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से, उपमुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग आज से शताब्दी फेज-2 अस्पताल के ऑडिटोरियम में दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पीएच समिट लखनऊ 2026 का आयोजन करेगा। एडवांसिंग डायग्नोसिस, थेराप्यूटिक्स एंड आउटकम्स थीम पर आधारित इस समिट में देश और दुनिया भर के नामचीन चिकित्सा विशेषज्ञ पल्मोनरी हाइपरटेंशन के शुरुआती निदान, आधुनिक इलाज और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने पर मंथन करेंगे। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# आपसी टकराहट ने डबल इंजन को ट्रबल इंजन बना दिया : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और गुजरात की भाजपा नीत सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपसी टकराहट ने डबल इंजन को ट्रबल इंजन बना दिया है।

सपा प्रमुख ने एक्स पर गोरखपुर में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बृहस्पतिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के उद्बोधन का एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद विश्वविद्यालय की समस्याओं का जिक्र करते हुए उसे तीन माह में ठीक करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। अखिलेश यादव ने राज्यपाल के भाषण के वीडियो का अंश साझा करने के साथ ही अपने पोस्ट में लिखा गोरखपुर मॉडल की पोल खोलते-खोलते तुलना के रूप में गुजरात मॉडल की घपलेबाजी की बात भी सामने आ गई। पोस्ट में उन्होंने कहा दोनों में जो बातें समान हैं वो ये हैं कि दोनों जगह भाजपाई सरकार है और भाजपाई महा-भ्रष्टाचार भी। यादव ने इसी पोस्ट में आरोप लगाया आपसी टकराहट ने तो डबल इंजन को ट्रबल इंजन बना दिया है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन अभियान में कक्षा 6 से करा सकेंगे पंजीकरण

- बच्चों की वैज्ञानिक सोच को मिलेगी उड़ान
- भारतीय वैज्ञानिक विरासत से जोड़ेगी यूपी सरकार



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने, विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने और भारतीय वैज्ञानिक विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चला रही है। इसी क्रम में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)-2026-27 प्रतियोगिता में प्रदेश के अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विज्ञान भारती (विभा) द्वारा आयोजित यह देश की सबसे बड़ी डिजिटल विज्ञान प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं में से एक है। इसके माध्यम से कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, अनुसंधान, नवाचार और शुद्ध विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ भारत की समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक उपलब्धियों से उन्हें परिचित कराया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### 30 सितंबर तक होंगे ऑनलाइन पंजीकरण

निर्देशों के अनुसार प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी 30 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। इसके लिए वीवीएम पोर्टल पर आवेदन की व्यवस्था की गई है। प्रति विद्यार्थी 200 रुपये का पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता से संबंधित दिशा-निर्देश, नियमावली, अध्ययन सामग्री और अन्य आवश्यक जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। सभी विद्यालयों को समयबद्ध ढंग से पात्र विद्यार्थियों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश हैं।भारतीय वैज्ञानिक विरासत और शुद्ध विज्ञान से जुड़ेंगे विद्यार्थीविद्यार्थी विज्ञान मंथन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति स्थायी रुचि विकसित करना है। इसके माध्यम से बच्चों को भारत की प्राचीन एवं आधुनिक वैज्ञानिक परंपरा, वैज्ञानिक उपलब्धियों, वैज्ञानिकों के योगदान तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की वैश्विक भूमिका से परिचित कराया जाएगा।

# संवेदनाओं से ओत-प्रोत हैं वस्त्र विधाएं : प्रो. आलोक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प की अनेक विधाओं के प्रदर्श प्रदर्शित किए गए कार्यक्रम का उद्घाटन ललित कला विभाग के प्रधानाचार्य एवं संकाय अध्यक्ष आचार्य डॉ. रतन कुमार एवं आचार्य आलोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानाचार्य डॉ. रतन कुमार जी ने बताया कि हमारे टेक्सटाइल विभाग के छात्रों ने लगातार उल्लेखनीय कार्य करते हुए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है हमारे छात्र अनेक संस्थाओं में टेक्सटाइल विभाग मे ऊंचे पदों पर कार्य करते हुए महाविद्यालय की गरिमा बढ़ा रहे हैं।

साथ ही प्रोफेसर आलोक कुमार ने बताया कि भारतीय वस्त्र विधाएं पूरी तरह भूली संवेदनाओं से ओतप्रोत है।

उद्घाटन करते हुए आचार्य आलोक कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय हस्तशिल्प सदैव दुनिया का आकर्षण रहा है और आज के डिजिटल युग में भारतीय संवेदनाओं इनके मोटिफ और प्रतीकों को लेकर अत्यधिक डिजाइन में मांग बढ़ी है और यह कहना गलत नहीं होगा कि युवाओं की पहली पसंद बनी है। कार्यक्रम के अतिथियों एवं गणमान्य विभूतियां में डॉ. पूनम जायसवाल, किरण आर्या जी, आचार्य रविकांत पांडे, श्री अमरनाथ गौर एवं सुमित कुमार सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर पूनम जायसवाल द्वारा किया गया।

### केजीएमयू में लगी आग बच्चों को दूसरे वार्ड में किया गया शिफ्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी केजीएफ के बाल रोग विभाग आपके पास आग लगने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में चार दर्जन बच्चों को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, सर्जरी विभाग स्थित पीडियाट्रिक सर्जरी यूनिट के पास स्विच बोर्ड में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। कुछ ही देर में धुआं पूरे वार्ड में फैलने लगा। धुआं भरते ही बच्चों के परिजनों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही केजीएमयू प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रवक्ता डॉ. के.के. सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिती को संभाला।

# कार में जिंदा जलकर युवक की मौत से हड़कंप

- एक अन्य घटना में कार में मिली युवक की लाश



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में एक युवक की कार में जिंदा जलकर मौत हो गई है। वहीं, आशियाना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव कार में मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसीपी विकास पाण्डेय ने बताया कि बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर सरैया बाजार स्थित वीरेंद्र धर्मकांटा के पास मारूति कार (यूपी 32 सीएस 0626) में अचानक आग लग गई। सूचना पाकर पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची तो कार पूरी तरह जल रही थी। आग बुझाकर जब कार की तलाशी ली गई तो ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति का पूरा जला हुआ शव मिला। फारेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य एकत्र किया। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने परिवार को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे घरवालों से पता चला है कि कार में जिस व्यक्ति की शव मिला है वह हमीदुल हक के बेटे विकासनगर खुर्रम नगर निवासी अलमास हक (32) के रुप में हुई है। एसीपी ने बताया कि कार में आग कैसे लगी है, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशियाना थाना क्षेत्र सालेह नगर चौराहे के पास एक कार (यूपी 33 बीबी 8989) में युवक की लाश मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार पिछले तीन दिनों से खड़ी है। गुरुवार देर रात को उसमें तेज दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसमें एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। मृतक की पहचान रायबरेली निवासी ज्ञानेंद्र सिंह (33) के रूप में हुई है। लखनऊ में पवनखेड़ा में किराये के मकान में रहने वाले सतीवेंद्र सिंह ने कार में मिली लाश की पहचान अपने भाई ज्ञानेंद्र के रूप में की है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

**सराहनीय** | पर्यटन से बदल रही हैंडलूम विलेज की तस्वीर

# महिला बुनकरों की आय में 40 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन अब केवल प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत तक सीमित नहीं है, बल्कि पारंपरिक हैंडलूम विलेज को भी पर्यटन का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर सामने आए आंकड़े बताते हैं कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की एग्री रूरल और गंगा ग्राम रूरल टूरिज्म परियोजनाओं के तहत हैंडलूम विलेज को पर्यटन से जोड़ने की पहल का सकारात्मक असर दिखने लगा है। इस मॉडल से जुड़ी महिला बुनकरों और कारीगरों की औसत आय में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुछ प्रमुख हैंडलूम क्लस्टरों में 70 प्रतिशत से अधिक बुनाई का कार्य महिलाएं संभाल रही हैं।

पर्यटन विभाग ने औरैया, वाराणसी, बांदा, चित्रकूट, लखीमपुर खीरी और बागपत के पारंपरिक हैंडलूम विलेजको ऐसे पर्यटन अनुभव के रूप में विकसित करना शुरू किया है, जहां पर्यटक केवल हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदते ही नहीं, बल्कि लाइव हैंडलूम बुनाई देखते हैं, बुनकरों से संवाद करते हैं, गांवों का भ्रमण करते हैं और स्थानीय संस्कृति को करीब से महसूस करते हैं। इससे बिचौलियों पर निर्भरता कम होने के साथ बुनकरों को सीधे ग्राहक मिलने लगे हैं।

### पर्यटन बढ़ा तो हैंडलूम विलेज तक पहुंचा बाजार

वाराणसी, चित्रकूट, बांदा, औरैया और बागपत जैसे पांच जिलों में, जहां प्रमुख हैंडलूम विलेज स्थित हैं, मई से जुलाई के बीच पर्यटकों की संयुक्त संख्या में लगभग 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे अधिक वृद्धि औरैया में लगभग 90 प्रतिशत, बांदा में करीब 49 प्रतिशत, वाराणसी में 36 प्रतिशत, चित्रकूट में 30 प्रतिशत और बागपत में 10 प्रतिशत से अधिक रही। अब विभाग की रणनीति इन स्थापित पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को आसपास के हैंडलूम गांवों और बुनकर बस्तियों तक ले जाने की है, ताकि पर्यटन का आर्थिक लाभ सीधे ग्रामीण कारीगरों तक पहुंचे।

### महिलाएं बनीं बदलाव की सबसे बड़ी ताकत

इस पहल का सबसे बड़ा लाभ महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला बुनकरों को मिला है। पहले जहां अधिकांश महिलाएं केवल घरेलू स्तर पर उत्पादन तक सीमित थीं, वहीं अब वे डिजाइन, गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण, ग्राहक संवाद और प्रत्यक्ष बिक्री जैसी गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। प्रशिक्षण, डिजाइन विकास, बाजार से जुड़ाव और व्यावसायिक क्षमता निर्माण ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नई गति दी है।


पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को स्थानीय हैंडलूम, हस्तशिल्प और महिला सशक्तीकरण से जोड़कर आत्मनिर्भर गांवों की मजबूत नींव तैयार की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जब पर्यटक सीधे बुनकरों तक पहुंचते हैं, तो महिलाओं को आय, पहचान और नए बाजार मिलते हैं, साथ ही प्रदेश की समृद्ध हस्तकरघा परंपरा को भी नई पहचान मिलती है। अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने कहा कि यह मॉडल पर्यटन, स्थानीय शिल्प और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक साथ मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उत्तर प्रदेश का यह मॉडल बताता है कि यदि पर्यटन को स्थानीय हैंडलूम, शिल्प, संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ा जाए, तो यह केवल पर्यटन उद्योग ही नहीं, बल्कि गांवों की आजीविका, महिला सशक्तीकरण और पारंपरिक बुनाई कला के संरक्षण का भी मजबूत माध्यम बन सकता है।

# रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष ने दिया इस्तीफा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

- डॉ. राय ने वर्तमान राजनीति पर व्यक्त की गहरी चिंता
- व्यवस्था परिवर्तन का जो सपना देखा गया था, वह आज भी अधूरा
- व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश होता है



राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने शुक्रवार को अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चौधरी जयंत सिंह को भेज दिया है। फिलहाल इस पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व या चौधरी जयंत सिंह की तरफ से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

डॉ. रामाशीष राय ने त्यागपत्र में वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। पत्र में उन्होंने लिखा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से प्रेरित होकर राजनीति में आए। व्यवस्था परिवर्तन का जो सपना देखा गया था, वह आज भी अधूरा है। भारतीय लोकतंत्र धीरे-धीरे धनबल और प्रभावशाली वर्गों के नियंत्रण में सिमटता दिखाई दे रहा है। समाज को जाति, उपजाति और संप्रदाय के आधार पर विभाजित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

अपने इस्तीफे में उन्होंने किसानों और नौजवानों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों का उल्लेख करते हुए डॉ.राय ने कहा कि वर्तमान में सार्वजनिक जीवन में उच्च स्थानों पर बैठे लोग सामाजिक विभाजन और जातीय उन्माद को बढ़ावा दे रहे हैं, जो देशहित के खिलाफ है।

उन्होंने अपने पत्र के अंत में लिखा कि व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश होता है। इसी वैचारिक और नैतिक कारणों से वे उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना त्यागपत्र दे रहे हैं।

# गर्रा पुल पर शव रखा ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर लगाया जाम

- एसपी ग्रामीण ने घंटों की मशक्कत के बाद समझा बुझाकर खुलवाया जाम
- अंतिम संस्कार के दौरान वीडियो बनाए जाने पर फिर हुआ बबाल

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**





चर्चित नबियापुर मामले में आरोपियों को जेल न भेजने का आरोप लगाते हुए मृतक के शव को ट्रेक्टर ट्रॉली पर लेकर परिजनों ने ग्रामीण की भीड़ के साथ तिलहर निगोही मार्ग स्थित गर्रा नदी के पुल पर भीषण जाम लगा दिए। इससे पूर्व ट्रेक्टर ट्रॉली को रोकने के दौरान आक्रोशित परिजनों की पुलिस से तीखी झड़प भी हुईं। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर कर जाम खुलवाया। इसके बाद अंतिम संस्कार की वीडियो बनाए जाने पर परिजनों ने फिर हंगामा की बमुश्किल अपरान्ह ढाई बजे उमेश के शव को दफनाए जाने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

गौर तलब है कि बीती पांच अगस्त को विर सिंह पुर चौकी क्षेत्र के गांव नबियापुर निवासी उमेश पुत्र स्व रघुवीर प्रसाद 25 का शव गांव के बाहर एक पेड़ पर लटका पाया गया था। सूचना पर सीओ विदुष सक्सेना व कोतवाल प्रिंस शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतक के परिजनों ने गांव के ही राममूर्ति व उनके चार बेटों पर उमेश पर पैनल चोरी का इल्ज़ाम लगाकर चौकी पर उमेश की पिटाई करवाने का आरोप लगाते हुए उक्त सभी पर उमेश की हत्या कर शव लटकाने का भी ठीकरा फोड़ दिया। शव का छह अगस्त को पोस्टमार्टम भी तब होने दिया जब उक्त पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो गई। रात करीब आठ बजे शव गांव ले जाया गया। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे मृतक के आक्रोशित परिजन ग्रामीणों के साथ ट्रेक्टर ट्रॉली पर शव रखकर विरसिंग को ओर चल दिए। यह खबर मिलते ही कोतवाल प्रिंस शर्मा पुनः भारी पुलिस बल के साथ जा पहुंचे। और विरसिंग मोड पर ही ट्रेक्टर ट्रॉली को रोके जाने की मुहिम शुरु हो गई। इस दौरान कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए महिलाओं ने हाथों में चप्पलें लेकर पुलिस बल को खदेड़ने की कोशिश की। आखिर दुख के माहौल में पुलिस ने सब्र से काम लिया। और भीड़ पुल तक पहुंच गई। यहां शव रहे ट्रेक्टर ट्रॉली को पुल पर वेंडा लगाकर जाम लगा दिया गया। सूचना मिलने पर करीब दस बजे एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे भी मौके पर पहुंच गईं। भीड़ आरोपों की झड़ी लगाते हुए हटने को तैयार नहीं हुई। पूर्वान्ह करीब 11 बजे विधायक सलोना कुशवाहा भी परिजनों के बीच पहुंची और वस्तु स्थिति की जानकारी ली। वह भी समझा बुझाकर चली गईं। इस दौरान एसपी ग्रामीण का सब्र भी जवाब दे गया। उन्होंने कहा कि जब तक वह लोग नहीं हटेंगे तब तक वह और पुलिस भी वहीं डटी रहेगी। जब तक भीड़ हटेंगी नहीं तब तक पुलिस को कम करने का मौका कैसे मिलेगा। अंततः दोपहर करीब 12 बजे एसपी ग्रामीण उन्हें समझाने में सफल हो गई। जाम खुलने के बाद वह अधीनस्थों को निर्देश देकर गंतव्य को रवाना हो गईं। उधर गांव नबियापुर में मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू की गई। चूंकि मृतक अविवाहित था सो उसके दफनाए जाने की सहमति बनने पर जेसीबी से गड्ढा खुदबाया गया। शव को गड्ढे में रखे जाने के दौरान इसकी वीडियो बनाए जाने पर नजर पड़ते ही परिजनों व ग्रामीणों ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक हंगामे के बाद इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव को इस पर सफाई देनी पड़ी। इसके बाद शव को दफनाया जा सका। उधर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया कि मृतक के भाई सर्वेश की ओर से पांच लोगों के खिलाफ दी गई तहरीर के आधार पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। जिसमें से चार लोगों को हिरासत में भी ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने और प्राप्त साक्ष्यों में मृतक द्वारा आरोपियों से आहत होकर आत्मघाती कदम उठाए जाने के चलते मुकदमे तरमीम कर कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई है।

# एनसीसी कैडेटस ने नगर में निकाली जागरूकता रैली




- लोगों को क्षय रोग के प्रति किया जागरूक

**तिलहर - शाहजहांपुर।** आर वी एम इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन रत्नेश जायसवाल के सानिध्य में एनसीसी कैडेटस ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नगर में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को आरबीएम इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य कैप्टन रत्नेश जायसवाल के सानिध्य में रैली का शुभारंभ हुआ। जो नगर के मोहल्ला बारह पत्थर, बिरियागंज, मुख्य चौराहा होकर निजामगंज होती हुई कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। जिसमें लोगों को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कालेज के प्रधानाचार्य कैप्टन रत्नेश जायसवाल ने कैडेट को टीबी अर्थात क्षय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रोग का सही समय पर इलाज कराया जाए तो रोगी पूर्णतया ठीक हो सकता है। कार्यक्रम में कालेज के शिक्षक अशोक गंगवार का विशेष सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### कृषि यंत्रों पर अनुदान को 10 अगस्त तक करें बुकिंग

**शाहजहांपुर।** डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि www.agriculture.up.gov.in पर वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत कृषको द्वारा 16 जुलाई से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाई टेक हब फार कस्टम हायरिंग, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना इत्यादि कृषि यंत्रों की बुकिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर उपलब्ध शासनादेश के अनुसार दिये गये निर्देशों की पात्रता के अनुसार बुकिंग की जानी है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग की स्थिति में कृषकों का चयन नियमानुसार ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

### बंधन बनाकर मारपीट का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर की एक कालोनी निवासी महिला ने दूसरी महिला पर बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। साथ ही उसने बच्चों सहित आत्महत्या करने की चेतावनी का वीडियो भी वायरल कर दिया। नगर के काशीराम कालोनी निवासी सत्यभामा पत्नी स्व सोनू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 2023 में उसके पति की हत्या कर दी गई थी। जिसमें वह एवं नगर के कुरगंजा मोहल्ला की एक महिला समेत अन्य लोग नामजद किए गए। जिसके बाद पुलिस विवेचना में महिला ने अपना नाम दर्ज मुकदमे से निकलवा लिया। जिसके बाद महिला दर्ज मुकदमे से नाम निकलवाने का खर्च मांगने लगी। और प्रति माह 7 हजार रुपए वसूलने लगी। पिछले माह पैसे न दे पाने पर उसने बंधक बना लिया और मारपीट की। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वही पीड़ित महिला ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में उसने बताया कि रुपए वसूलने वाली महिला दबंग किस्म की महिला है।

### सांवरिया सेठ ज्वैलर्स दुकान से चोरी का पर्दाफाश

**तिलहर-शाहजहांपुर ।** एक पखवाड़ा पूर्व हाइवे स्थित एक ज्वैलर्स के यहां शटर तोड़कर हुई 17 लाख रुपए के जेवरात व नगदी चोरी मामले में कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त कार्यवाही में तीन चोरों की निशान देखी पर कुछ जेवरात बरामदगी का खुलासा किया गया है। बता दें कि बीती 24/25 जुलाई को हाईवे पर कपसेडा गांव स्थित सांवरिया सेठ ज्वैलर्स की दुकान के शटर तोड़कर करीब 16 लाख के चांदी , सोने के ज़ेवरात व 97 नगदी चोरी किए जाने की दुकान स्वामी मतानी चौक शाहजहांपुर निवासी कृष्णा वर्मा पुत्र राजीव वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को शाम करीब पौने पांच बजे मुखबिर की सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा, इंस्पेक्टर क्राइम सुनील यादव एसओजी टीम प्रभारी मोहनदेव शर्मा व नगरिया मोड पुलिस चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए जैतीपुर रोड खैरपुर तिराहे के समीप से तीन चोरों को मय जेबरात धर दबोचा । जिनके कब्जे से करीब 1482 ग्राम सफेद धातु के जेबरात तथा दो ग्राम पीली धातु के कानो के कुण्डल तथा 210 ग्राम सफेद धातु बरामद होने का दावा किया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि पकड़े गए चोरों में निगोही के गांव बलरामपुर निवासी राकेश उर्फ कल्ला पुत्र सुन्दरनाथ 35 , गांव ईसापुर निवासी हीरा सिहं पुत्र रघुवीर सिहं 26 व गांव मिलकिया निवासी अनोखे उर्फ लादू पुत्र रसिया 38 शामिल हैं । उक्त तीनों ने 2/3 अगस्त की रात कुर्रिया कलां तिराहा से भी तीन दुकानो में चोरी करने की बात कबूल की है।

# नरौरा बैराज से गंगा में छोड़ा गया दो लाख क्यूसेक से अधिक पानी, फिर गंगा के खादर में बाढ़ की संभावना

- बाढ़ से निबटने की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: एडीएम

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर शाहजहांपुर।**



बृहस्पतिवार रात्रि नौ बजे गंगा में नरौरा बैराज से 2,12,680 क्यूसेक पानी पानी छोड़े जाने से क्षेत्र में गंगा का जलस्तर एकबार फिर बढ़ने लगा है। जिससे गंगा के खादर क्षेत्र में बाढ़ की संभावना अधिक बढ़ गई है।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने कलान तहसील के एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग को अधिशासी अभियंता शारदा नहर खंड की सूचना के माध्यम से जारी एडवाइजरी के अनुसार नरौरा बैराज से बृहस्पतिवार रात्रि नौ बजे 2,12,680 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कलान तहसील में गंगा का जलस्तर लगभग 50 सेंटीमीटर बढ़ सकता है। जिससे गंगा खतरे के निशान 143*650 मीटर के निकट पहुंचने के आसार बन गए हैं। जिससे क्षेत्र में बाढ़ की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एडीएम अरविन्द कुमार ने एसडीएम कलान आशुतोष कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह को गंगा के तटीय क्षेत्र की सतत निगरानी करने के साथ ही निचले इलाके के गांवों में मुनादी करवाकर आमजन को जागरूक और सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं एडीएम ने गंगा के तटीय क्षेत्र में बनीं बाढ़ चौकियों को 24 घंटे एलर्ट मोड़ रखने तथा नाविकों और गोताखोरों को लाइफ जैकेट के साथ उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग को संभावित बाढ़ क्षेत्र में जीवन रक्षक दवाएं, स्नेक बाइट, एंटी बेनम एवं क्लोरीन/ओआरएस पैकेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा चारे की व्यवस्था के साथ सुरक्षित पशु आश्रय स्थलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम ने सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग को भैंसार-ढाईघाट तटबंध की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी प्रकार से तटबंध या अन्य किसी स्थान पर कटाव होने पर तत्काल मरम्मत की जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के सभी अधिकारियों को 24 घंटे अपने मोबाइल चालू रखने के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं।

# देशी शराब की दुकान में लाखों की चोरी



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने देशी शराब की दुकान में धावा बोल दिया। दुकान में रखी देशी शराब व नकदी समेत लाखों रुपये का माल चोरी हो गया है। जिसके बाद सेल्समैन ने कोतवाली में आकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव ढकिया बुजुर्ग निवासी हरेंद्र पुत्र सुरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि में गांव बालेमऊ में राना मार्केट में कम्पोजिट देशी शराब की दुकान में सेल्समैन का कार्य करता हूँ। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 34 देशी शराब की पेटी व 27000 रुपए नकद चोरी कर ले गए। जब सुबह करीब 10 बजे गांव बालेमऊ दुकान पर पहुँचा तो देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे हुए है जब दुकान के अंदर पहुँचा तो देखा कि शराब की पेटियां ओर रुपए चोरी हो गए थे। जिसके बाद कोतवाली आकर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी उसके बाद तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के मोहल्ला हुसैनपुर निवासी 19 वर्षीय अरबाज पुत्र सरधर शुक्रवार को अपनी बाइक से किसी काम से पुवायां आ रहे थे। तभी रास्ते में टोल प्लाजा के पास एक दो युवक बाइक से रील बना रहे थे। तभी उन युवकों ने रील के चक्कर मे अरबाज की बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से युवक गम्भीर घायल हो गया। जिसको टोल प्लाजा की एम्बुलेंस के द्वारा उसे सीएचसी लाया गया। जहां युवक की हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

# सपा प्रमुख से मिले नीरज मिश्रा, ददरौल से विधानसभा चुनाव के लिए सौंपा आवेदन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा ने बुधवार शाम लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ददरौल विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के लिए अपना आवेदन राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा। नीरज मिश्रा के साथ उनके पुत्र एवं छात्र नेता वीर मिश्रा, छात्र नेता अमन पांडेय, अनुज शुक्ला, आशुतोष तिवारी और राहुल पाल भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश यादव को भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया। बताया गया कि हाल ही में दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के बड़े आंदोलन में वीर मिश्रा ने अपने साथियों के साथ सहभागिता की थी। आंदोलन में सक्रिय भूमिका को लेकर अखिलेश यादव ने मोबाइल फोन के माध्यम से वीर मिश्रा को बधाई देते हुए प्रोत्साहित किया था और मुलाकात के लिए बुलाया था। इसी क्रम में यह मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने नीरज मिश्रा की पार्टी के प्रति वर्षों से रही निष्ठा और योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें पार्टी में सम्मान एवं उचित स्थान देने का भरोसा जताया। नीरज मिश्रा ने ददरौल विधानसभा क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने का अनुरोध करते हुए अपना आवेदन भी सौंपा।

### कमलेश यादव के निधन पर जताई संवेदना

नीरज मिश्रा ने समाजवादी शिक्षा सभा के नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय कमलेश यादव के निधन का उल्लेख करते हुए अखिलेश यादव से मिर्जापुर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया। इस पर अखिलेश यादव ने जल्द ही मिर्जापुर पहुंचकर स्वर्गीय कमलेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने की बात दोहराई।

### ब्राह्मण समाज की भूमिका पर भी हुई चर्चा

मुलाकात के दौरान बरेली मंडल सहित शाहजहांपुर से बड़ी संख्या में विप्रजनों के स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की जयंती में शामिल होने पर अखिलेश यादव ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष तनवीर खान द्वारा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के प्रयास की सराहना की। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ खड़े होने वाले ब्राह्मण समाज को पार्टी में सम्मान और उचित स्थान देने के संकल्प को पूरा किया जाएगा। उन्होंने पीडीए में ब्राह्मण समाज की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पंडित समाज पूजनीय है और सदैव समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य करता है। मुलाकात के दौरान नीरज मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि यदि पार्टी उन्हें ददरौल विधानसभा से प्रत्याशी बनाती है तो वह क्षेत्र में अपने जनसंपर्क, सेवा, व्यवहार और संगठनात्मक कार्यों के आधार पर पार्टी का परचम लहराने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ददरौल विधानसभा की जनता से उन्हें लगातार समर्थन, आशीर्वाद और भरोसा मिल रहा है। मुलाकात को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और ददरौल विधानसभा में सपा की संभावित रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राज्य कर भवन में व्यापारी हुआ संवाद

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



उत्तर प्रदेश शासन तथा कमिश्नर राज्य कर लखनऊ द्वारा मुख्य बिज़नेस सेक्टर के साथ व्यापारी संवाद के लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में बिल्डिंग मैटेरियल, सीमेण्ट, सरिया व्यापारियों के साथ राज्य कर भवन मोहम्मदी रोड पर जनपद के संबंधित व्यापारी बंधुओ के साथ बैठक की गयी। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से प्रवेश तोमर, उपायुक्त-नोडल अधिकारी, खण्ड 4, राज्य कर श्यामाकान्त यादव उपायुक्त राज्य कर, खण्ड 2, आनन्द कुमार, उपायुक्त, राज्य कर, खण्ड 3, प्रदीप कुमार, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड 1, मोहित कुमार भारद्वाज, सहायक आयुक्त, राज्य कर, खण्ड 4, हरित कुमार, राज्य कर अधिकारी, खण्ड 2 उपस्थित रहे। व्यापारियों में नितिन गुप्ता, दुर्गा सीमेण्ट, आशुतोष दीक्षित, माया सीमेण्ट एजेन्सी, अंकुश गुप्ता, प्रकाश बिल्डिंग मैटेरियल, नाजिम खान, सिमर माटा, केपी श्रीवास्तव आदि व्यापारी उपस्थित रहे। आशुतोष दीक्षित द्वारा रिफण्ड की प्रक्रिया में तकनीकी कारणों से होने वाले विलंब को सरलीकृत करने की मांग की गयी। अंकुश गुप्ता द्वारा ई-वे बिल में केवल लिपकीय त्रुटि के आधार पर गाड़ी डिटेन न करने की मांग रखी। सिमर माटा ने बिना बिल के व्यापार कर रहे व्यापारियों पर सख्त कार्यवाही की मांग रखी। व्यापारियों ने अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन कराने की अपील की गयी। उपायुक्त आनन्द कुमार द्वारा व्यापारियों को नियम 86-बी का अनुपालन करते हुए 1 प्रतिशत कर कैश में जमा करने के लिए कहा। उपायुक्त श्यामाकांत यादव द्वारा रिटेल में जारी बिलों को बी2सी के स्थान पर बी2बी में जारी ना किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त प्रवेश तोमर द्वारा व्यापारियों से वास्तविक टर्नओवर घोषित कराते हुए कर जमा करने की अपील की गयी। उन्होंने बताया कि किसी व्यापारी का घोषित टर्नओवर वास्तविक टर्नओवर से कम पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों के फीडबैक को उचित स्तर पर प्रेषित करने का आश्वासन भी व्यापारियों को दिया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह

# चुप्पी तोड़, हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

समाधान अभियान द्वारा संचालित एवं India Pesticides Limited के सहयोग से चल रही ÷चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल÷ परियोजना के अंतर्गत विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र, गदियाना , नगर क्षेत्र, शाहजहाँपुर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बाल सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं अभिभावकों को विश्व स्तनपान सप्ताह के महत्व, स्तनपान के लाभ तथा शिशुओं के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि जन्म के बाद पहले छह माह तक केवल माँ का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार है, जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी क्रम में अभिभावकों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों, बाल यौन शोषण से बचाव, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, सुरक्षित घेरा तथा बच्चों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ परिवारों को बाल संरक्षण एवं बच्चों के सुरक्षित भविष्य के प्रति संवेदनशील बनाना था। यह कार्यक्रम सौम्य द्विवेदी के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी मुख्य सेविका सुनीता यादव,आशा कार्यकत्री रीना उपाध्याय, सहायिका अंजू यादव ,बाल मित्र केंद्र, थाना सदर बाज़ार के कोऑर्डिनेटर सुभाष सक्सेना समाधान अभियान की टीम एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा तथा बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

# आधुनिकता की अंधी दौड़ में झूले पर गाए जाने वाले सावन के गीत गायब

**शैलेन्द्र पाण्डेय दीपक**

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** आधुनिकता के दौर में सावन के महीने में बागों में पड़ने वाले झूलों पर गूंजने वाले सावन गीत झुलुआ तो पड़ी ग़ओ अमुबुआ की डाल पै और अम्मा दूरी न करि हौ, भैया नाही बुलावईगे आदि लोकगीत अब गुजरे जमाने के हो गए हैं।

आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में अब न तो ग्रामीण क्षेत्र में दरवाजों पर खड़े नीम रह गए हैं और न ही खेतों में बाग और तालाब। गांवों में बड़े बड़े घरों की जगह पक्के घरौंदे बन गए हैं। जिससे हरियाली सम्पन्न लोगों के घरों की छतों पर गमलों में लगे पौधों तक सीमित रह गई है। बाग और तालाब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने से तीज त्यौहार भी अब रस्म अदायगी से अधिक नहीं रह गए हैं।

कभी सावन के महीने को त्योहारों का महीना कहा जाता था। आषाढ़ी पूर्णिमा पर्व पर देवी मां की पूजा के बाद सावन का महीना शुरू होते ही त्यौहार शुरू हो जाते थे। बेटियों को सावन की हरियाली तीज,नाग पंचमी (गुड़ियां) , रक्षाबंधन त्योहारों का साल भर इंतजार रहता था। विवाहिता बेटियां भी सावन में मायके आतीं थीं। वे अपनी सखी सहेलियों के साथ बाग में झूले का आनंद लेती हुई ऐसी इठलाती थीं,जैसे वे जन्नत की सैर कर रहीं हैं। सावन में बेटियों के माता पिता ब्याहता बेटियों को ससुराल से बुलाना बेटी के सम्मान में चार चांद लगाना समझते थे। वे विवाहित और कुंवारी बेटियों को सावन के त्योहार पर नए नये कपड़ों के साथ उपहार में सोने चांदी के आभूषण भी देते थे। किंतु आज यह सब गुजरे जमाने की रिवाजे रह गईं हैं। आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में अब ग्रामीण क्षेत्र में भी दरवाजे पर झूला डालने के लिए न तो नीम के पेड़ रह गए हैं और न ही खेतों में बाग और तालाब। जिससे सावन में झूले कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। बेटियां सावन की हरियाली तीज के त्योहार पर एक दूसरे के हाथों में हरी मेंहदी लगाकर खुशी में इठलाती थीं। नाग पंचमी (गुड़ियों) के त्योहार बेटियां कपड़े की गुड़ियां बनाकर गांव के तालाब पर जाती थीं। जहां बेटियों के भाई गुड़ियां पीटकर बहनों को चिढ़ाते थे। तब बहन भाइयों का प्रेम देखते ही बनता था। उसी दिन भाई खेत से मिट्टी लेकर आते थे और घरों में भुजरियां बोई जाती थीं।

- मोबाइल की दीवानगी ने ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों से भी छीना परम्परागत त्यौहार मनाने का तरीका

यही भुजरियां रक्षाबंधन के दिन बेटियां तालाब में सिराने जाती थीं। तब भाई घास की पटाखी बनाकर पूरी ताकत के साथ पटाखी छुड़ाकर शक्ति प्रदर्शन करते थे। बहने अपने भाइयों के इस शौर्य और शक्ति को देखकर खुश होती थीं। आज गांवों से प्रकृति का श्रृंगार तालाब बाग लगभग गायब हो चुके हैं। गांवों के दबंगों ने तालाब पाटकर मकान बना लिए हैं या फिर अपने खेतों में मिला लिए हैं। जिससे भुजरियों और गुड़ियों के यह त्यौहार अब घरों में ही रस्म अदायगी तक सीमित होकर रह गए हैं। गांवों में त्यौहार मनाए जाने के प्राकृतिक साधन जहां समाप्त हो गए हैं,वहीं त्योहारों पर भी आधुनिकता की काली छाया पड़ने से परंपराएं खत्म हो गईं हैं।अब चाहे विवाहिता बेटियां हों या कुंवारी त्यौहार हो या सामान्य दिन अपना अधिक से अधिक समय मोबाइल पर रील बनाने और वीडियो देखने में गुजार रहीं हैं। जिससे न केवल सामाजिक तानाबाना बिगड़ रहा है,बल्कि त्योहारों की उपयोगिता रस्म अदायगी तक सीमित होकर रह गई है।

# कलेक्टर नहीं, गुरुजी बनकर पहुंचे डीएम... व्हाइट बोर्ड संभाला, सवालों से टटोली प्रतिभा

- अभ्युदय केंद्र में डीएम का अलग अंदाज
- नीट-यूपीएससी अभ्यर्थियों की ली क्लास

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



डीएम अंजनी कुमार सिंह शुक्रवार को अफसर की औपचारिक भूमिका छोड़ सीधे गुरुजी बन गए। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की कक्षा में पहुंचते ही उन्होंने हाथ में मार्कर थामा, व्हाइट बोर्ड संभाला और सवालों की ऐसी झड़ी लगा दी कि विद्यार्थियों की तैयारी की असली तस्वीर सामने आ गई। जवाबों के बीच उन्होंने खुद कठिन विषयों को बेहद सहज अंदाज में समझाया और सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में मंजिल शॉर्टकट से नहीं, बल्कि मजबूत अवधारणाओं, नियमित स्वाध्याय और अनुशासित तैयारी से मिलती है।

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नीट कोचिंग में पहुंचे डीएम ने लाइमैन सीरीज, बामर सीरीज, वेव, वेव लेंथ, श्वसन, प्रकाश संश्लेषण से जुड़े प्रश्न पूछे। जवाब सुनने के बाद वे खुद व्हाइट बोर्ड के सामने खड़े हुए और कठिन कॉन्सेप्ट को बेहद सरल भाषा में समझाया। कुछ देर के लिए ऐसा लगा मानो किसी अनुभवी प्रोफेसर की क्लास चल रही हो। डीएम ने विद्यार्थियों से पिछली नीट परीक्षा में मिले अंक भी पूछे और कहा कि असफलता अंत नहीं, अगली सफलता की तैयारी का सबसे मजबूत आधार होती है। उन्होंने छात्रों को हर दिन अपनी कमजोरियों पर काम करने की सीख दी। इसके बाद यूपीएससी की कक्षा में पहुंचकर उन्होंने अभ्यर्थियों से अब तक पढ़ाए गए विषयों पर प्रश्न किए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सिविल सेवा की तैयारी केवल नोट्स से नहीं, बल्कि किताबों से दोस्ती, नियमित स्वाध्याय और हर विषय की गहरी समझ से होती है। उन्होंने उत्तर लेखन, समय प्रबंधन और समसामयिक घटनाओं के अध्ययन को सफलता का मूल मंत्र बताया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों को भी निर्देश दिए कि कक्षाओं में केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित न रहें, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की अवधारणाएं मजबूत करें और उसे प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप तैयार करें। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, डाइट प्राचार्य सीमा शुक्ला मौजूद रही।

**गुरुजी बने डीएम, बच्चों से पूछे सवाल... सही जवाब पर खुद बजाई तालियां:** जनता दर्शन खत्म होते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह का काफिला सीधे राजापुर के इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पहुंच गया। औचक निरीक्षण की भनक लगने से पहले ही डीएम पांचवीं की कक्षा में बच्चों के बीच थे। किताबों से आगे बढ़कर उन्होंने बच्चों के ज्ञान की परख की और पर्यावरण से जुड़े सवालों की झड़ी लगा दी। छात्र आरुष और छात्रा लक्ष्मी देवी ने बेझिझक सटीक जवाब दिए तो डीएम ने मुस्कुराते हुए पूरी कक्षा से उनके लिए तालियां बजवाईं। इसके बाद उन्होंने श्यामपट्ट पर अंग्रेजी विषय का भी अधिगम स्तर परखा और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रधानाध्यापिका ऋतु अवस्थी से नामांकन और उपस्थिति का ब्योरा लिया। विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों में रटने की नहीं, समझने और सोचने की क्षमता विकसित करना ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की असली पहचान है।

## सरोज कुशवाहा का सीतापुर पहुंचने पर हुआ स्वागत



**सीतापुर।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा के सीतापुर आगमन पर जिला कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। जिला मीडिया प्रभारी जूही जायसवाल समेत महिला मोर्चा की पदाधिकारी मौजूद रहीं। प्रदेश अध्यक्ष ने महिला सशक्तिकरण और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई: डेंगू व जेई की सूचना पर फूलबेहड़ और निघासन के गांवों में चला सर्विलांस अभियान

- 87 घरों का हुआ गहन सर्वेक्षण
- 3 घरों के पानी के बर्तनों में मिला मच्छर का लार्वा

**लखीमपुर खीरी।**



जनपद के ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम ज्ञानपुर में डेंगू और ब्लॉक निघासन के ग्राम सिंगहा कला में जापानी एन्सेफेलाइटिस (जेई) के मरीज मिलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग तत्काल हरकत में आ गया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में मलेरिया विभाग की टीम ने प्रभावित गांवों का दौरा कर निरोधात्मक कार्यवाही व जागरूकता अभियान चलाया। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि टीम ने दोनों गांवों में पहुंचकर एण्टोमोलॉजिकल सर्विलांस, सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वाल स्प्रे, फीवर ट्रैकिंग, डोर-टू-डोर सर्वे और फॉगिंग का कार्य संपन्न किया। निरोधात्मक कार्रवाई के तहत दोनों गांवों के कुल 87 घरों का गहन सर्वेक्षण किया गया। जांच के दौरान 3 घरों के पानी के बर्तनों व कंटेनरों में मच्छर का लार्वा पाया गया, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया और संबंधित गृह स्वामियों को नोटिस जारी किया गया। फीवर ट्रैकिंग के दौरान 9 संभावित बुखार पीड़ितों की पहचान कर मलेरिया आरडीटी (रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट) के जरिए त्वरित जांच की गई, जिसमें सभी की रिपोर्ट मलेरिया ऋणात्मक (नेगेटिव) पाई गई। संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से पूरे गांव में फॉगिंग कराई गई तथा जलभराव वाले स्थानों व नालियों में सघन एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया। इसके अलावा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए ग्रामीणों को प्रचार-प्रसार सामग्री बांटी गई, दीवारों पर पोस्टर चस्पा किए गए और संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताकर जनमानस में जागरूकता फैलाई गई।

## पांच दिन से लापता दिव्यांग ऑटो चालक का सुराग नहीं

- आक्रोशित महिलाओं का एसपी दफ्तर पर जोरदार हंगामा

**लखीमपुर खीरी।**



सदर कोतवाली क्षेत्र से पांच दिन पहले लापता हुए 25 वर्षीय दिव्यांग ऑटो चालक विनीत कुमार का अब तक कोई सुराग न मिलने से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।पुलिस की कार्यशैली से नाराज सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और परिजनों ने शुक्रवार सुबह करीब 11:00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर जोरदार हंगामा और नारेबाजी की। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए मामले में अपहरण की आशंका जताई है।

लावारिस मिला ऑटो,परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोपः परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विनीत के गायब होने के बाद उसका ऑटो भंसड़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास लावारिस हालत में मिला था, जिसकी बैटरी भी गायब थी। परिजनों का आरोप है कि ऑटो की स्थिति को देखते हुए यह मामला सीधे तौर पर अपहरण का लग रहा था, लेकिन फरधान थाना पुलिस ने इस पहलू पर गंभीरता से जांच करने के बजाय घटना के 24 घंटे बाद केवल गुमशुदगी दर्ज कर औपचारिकता पूरी कर ली। प्रदर्शन के दौरान विनीत की मां का रो-रोकर बुरा हाल था, जो अपने बेटे की सकुशल बरामदगी के लिए गुहार लगा रही थीं।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। एसपी ने विनीत की जल्द से जल्द सुरक्षित बरामदगी के लिए तुरंत 3 विशेष टीमों का गठन किया है। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही विनीत का पता लगा लिया जाएगा।कप्तान के इस ठोस आश्वासन के बाद परिजनों ने अपना धरना समाप्त किया। हालांकि, परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई और बरामदगी नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## खबरें एक नजर में

### 18 नवजात बेटियों का मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

**सीतापुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 18 नवजात बालिकाओं को बेबी जॉनसन किट वितरित की गई। वन स्टॉप सेंटर की टीम ने मौजूद महिलाओं और पुरुषों को बेटियों के जन्म को बढ़ावा देने तथा उन्हें बेटों के समान अधिकार व शिक्षा देने के लिए जागरूक किया। इस दौरान केंद्र प्रबंधक दीपिका नाग व सहायक उपासना श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### युवक को सांप ने डंसा, हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सांप के डसने से अचेत हुए युवक को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को गुरगवा कॉलोनी निवासी विजय प्रकाश शर्मा पुत्र राजेश शर्मा 32 घर में बनी टांड़ पर रखा पेचकस उठा रहे थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें डस लिया । परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक से गिरी महिला, गंभीर घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कार की टक्कर से बाइक से गिरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार अपरान्ह करीब चार बजे तिलहर निगोही मार्ग स्थित बिरसिंग पुर चौकी के समीप पीछे से आ रही कार ने लखीमपुर के गांव राजापुर बेनी निवासी रोहित पुत्र रामदास 18 की बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में रोहित के पीछे बैठीं उसकी मां कलावती 50 व छोटे भाई विनय 6 गिरकर घायल हो गए । रोहित अपने गांव से कटरा अपनी बहन के घर जा रहा था। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर कलावती को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## नपा समाधान दिवस में सुनी गईं नागरिकों की समस्याएं

**सीतापुर।** नगर पालिका परिषद सीतापुर कार्यालय में आयोजित समाधान दिवस में नगरवासियों की समस्याएं सुनी गईं। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, एसडीएम न्यायिक सीमा सिंह तथा अधिशासी अधिकारी विकास कुमार ने नागरिकों से जलकल, निर्माण, गृहकर, नामांतरण, लाइट, वाटर पाइप लाइन लीकेज और सफाई व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कर जनसेवा को प्राथमिकता दी जा रही है।

## स्वतंत्रता दिवस पर सीतापुर में होंगे विविध कार्यक्रम

- डीएम ने तैयारियों की समीक्षा की

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 व 15 अगस्त को आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। 14 अगस्त को सुबह 7:30 बजे से 12 से 21 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की दौड़ आयोजित होगी। इसके बाद मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान, दिव्यांगों की तिपहिया दौड़ तथा भाषण, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं में स्वच्छता, भारत छोड़ो आंदोलन, स्वतंत्रता आंदोलन और विभाजन विभीषिका दिवस जैसे विषय शामिल रहेंगे। 15 अगस्त को सुबह छह बजे विभिन्न धर्मस्थलों पर सामूहिक प्रार्थना होगी। सात बजे जीआईसी कॉलेज मैदान से गांधी पार्क तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद महापुरुषों एवं शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और सुबह आठ बजे सरकारी, गैर सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थाओं व अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। दिनभर अस्पतालों, आश्रमों और जिला कारागार में फल वितरण, वृक्षारोपण तथा विभिन्न विभागों की तिरंगा थीम पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। शाम 4:30 बजे लालबाग पार्क में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान एवं सार्वजनिक सभा होगी। रात आठ बजे कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित किया जाएगा।डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पहले से तैयार कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सम्मानित व्यक्तियों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा स्वतंत्रता दिवस पर किसी भी स्कूल को बंद न रखने के निर्देश दिए।

## 'मां का दूध बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है'

**शाहजहांपुर।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भावलखेड़ा में किया गया। अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिये स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और माताओं को इसके लिये सही सहायता प्रदान करना है। शिशु को केवल मां का दूध ही दे तथा बच्चे की छह महीने की उम्र पूरी होने के बाद घर का बना पौष्टिक पूरक आहार शुरू करें औ कम से कम दो साल तक स्तनपान जारी रखें। मां का दूध बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है और कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। डा. समीर कुमार द्वारा बताया गया कि मां के दूध में पाये जाने वाले पोषक तत्व मस्तिष्क और आखों के विकास में मदद करते है साथ ही साथ उन्होने बताया कि स्तनपान कराने से मां और बच्चे की बीच प्यार और अपनापन मजबूत होता है। शिविर में डा.जीवन ज्योति, एआरओ अरविन्द कुमार, द्वारा भी उपरोक्त विषय पर अपने विचार रखे। संचालन लोक अदालत लिपिक मोहम्मद अफजल द्वारा किया गया।

## विद्यालय में दो छात्रों के बीच मारपीट तीसरी कक्षा का छात्र घायल

- स्कूल प्रबंधन पर मामले को गंभीरता से न लेने का लगाया आरोप

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**

कस्बा खुदागंज स्थित शारदा बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल में शुक्रवार को दो छात्रों के बीच हुए विवाद ने विद्यालय की सुरक्षा और अनुशासन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। कक्षा तीन में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में एक छात्र घायल हो गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना की जानकारी मिलने पर घायल छात्र के परिजन तत्काल विद्यालय पहुंचे। परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए आरोप लगाया कि स्कूल परिसर में छोटे बच्चों के बीच मारपीट की घटना होने के बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से उचित कार्रवाई की मांग की, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी विद्यालय की है तो ऐसी घटना के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उचित कदम उठाए जाने चाहिए थे। परिजनों की नाराजगी बढ़ने के बाद मामला खुदागंज थाने तक पहुंच गया। थाने पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, विद्यालय प्रबंधक ने घटना को लेकर बताया कि दोनों बच्चे कक्षा तीन के छात्र हैं और खेलते-खेलते आपस में लड़ गए थे।

## तीन दिन से लापता युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

- एक कान गायब, आंख क्षतिग्रस्त, सड़क किनारे मिली चप्पलें
- हत्या के बाद शव फेंके जाने की चर्चा तेज

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



बीसलपुर क्षेत्र के बरसिया गांव में शुक्रवार की सुबह गन्ने का एक खेत अचानक अपराध की गुत्थी का केंद्र बन गया। खेत के भीतर पड़े एक युवक के क्षत-विक्षत शव ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। शव की हालत ऐसी थी कि उसे देखकर ग्रामीण सिहर उठे। एक कान गायब था, एक आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी और शरीर पर कई संदिग्ध निशान दिखाई दे रहे थे। घटनास्थल के पास सड़क किनारे मिली चप्पलों ने मामले को और रहस्यमय बना दिया। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि युवक की हत्या कहीं और की गई और पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को गन्ने के खेत में लाकर फेंक दिया गया। सूचना मिलते ही बीसलपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेरकर जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद मृतक की पहचान पड़ोसी गांव खांडेपुर निवासी 35 वर्षीय सुबोध गंगवार पुत्र सुरेश कुमार गंगवार के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि सुबोध पिछले तीन दिनों से लापता था और उसकी लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया था। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तभी पूर्व प्रधान बुधपाल के गन्ने के खेत में शव दिखाई दिया। सूचना फैलते ही बरसिया और खांडेपुर सहित आसपास के गांवों से लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। शव की स्थिति और आसपास मिले संकेतों को देखते हुए पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर सड़क किनारे मिली चप्पलों को भी कब्जे में लेकर जांच का हिस्सा बनाया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि शव दो से तीन दिन पुराना हो सकता है, जो युवक के लापता होने


## कार्यालय नगर पंचायत कांट, जनपद- शाहजहांपुर।

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक:-659 /न0पं0कॉट/नि0का0/2026-27 दिनांक 06.08.2026

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉट,जनपद-शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु दिनांक 18.08.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 17.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 20.08.2026 को अपरान्ह 04 बजे अपर जिलाधिकारी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अलगे कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगी। आगणन व अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित/आगणन राशि | धरोहर धनराशि 2% | निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18 प्रतिशत सम्मिलित है। | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-08 में सरताज के मकान से सुल्तान बैकरी वाले के मकान होते हुए इदरीस के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,46,801.77 | 16,950.00 | 847+152=999 | दो माह |
| 2 | वार्ड नं0-08 में रफायत अली के मकान से शहजाद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,45,632.41 | 16,950.00 | 845+152=997 | दो माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कांट, शाहजहांपुर



## कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज, जनपद- शाहजहांपुर।

पत्रांक: 111/न0पं0खुदा0/2026-27 दिनॉक: 06-08-2026

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुदागंज द्वारा नगर पंचायत की निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी दिनॉक 12-08-2026 को प्रातः 11:00 बजे से कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज के सभागार में की जायेगी।

| क0सं0 | निष्प्रयोज्य सामग्री का नाम | निष्प्रयोज्य सामग्री की संख्या | नीलामी हेतु जमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | लिड एसिड बैट्री | 132 | 5000-00 |
| 2. | सोलर पैनल | 37 | 1500-00 |
| 3. | ड्राईवर,लाईट,सी0एफ0एल0 सोडियम | 2472 | 1500-00 |
| 4. | टोटी | 03 | 200-00 |
| 5. | इण्डियामार्का हैण्डपम्प सिलेन्डर | 14 | 2500-00 |
| 6. | इण्डियामार्का हैण्डपम्प हेड | 26 | 2500-00 |
| 7. | इण्डियामार्का हैण्डपम्प मशीन | 02 | 500-00 |
| 8. | रिक्शा टाईप ठेली | 79 | 6500-00 |
| 9. | डस्टवीन | 31 | 4500-00 |

सार्वजनिक नीलामी में भाग लेने के लिए बोलीदाता द्वारा उपर्युक्त नगद जमानत राशि दिनॉक 11-08-2026 को समय सायं 04:00 बजे तक नगर पंचायत खुदागंज कार्यालय में जमाकर नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु पास/टोकन प्राप्त किया जा सकता है। दिनॉक 11-08-2026 समय सायं 04:30 बजे उपरांत कोई टोकन/पास जारी नही किया जायेगा।

सार्वजनिक नीलामी में निर्धारित शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के भीतर नगर पंचायत कार्यालय में किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुदागंज,
शाहजहांपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत खुदागंज,
शाहजहांपुर


## जनदर्शन में 128 लोगों की सुनीं समस्याएं

- अधिकारियों को दिए तत्काल समाधान के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने शुक्रवार को खमरियापुल स्थित श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए 128 लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मामलों पर लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने का वास्तविक दायित्व जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्ध समाधान कराना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके उपरांत स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भजा का भ्रमण किया। यहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर आत्मीय संवाद किया, उनका कुशलक्षेम जाना तथा गांव की वर्तमान समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं की विस्तार से जानकारी ली। ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रखा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि जनता का विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।

## हर-हर महादेव के जयघोष के बीच हरिद्वार रवाना हुआ कांवड़ियों का विशाल जत्था



**पीलीभीत।** श्रावण मास की पावन बेला में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड मरौरी स्थित ग्राम पिपरिया भजा से शिवभक्तों (कांवड़ियों) का एक विशाल जत्था शनिवार को पवित्र गंगाजल लेने हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। हामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोषों के बीच कांवड़ियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर विधिवत रवाना किया तथा उनकी सफल, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक यात्रा का शुभारंभ किया। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कांवड़ियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति, आस्था, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम है। भगवान शिव की आराधना से समाज में सद्भाव, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण की भावना का संचार होता है। सभी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा, संयम और अनुशासन के साथ यात्रा पूर्ण करें तथा गंगाजल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से सभी श्रद्धालुओं के स्वस्थ, सुरक्षित एवं निर्विघ्न यात्रा संपन्न होने की प्रार्थना करते हुए क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना भी की। इस पुनीत अवसर पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान सुखलाल कश्यप, एवं खेसारी लाल वर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

## मंदिर प्रबंधन की कसौटी

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं है, बल्कि देश के मंदिर प्रबंधन की व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी है। जिस मंदिर का निर्माण सदियों के संघर्ष, अनगिनत बलिदानों और करोड़ों श्रद्धालुओं के समर्पण से संभव हुआ, वहां दान की सुरक्षा में चूक स्वाभाविक रूप से लोगों की भावनाओं को आहत करती है। यह घटना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राम मंदिर देश की आस्था, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। हाल के वर्षों में अयोध्या के अलावा उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम और गुजरात के अंबाजी मंदिर में भी दान-पात्रों से चोरी अथवा वित्तीय अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक मंदिर तक सीमित नहीं है। बड़े और संसाधन-संपन्न मंदिरों में यदि ऐसी घटनाएं हो सकती हैं, तो छोटे मंदिरों में जोखिम और अधिक है। ऐसे में मंदिरों की वित्तीय सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस घटना के बाद यह सुझाव सामने आया कि मंदिरों का संचालन कॉरपोरेट संस्थानों की तरह किया जाए और उनके लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए जाएं। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रहे नृपेंद्र मिश्रा ने भी पेशेवर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। इसमें कोई संदेह नहीं कि बड़े धार्मिक संस्थानों को वित्तीय अनुशासन, आधुनिक तकनीक और जवाबदेही की आवश्यकता है, किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि मंदिर कोई व्यावसायिक कंपनी या सरकारी विभाग नहीं हैं। उनका मूल उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण, श्रद्धालुओं की सेवा और आध्यात्मिक वातावरण बनाए रखना है। यही कारण है कि मंदिर प्रबंधन का समाधान केवल कॉरपोरेट मॉडल में नहीं खोजा जा सकता। आवश्यकता ऐसी व्यवस्था की है, जिसमें आधुनिक प्रशासनिक दक्षता और धार्मिक परंपराओं का संतुलित समन्वय हो। मंदिरों में दान की गणना पूरी तरह पारदर्शी हो, नियमित आंतरिक एवं बाहरी लेखा परीक्षण कराया जाए, सभी आय-व्यय का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए तथा त्रैमासिक वित्तीय रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। सीसीटीवी निगरानी, आरएफआईडी टैग युक्त दान-पात्र, डिजिटल लेखा प्रणाली और उच्च मूल्य के चढ़ावों के लिए सुरक्षित अभिलेखीकरण जैसी तकनीकों का उपयोग अब समय की मांग है। देश के कुछ प्रमुख मंदिर इस दिशा में उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में डिजिटल लेखा प्रणाली, ऑनलाइन दान, नियमित ऑडिट और प्रशासनिक पारदर्शिता की व्यवस्था लंबे समय से लागू है। केरल के गुरुवायुर मंदिर सहित कई अन्य प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थानों ने भी आधुनिक वित्तीय नियंत्रण को अपनाया है। इन अनुभवों से सीख लेकर देश के अन्य मंदिरों में भी पारदर्शिता बढ़ाई जा सकती है। हालांकि आर्थिक पारदर्शिता जितनी आवश्यक है, उतनी ही महत्वपूर्ण धार्मिक परंपराओं की रक्षा भी है। भारत के अधिकांश प्राचीन मंदिर आगम शास्त्रों के अनुसार संचालित होते हैं। वैष्णव, शैव और शाक्त परंपराओं के अपने-अपने आगम हैं, जो पूजा-पद्धति, अनुष्ठान, देवप्रतिष्ठा, मंदिर व्यवस्था और धार्मिक अनुशासन का विस्तृत मार्गदर्शन करते हैं। इन परंपराओं की अनदेखी कर यदि केवल प्रशासनिक दृष्टि से निर्णय लिए जाएंगे, तो मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा प्रभावित हो सकती है। इसलिए किसी भी प्रशासनिक अधिकारी या प्रबंधक के लिए केवल प्रबंधन का ज्ञान पर्याप्त नहीं होगा; उसे मंदिर की धार्मिक परंपराओं और शास्त्रीय व्यवस्थाओं की भी समझ होनी चाहिए। भारतीय परंपरा में मंदिर प्रशासन का ढांचा सदैव संतुलित रहा है। अर्चक पूजा-अर्चना के लिए उत्तरदायी होते थे, शिल्पाचार्य मंदिर की संरचना और परंपराओं का ध्यान रखते थे तथा ट्रस्टी या तत्कालीन शासक मंदिर की संपत्ति, सुरक्षा और प्रशासन का दायित्व निभाते थे। इस व्यवस्था में आध्यात्मिक और प्रशासनिक अधिकारों का संतुलित विभाजन था। आज आवश्यकता उसी सिद्धांत को आधुनिक रूप में पुनर्स्थापित करने की है, न कि सभी अधिकार एक व्यक्ति या संस्था में केंद्रित करने की। देश में अब मंदिर प्रबंधन को एक विशिष्ट अध्ययन विषय के रूप में विकसित करने पर भी विचार होना चाहिए। जैसे बिजनेस मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के संस्थान हैं, उसी प्रकार टेंपल मैनेजमेंट के लिए विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा सकते हैं। इनमें धर्मशास्त्र, आगम, वित्तीय प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, मानव संसाधन, विरासत संरक्षण, कानून और आधुनिक प्रशासन का समन्वित प्रशिक्षण दिया जाए। अयोध्या, तिरुपति, उज्जैन, पुरी, काशी और अन्य बड़े धार्मिक केंद्र इस दिशा में पहल कर सकते हैं। इससे ऐसे प्रशिक्षित मंदिर प्रबंधक तैयार होंगे, जो श्रद्धा और सुशासन—दोनों का संतुलन बनाए रख सकें। यह भी ध्यान रखना होगा कि देश में करोड़ों रुपये का दान मंदिरों के माध्यम से समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा, अन्नक्षेत्र और धार्मिक-सांस्कृतिक संरक्षण में लगाया जाता है। यदि प्रबंधन पर लोगों का विश्वास कमजोर होगा तो इसका सीधा प्रभाव इन सेवाओं पर भी पड़ेगा। इसलिए पारदर्शिता केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि धार्मिक विश्वास की भी अनिवार्य शर्त है। अयोध्या की घटना को धर्म की विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह व्यवस्थागत कमजोरी का संकेत अवश्य है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है। मंदिरों की पवित्रता केवल अनुष्ठानों से नहीं, बल्कि ईमानदार प्रशासन, मजबूत सुरक्षा, तकनीकी दक्षता और सार्वजनिक जवाबदेही से भी सुरक्षित रहती है। समय की मांग है कि परंपरा और आधुनिकता के बीच कृत्रिम संघर्ष पैदा करने के बजाय दोनों का संतुलित समन्वय स्थापित किया जाए। यही मार्ग मंदिरों की गरिमा, श्रद्धालुओं के विश्वास और भारतीय सांस्कृतिक विरासत—तीनों की रक्षा कर सकता है।

### दो टूक




# ब्राह्मणों को साधने में कितनी सफल होगी सपा?


अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की सियासत में जब भी चुनाव की आहट आती है, ब्राह्मण समाज अचानक चर्चा के केंद्र में आ जाता है। आबादी के हिसाब से यह समुदाय राज्य की कुल जनसंख्या का करीब नौ से बारह प्रतिशत ही है, लेकिन प्रभाव इतना ज्यादा है कि कोई भी पार्टी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकती। मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश, अवध और पूर्वांचल के कई जिलों में ब्राह्मण मतदाता पंद्रह से बीस प्रतिशत तक हैं। वाराणसी, गोरखपुर, देवरिया, जौनपुर, प्रयागराज, कानपुर, बस्ती, महाराजगंज जैसे इलाकों में इनके वोट किसी भी उम्मीदवार की जीत-हार तय करने की क्षमता रखते हैं।

राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि साठ से अस्सी और कुछ अनुमानों में सौ से ज्यादा विधानसभा सीटों पर ब्राह्मण निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने इस वर्ग को साधने की पूरी ताकत लगा दी है। बुधवार को लखनऊ में जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सपा ने प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया।

जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया कहा जाता था। वे समाजवादी विचारधारा के स्तंभ थे और ब्राह्मण समाज के प्रभावशाली चेहरे भी। सपा का दावा था कि प्रदेशभर से करीब बीस हजार लोग जुटेंगे। जनेश्वर मिश्र पार्क में अनुमति नहीं मिली तो कार्यक्रम पार्टी मुख्यालय पर हुआ। अखिलेश यादव ने पहले मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर मंच पर पहुंचे। मंच पर माता प्रसाद पांडेय, सनातन पांडेय, पवन पांडेय जैसे ब्राह्मण नेता प्रमुखता से बैठे। काशी, मथुरा, अयोध्या से संत-विद्वान भी बुलाए गए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखिलेश ने साफ कहा कि पीडीए में पी का मतलब पंडित भी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जितना पीड़ा बढ़ाएगी, यह समीकरण उतना ही मजबूत होगा। अयोध्या सदर सीट से पवन पांडेय को टिकट देने का ऐलान भी किया। पवन पांडेय 2012 से यहां चुनाव लड़ रहे हैं, 2017 और 2022 में हारे थे, लेकिन इस बार अखिलेश ने उन्हें जीत का भरोसा दिलाया।



यह कवायद अचानक नहीं हुई। 2022 के विधानसभा चुनाव में सीएसडीएस-लोकनीति के सर्वे के मुताबिक 89 प्रतिशत ब्राह्मणों ने बीजेपी गठबंधन को वोट दिया। सपा को महज छह प्रतिशत समर्थन मिला। 2017 में भी 83 प्रतिशत ब्राह्मण बीजेपी के साथ थे। बीजेपी ने उस साल 68 ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे, जो किसी भी जाति को दिए गए सबसे ज्यादा टिकट थे।

सपा ने 40 ब्राह्मण टिकट दिए। 2017 में बीजेपी के 312 विधायकों में 58 ब्राह्मण थे, 2022 में यह संख्या 46 रह गई। 2007 में मायावती ने दलित-ब्राह्मण समीकरण साधा था। सतीश चंद्र मिश्र को आगे करके ब्राह्मण सम्मेलन करवाए और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। उससे पहले कांग्रेस के दौर में गोविंद बल्लभ पंत, कमलापति त्रिपाठी, हेमवती नंदन बहुगुणा, नारायण दत्त तिवारी जैसे ब्राह्मण मुख्यमंत्री रहे। ब्राह्मण वोट जब कांग्रेस से हट गए तो पार्टी भी सत्ता से बाहर हो गई।अब सपा को लगता है कि बीजेपी के इस कोर वोटबैंक में सेंध लगानी होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा को 33.59 प्रतिशत वोट मिले और 37 सीटें मिलीं। बीजेपी को 41.37 प्रतिशत वोट और 33 सीटें। सपा जानती है कि सिर्फ पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के सहारे 45 प्रतिशत वोट शेयर तक पहुंचना मुश्किल है। अगर ब्राह्मणों का पांच प्रतिशत वोट भी खिसक जाए तो बीजेपी का गणित बिगड़ सकता है। योगी आदित्यनाथ सरकार पर ठाकुरवाद के आरोप लंबे समय से लगते रहे। ब्राह्मण विधायकों ने अलग बैठक की तो पार्टी अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चेतावनी दे दी। यूजीसी के इक्विटी नियमों पर बरेली के मजिस्ट्रेट ने इस्तीफा दे दिया, लखनऊ में दस से ज्यादा बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ी। शंकराचार्य अवमुक्तेश्वरानंद के साथ हुए विवाद और बटुकों के अपमान की घटनाओं ने नाराजगी बढ़ाई। बीजेपी ने मनोज पांडे को कैबिनेट में जगह देकर नुकसान नियंत्रण की कोशिश की, लेकिन सपा इसे मौका मान रही है।

अखिलेश यादव पिछले कुछ समय से ब्राह्मण चेहरों को आगे बढ़ा रहे हैं। माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाया, हरिशंकर तिवारी को श्रद्धांजलि दी, उनके बेटे विनय शंकर तिवारी पर कार्रवाई का विरोध किया। गोरखपुर के तिवारी हाता का मुद्दा उठाकर योगी सरकार को ब्राह्मण विरोधी बताया। सपा का तर्क है कि कृष्ण-सुदामा की दोस्ती हजारों साल पुरानी है। यादव और ब्राह्मण साथ आ सकते हैं। जनेश्वर मिश्र की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी कह रही है कि उनका मिशन रुकेगा नहीं।बीजेपी के लिए यह चुनौती बड़ी है। 1990 के दशक में राम मंदिर आंदोलन के बाद ब्राह्मण बड़ी संख्या में उसके साथ आए। अटल बिहारी वाजपेयी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं ने पकड़ मजबूत की। 2014 के बाद गैर-यादव ओबीसी, गैर-जाटव दलित और सवर्ण का गठजोड़ बना। ब्राह्मण उसमें महत्वपूर्ण स्तंभ रहे। अब अगर थोड़ी भी दरार पड़ी तो पूर्वांचल और अवध की कई सीटों पर असर दिख सकता है। सपा मानती है कि ब्राह्मण समाज स्विंग वोटर भी रहा है। परिस्थितियां बदलें तो रुख बदल जाता है। बसपा अभी भी 2007 की याद दिला रही है और ब्राह्मण उम्मीदवार उतारने की बात कर रही है।

कांग्रेस के लिए भी मौका है, लेकिन उसकी पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। यूपी की राजनीति सिर्फ आबादी के आंकड़ों पर नहीं चलती। प्रभाव और फैलाव मायने रखता है। ब्राह्मण समाज न सिर्फ वोट देता है बल्कि राय बनाने की क्षमता भी रखता है। सपा अब पीडीए को और समावेशी बनाने की कोशिश में है। युवाओं के बीच पेपर लीक, बेरोजगारी, संविदा भर्ती जैसे मुद्दे उठाकर सवर्ण युवाओं तक पहुंच बनाने की कवायद है। अखिलेश यादव जानते हैं कि मूल आधार कमजोर किए बिना अगर सवर्णों का एक हिस्सा जुड़ जाए तो 2027 में सत्ता की राह आसान हो सकती है। लखनऊ का यह सम्मेलन उसी दिशा में पहला बड़ा कदम है। अब देखना यह है कि ब्राह्मण समाज इस नई पेशकश को कितना स्वीकार करता है और क्या वाकई यूपी का चुनावी गणित बदलने वाला है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# नशामुक्त समाज व घुसपैठ रोकना सरकार का लक्ष्य

*हृदयनारायण दीक्षित*

देश को नक्सलवाद-माओवाद के आतंक से मुक्ति दिलाने के बाद केंद्र सरकार ने दो नये अहम अभियान प्रारंभ किये हैं- पहला, भारत को घुसपैठियों से मुक्त करना और दूसरा, युवाओं को नशे की लत से मुक्ति दिलाना। भारत के किशोरों तथा युवाओं को हर प्रकार के नशे से मुक्ति दिलाने के लिए 2 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का प्रारंभ करते हुए वीडियो संदेश जारी किया है। अपने सन्देश में प्रधानमंत्री ने कहा कि जो युवा नशे से लड़कर बाहर निकलते हैं वे कमजोर नहीं बल्कि असली योद्धा होते हैं। समाज को उनका सम्मान करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं ताकि भारत कभी भी एक सशक्त एवं विकसित देश के रूप में स्थापित न हो सके। इस साजिश को हम सबको मिलकर नाकाम करना होगा। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा। अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार को कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। नशे की लत युवाओं के सपनों और परिवार दोनों को ही तोड़ देती है। नशा केवल व्यक्ति या परिवार को नहीं बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है।

इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ाना है। प्रत्येक रविवार को देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम होंगे जिसमें वॉकाथन और दौड़, खेल प्रतियोगिताएं, योग और ध्यान सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, नशा विरोधी जागरूकता अभियान, चर्चा और संवाद कार्यक्रम, पेंटिंग्स व आर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। यह अभियन 125 से अधिक आध्यात्मिक, सामाजिक तथा सरकारी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आर्ट ऑफ़ लिविंग, गायत्री परिवार, इस्कॉन से लेकर माता अमृतानंदमयी मठ जैसे संगठन इस अभियान से जुड़ कर कार्य कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद् पहले से व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चला रहा है। युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी नशे की जड़ों पर प्रहार करने का युद्ध छेड़ रखा है। ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

> **वर्तमान समय में नशे का सबसे बड़ा केन्द्र पंजाब तथा पूर्वोत्तर के कई छोटे राज्य हैं। विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के युवाओं को नशे की लत में धकेलने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अपने कुत्सित प्रयासों को सफल बनाने के लिये ये लोग स्थानीय स्तर के अपराधियों व बिगड़ैल युवाओं का सहारा लेते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में नशे के संकट पर चिंता जताते हुए कहा था कि नशा राज्य के अस्तित्व पर खतरा बन सकता है।संगठित गिरोहों की जांच में पुलिस प्रशासन के साथ ही अदालत को भी सतर्क रहना होगा। भारत में ड्रग्स की खेप कई रास्तों से आती है। बांग्लादेश-पाकिस्तान तथा नेपाल सीमा से ड्रग्स आसानी से आ-जा रहा है। गुजरात के समुद्री तट से भी नशे का कारोबार कंटेनर और समुद्री मार्ग से चलता आ रहा है। हालांकि, सरकार के प्रयासों से कुछ रोकथाम हुई है किंतु खतरा बरकरार है।**

तस्करी करके बड़ी मात्रा में विदेशों से आने वाली ड्रग्स की जब्ती बंदरगाहों तथा एयरपोर्ट्स की जा रही है और उसे नष्ट किया जा रहा है। वर्ष 2021 में 2988 किलो हेरोइन, 2022 में 927 किलो गांजा, 2023 में 122 किलो मेफेड्रोन, 2024 में 770 किलो मेथाफाटेमाइन और 2026 में फिर 522 किलो गांजा बरामद किया जा चुका है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार 2020 से मई 2025 तक तक 116 बड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,09,318 किलोग्राम नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं और उनको नष्ट किया गया है।

वर्तमान समय में नशे का सबसे बड़ा केन्द्र पंजाब तथा पूर्वोत्तर के कई छोटे राज्य हैं। विदेशी आतंकी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर व पूर्वोत्तर के युवाओं को नशे की लत में धकेलने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अपने कुत्सित प्रयासों को सफल बनाने के लिये ये लोग स्थानीय स्तर के अपराधियों व बिगड़ैल युवाओं का सहारा लेते हैं। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब में नशे के संकट पर चिंता जताते हुए कहा था कि नशा राज्य के अस्तित्व पर खतरा बन सकता है।संगठित गिरोहों की जांच में पुलिस प्रशासन के साथ ही अदालत को भी सतर्क रहना होगा। भारत में ड्रग्स की खेप कई रास्तों से आती है।

बांग्लादेश-पाकिस्तान तथा नेपाल सीमा से ड्रग्स आसानी से आ-जा रहा है। गुजरात के समुद्री तट से भी नशे का कारोबार कंटेनर और समुद्री मार्ग से चलता आ रहा है। हालांकि, सरकार के प्रयासों से कुछ रोकथाम हुई है किंतु खतरा बरकरार है। म्यांमार से भी ड्रग्स की तस्करी हो रही है। यही नहीं छोटे-छोटे देश मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, मालदीव, हांगकांग सहित तमाम देशों से ड्रग्स की सप्लाई अनेक प्रकार से हो रही है। पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन ड्रोन आदि के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रग्स, हथियार व धन गिराते रहते हैं। इस प्रकार नशे की सप्लाई अनेक तरीकों से होती है और उन्हें भारत के किशोरों तथा युवाओं तक विभिन्न तरीकों से पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 में एम्स के सर्वे में पाया गया कि 11 से 14 वर्ष की उम्र में ही किशोर नशीले पदार्थों के संपर्क मे आ गए थे।

इन विषम परिस्थितियों को देखते हुए यह वृहद अभियान प्रारंभ किया गया है। नशे से आतंकवाद को पनपने में बहुत मदद मिलाती है इसलिए, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन के बाद 28 हजार से अधिक स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवाओं ने भाग लिया और एक साथ नशा मुक्त भारत की शपथ ली। नशामुक्ति का यह अभियान राजनीति से दूर रहकर चलना चाहिए तभी भारत के किशोर, युवा और परिवार तथा बहन -बेटियां सुरक्षित जीवन जी सकेंगी और वर्ष -2047 तक भारत विकसित भारत बनकर उभर सकेगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## नो बीमा, नो पेट्रोल...!

**नो बीमा, नो पेट्रोल, सड़कों पे फिर कैसा रोल?**
**नियम सबके लिए हैं, क्यों हों उनमें कोई होल?**
**वाहन ले निकल पड़े जब, जिम्मेदारी भूल गए,**
**अपनी ही नहीं, राहगिरों की सुरक्षा से दूर गए।**

**बीमा सिर्फ कागज़ नहीं, विश्वास की वो ढाल है,**
**दुर्घटना की घड़ी में, परिवार का संबल हाल है।**
**पेट्रोल बिन रथ न दौड़े, बीमा बिन सफ़र अधूरा,**
**नियमों का सम्मान करेंगे, तब बनेगा भारत पूरा।**

**सड़कें केवल राह नहीं हैं, जीवन की यह डोर हैं,**
**ये नो बीमा, नो पेट्रोल, जिम्मेदारी की ओर है।**
**आओ मिलकर प्रण लें, नियमों का सम्मान करें,**
**सुरक्षित यात्रा व जीवन, देश का अभिमान करें।**




# भारत छोड़ो आंदोलन की अमिट गाथा

*योगेश कुमार गोयल*

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में ऐसे निर्णायक मोड़ का प्रतीक है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को गहराई से हिला दिया था। यह केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं था बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता के प्रति अटूट इच्छा, आत्मबल और त्याग की पराकाष्ठा का सशक्त उदाहरण था। हर वर्ष 8 अगस्त को 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो हमें उस ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाता है, जब पूरा देश एक स्वर में ब्रिटिश शासन के खिलाफ खड़ा हो गया था।


द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारत की राजनीतिक स्थिति अत्यंत जटिल हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने भारत को बिना उसकी सहमति के युद्ध में झोंक दिया था, जिससे भारतीय नेताओं और जनता में व्यापक असंतोष फैल गया। इसी बीच, 1942 में 'क्रिप्स मिशन' भारत आया, जिसने युद्ध के बाद भारत को डोमिनियन स्टेटस देने का प्रस्ताव रखा लेकिन यह प्रस्ताव अस्पष्ट और अधूरा था। भारतीय नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि इसमें तत्काल स्वतंत्रता की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं थी। इस असफलता ने आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की।

8 अगस्त 1942 को बॉम्बे (अब मुंबई) के गोवालिया टैंक मैदान, जिसे आज 'अगस्त क्रांति मैदान' के नाम से जाना जाता है, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ। इसी अधिवेशन में 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया गया। महात्मा गांधी ने इस अवसर पर अपने प्रसिद्ध 'करो या मरो' के नारे के साथ देशवासियों को स्वतंत्रता के लिए अंतिम संघर्ष के लिए प्रेरित किया। यह नारा केवल आह्वान नहीं था बल्कि यह उस समय के भारत के आत्मविश्वास और संकल्प का प्रतीक बन गया। इस आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह एक पूर्ण जन-आंदोलन बन गया था।

9 अगस्त 1942 की सुबह ही गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और अन्य प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। अंग्रेजों का उद्देश्य था कि नेतृत्व को खत्म कर आंदोलन को दबा दिया जाए लेकिन इसका उल्टा प्रभाव हुआ। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और अधिक उग्र और व्यापक हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों में जनता स्वतः सड़कों पर उतर आई। छात्रों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में इस आंदोलन में भाग लिया।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं भी हुई। रेलवे लाइनों को नुकसान पहुंचाया गया, टेलीफोन और तार सेवाएं बाधित की गई और सरकारी इमारतों पर हमले किए गए। हालांकि महात्मा गांधी का आंदोलन अहिंसात्मक था लेकिन जनता के भीतर दबी हुई आक्रोश की भावना कई स्थानों पर उग्र रूप में सामने आई। ब्रिटिश सरकार ने भी इस आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए। पुलिस और सेना ने बल प्रयोग किया, हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई स्थानों पर गोलीबारी हुई, जिसमें सैंकड़ों लोग शहीद हो गए। इस आंदोलन में महिलाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। अरुणा आसफ अली, उषा मेहता, सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिलाओं ने न केवल आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई बल्कि नेतृत्व भी किया। उषा मेहता ने 'कांग्रेस रेडियो' के माध्यम से आंदोलन की

**भारत छोड़ो आंदोलन दिवस (8 अगस्त) पर विशेष**



जानकारी और संदेश पूरे देश में पहुंचाए। यह दर्शाता है कि यह आंदोलन केवल पुरुषों तक सीमित नहीं था बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी थी।

भारत छोड़ो आंदोलन का महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि इसने ब्रिटिश शासन को अहसास करा दिया कि अब भारत पर शासन करना संभव नहीं है। यह आंदोलन भले तत्काल स्वतंत्रता नहीं दिला सका लेकिन इसने अंग्रेजों की प्रशासनिक और मानसिक पकड़ को कमजोर कर दिया। इसके बाद ब्रिटिश सरकार ने यह समझ लिया कि भारत में उनका शासन लंबे समय तक टिक नहीं सकता। इस आंदोलन का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देखा गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटेन पहले ही आर्थिक और सैन्य दबाव में था। भारत में इस तरह के व्यापक जन-आंदोलन ने उसकी स्थिति को और कमजोर कर दिया। युद्ध के बाद जब ब्रिटेन की स्थिति और खराब हुई तो भारत को स्वतंत्रता देना उसके लिए एक अनिवार्यता बन गया। भारत छोड़ो आंदोलन का सबसे बड़ा योगदान यह था कि इसने भारतीय जनता को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाया। इस आंदोलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जनता एकजुट होकर किसी लक्ष्य के लिए खड़ी होती है तो सबसे शक्तिशाली साम्राज्य भी उसके सामने टिक नहीं सकता।

यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अंतिम और निर्णायक चरण था, जिसने 1947 में मिली स्वतंत्रता की नींव को मजबूत किया। आज जब हम 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' मनाते हैं तो यह केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं है बल्कि हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं बल्कि उन अनगिनत बलिदानों का परिणाम है, जिन्हें हमें हमेशा संजोकर रखना चाहिए। वर्तमान समय में जब देश विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब इस आंदोलन की भावना (एकता, साहस और संकल्प) हमारे लिए मार्गदर्शक बन सकती है।

भारत छोड़ो आंदोलन केवल अतीत की एक घटना मात्र नहीं है बल्कि यह एक विचार, एक प्रेरणा है, जो हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराती है। 'करो या मरो' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जो हमें अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। यही इस ऐतिहासिक आंदोलन की सबसे बड़ी विरासत है, जिसे हमें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दर्जी ट्रेड का साक्षात्कार 12 से 14 अगस्त तक

**हमीरपुर।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी (टेलरिंग) ट्रेड के अवशेष चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त उद्योग जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने उद्योग विभाग के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया है, उनका साक्षात्कार 12, 13 एवं 14 अगस्त 2026 को प्रातः 10:00 बजे से कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र में आयोजित होगा।उपायुक्त उद्योग ने कहा कि समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार किया जाएगा। इसलिए सभी अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### यूनिफार्म पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**मौदहा।** अभी तक परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को यूनिफार्म वितरित की जाती थीं लेकिन एक प्राइवेट स्कूल में बच्चों को फ्री में दिए गए यूनिफार्म वितरण की कस्बे में सराहना हो रही है। कस्बे के नेशनल कालेज के पीछे तिंदुही रोड स्थित किण्डर गार्डन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य कमल किशोर ने विद्यालय के तीन दर्जन बच्चों को एक सादे समारोह में यूनिफार्म वितरित की। बच्चों को यूनिफार्म वितरण के समय बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे और उन्होंने प्रधानाचार्य की इस पहल की सराहना की।

### लोहे के गेट में उतरा करंट एक युवक की मौत



**मुस्करा।** इमिलिया गांव में लोहे के दरवाजे में उतरे करेंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई इस घटना से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। मुस्करा थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव निवासी श्री प्रकाश यादव ने बताया कि उसका 25 वर्षीय पुत्र तुलसीदास शुक्रवार की सुबह लगभग दस मंदिर से वापस आकर घर के बाहर लगे लोहे के फाटक (दरवाजे)खोलने लगा इसी दौरान करंट की चपेट में आकर तुलसीदास फाटक के पास ही गिर पड़ा। जिसे देख आनन फानन परिजन तुरंत उन्हें लेकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गए जहां मौजूद डॉ शिवजी गुप्ता ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही मां और बहन सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया।वहीं इस घटना से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। इस मामले में मुस्करा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप ने बताया कि परिजनों की लिखित आग्रह के बाद शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

### विक्षिप्त ने बुजुर्ग को पीट पीट कर मार डाला



**महोबा।** जिले के खन्ना थाना क्षेत्र के ग्योड़ी गांव में दिनदहाड़े एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहाँ एक बुजुर्ग को विक्षिप्त ने पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। बुजुर्ग को जीवित समझकर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। खन्ना थाना क्षेत्र के ग्योड़ी ग्राम निवासी रामाधार वर्मा 80 वर्ष शुक्रवार की सुबह वह अपने खेतों के लिए खुरपी सही करवाने और चारपाई बनवाने के इरादे से गांव के लोहार शिवदास विश्वकर्मा के घर गए थे। वह अभी दरवाजे पर ही पहुंचे थे कि हरिशंकर विश्वकर्मा उर्फ ठोकिया पुत्र शिवदास हाथ में फरसा डंडा लेकर आ गया। बिना किसी कहासुनी या ठोस वजह के, आरोपी हरिशंकर ने अचानक बुजुर्ग पर हमला बोल दिया। उसने फरसा डंडे से रामाधार वर्मा पर कई ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में रामाधार वर्मा को आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही खन्ना थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्यारोपी हरिशंकर उर्फ ठोकिया को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं सीओ रविकांत गौड़ ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की कानूनी जांच और अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। प्राप्त तहरीर के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### विश्वकर्मा पूजन के लिए तय किया कार्यक्रम

**बांदा।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की महत्वपूर्ण बैठक मंडी समिति स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित की गई, जिसमें 9 अगस्त को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजन अर्चन कार्यक्रम से संबंधित रूपरेखा का निर्धारण किया गया। यह जानकारी देते हुए महासभा के जिलाध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा ने जनपद के सभी विश्वकर्मा बंधुओं, जिसमें लौहकार, काष्ठकार, ताम्रकार, शिल्पकार व स्वर्णकार समाज से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### रालोद के विधानसभा व ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत

**बांदा।** राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद ने प्रदेश अध्यक्ष डा.रामाशीष राय के अनुमोदन व एससीएसटी प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर की संस्तुति पर संगठन के विधानसभा क्षेत्र व ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किए गए। विधानसभा अध्यक्ष में सदर के लिए केशपाल कोटार्य, नरैनी देवराज गौतम, तिंदवारी हरिवरण वर्मा व बबेरू के विमलेश सिंह वर्मा मनोनीत किए गए। इसी प्रकार ब्लाक अध्यक्षों में बड़ोखर खुर्द के लिए राजाभइया वर्मा, महुआ हुकुम सिंह, नरैनी, भीम सिंह, बिसंडा राजा सिंह वर्मा, कमासिन के लिए छत्रपाल वर्मा, बबेरू पारसनाथ भारतीय, तिंदवारी जगदीश प्रजापति व जसपुरा के लिए छोटेलाल वर्मा मनोनीत किए गए।

### मॉं की डांट के बाद किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**ललितपुर।** थाना गिरार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लडारी में माँ की डांट के बाद आदिवासी किशोरी ने उस समय अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। जब उसके मां–बाप बाजार चले गए और भाई मछली पकड़ने के लिए गया था। घर लौटने पर दरवाजे बंद थे, इसके बाद खिड़की से झांक कर देखने पर पुत्री का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजे खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। लड़ारी निवासी 14 वर्षीय नैनसी पुत्र पप्पू सहरिया बुधवार को अपने घर पर थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी मां ने उसे जमकर डांट दिया। इसके बाद उसका भाई मोहन मछली पकड़ने चला गया और माता नब्बो –पिता पप्पू सामान लेने बाजार चले गए। बताया गया है कि शाम को जब भाई मोहन घर से लौट कर आया तो दरवाजे अंदर से बंद थे, इसलिए वह दीवार फांदकर घर के अंदर गया और पीछे बने बाड़े में मछली बनाने का काम करने लगा, क्योंकि घर अंदर बंद था। ज़ब माँ बाप शाम को लौटकर आये, तो बेटी के बारे में पूंछा, तो पुत्र ने जानकारी नहीं होने का हवाला दिया। ज़ब माँ ने झाँक कर देखा, तो बेटी घर के भीतर लगी बल्ली पर दुपट्टे के फंदे पर लटक रही थी। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को बुलाया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे के दरवाजे खुलवाकर मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि मृतिका तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी।

# पशुबाड़े के फाटक में उतरे करंट से डीजे संचालक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**

क्षेत्र ग्राम पारा रैपुरा में डीजे संचालक के बाड़े में लगे फाटक में उतरे करंट से चिपककर दर्दनाक मौत हो गयी। अचानक हुई इस घटना से कोहराम मच गया है। परिजन आनन फानन मे उसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे यहां पर डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे वृद्ध माता-पिता के अलावा पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।



पारा रैपुरा निवासी अमन उर्फ घंटू बेरिया गांव निवासी राममिलन प्रजापति के साथ डीजे का संचालन का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह करीब 9:00 बजे दोनों बिरखेरा मार्ग स्थित राममिलन के पशु बाडे में किसी कार्य से गये हुए थे अमन आगे था उसने जैसे ही बाडे में लगे फाटक खोलने की कोशिश की। वह फाटक मे उतरे करंट की चपेट में आकर चिपक गया। राममिलन ने लकड़ी की मदद से उसे अलग किया और तत्काल कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर चेकअप के बाद उसे डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मृतक के पिता मुन्नीलाल, मां रेखा बेरिया, पत्नी प्रियंका बेरिया, पुत्र आर्यन 3 वर्ष, पुत्री आराध्या डेढ़ वर्ष का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक माता-पिता के इकलौती संतान था और डीजे का संचालन करके परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

# विशेष अभियान चलाकर छह किशोर श्रमिकों को कराया मुक्त

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देशन में जनपद में बाल श्रम अधिनियम, 1986 यथा संशोधित बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 के प्रभावी अनुपालन हेतु विशेष अभियान संचालित है। 01 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहें बाल एवं किशोर श्रमिकों के चिन्हांकन, अवमुक्तीकरण एवं पुनर्वास के लिए व्यापक अभियान को लेकर शुक्रवार को सुमेरपुर एवं मौदहा तहसील क्षेत्रों में सीडब्ल्यूसी मजिस्ट्रेट विभा भारती, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विजयपाल सोनकर, जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी राकेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में सघन निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जिसमें 5



सेवायोजकों के यहां कार्यरत 6 बाल एवं किशोर श्रमिकों को मुक्त कराते हुए संबंधित सेवायोजकों के विरुद्ध निरीक्षण टिप्पणियां जारी की गईं तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ की गई।अभियान के दौरान अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों एवं व्यापारियों को बाल श्रम निषेध संबंधी कानूनों की जानकारी देते हुए किसी भी बालक अथवा किशोर से अवैधानिक रूप से कार्य न कराने की अपील की।निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा प्रतिष्ठान संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन के अनुरूप श्रमिकों को वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## सोमवती अमावस्या पर कामतानाथ के दर्शन के लिए गांव से जत्था रवाना



**कुरारा।** धर्मनगरी चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन और परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को कुरारा विकास खंड क्षेत्र के बेरी गांव से पैदल जत्था रवाना हुआ।जत्थे में शामिल श्रद्धालुओं का जगह–जगह लोग स्वागत कर रहे हैं। यह धार्मिक परंपरा पिछले 10 वर्षों से चली आ रही है, जिसके तहत हर साल बड़ी संख्या में भक्त पैदल चित्रकूट पहुंचते हैं। क्षेत्र के बेरी गांव से करीब सैकड़ों लोगों रामधुन के साथ गांव के प्रमुख मंदिरों में पूजा–अर्चना कर बेतवा नदी पार कर चित्रकूट के लिए रवाना हुए। गांव के राम–लखन, रामरतन ने बताया कि सभी श्रद्धालु अमावस्या से एक दिन पहले चित्रकूट पहुंचेंगे। वहां रात्रि विश्राम के बाद वे भगवान कामतानाथ के दर्शन करेंगे और पवित्र परिक्रमा पूरी करेंगे। इसके उपरांत सभी अपने–अपने घरों के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस बार भी पैदल यात्रियों की टोली ने उत्साहपूर्वक यात्रा शुरू की। भक्तजन भगवान कामतानाथ जी के जयकारे लगाते हुए झमाझम बारिश के बीच चित्रकूट की ओर बढ़े। महिलाओं और पुरुषों में अद्भुत आनंद और उत्साह दिखाई दिया, सभी लोग नृत्य करते और गाते–बजाते हुए भगवान का जयकारा लगा रहे थे।

## रंगरेलियां मना रहे युवक युवती को खदेड़ा

**सुमेरपुर।** कस्बे के प्रमुख धार्मिक स्थल गायत्री तपोभूमि प्रांगण में निर्जन स्थान में झाड़ियो के पास रंगरेलियां मना रहे युवक युवती को डायल 112 की टीम ने डांट डपट कर भगा दिया। युवक बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है जबकी युवती सिसोलर थाना क्षेत्र की निवासी है। दोनों एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। कस्बे के गायत्री तपोभूमि में एक युवक वाहन से युवती को लेकर तपोभूमि प्रांगण पहुंचा और बाइक को निर्जन स्थान पर खड़ा करके युवती को झाड़ियो के पीछे ले जाकर रंगरेलियां मनाने में मसगूल हो गया। डायल 112 की टीम ने दोनों को पड़कर कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत देकर तपोभूमि प्रांगण से भगाया। युवक युवती ने माफी मांगते हुए भविष्य में यहां नहीं आने का वायदा किया है।

## दो दिन से लापता अविवाहित किसान का पुलिया के नीचे पानी में मिला शव

▶ मौत की वजह की जांच में जुटी पुलिस

**राठ।** मझगवां थाना क्षेत्र के अटगांव गांव निवासी दो दिन से लापता युवक का शव शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर पुलिया के नीचे पानी में पड़ा मिला। चरवाहे की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अटगांव निवासी भरत कुमार नायक ने बताया कि उनके बड़े भाई 38 वर्षीय योगेंद्र शंकर उर्फ हल्कू करीब चार बीघा जमीन पर खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। बुधवार शाम वह गांव में टहलने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। स्वजनों ने उनकी काफी तलाश की? मगर कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार दोपहर गांव के बाहर सरगांव रोड स्थित पुलिया के नीचे पानी में शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां शव की पहचान योगेंद्र शंकर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची मझगवां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक आ अविवाहित था। गांव के बाहर कैसे पहुंचे, इसकी जानकारी नहीं है। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे मां अर्चना, भाई भरत कुमार, शिवा और महेश को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। मझगवां थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मामले की जांच की जा रही है।

## हाइवे में आमने-सामने भिड़े डम्फर चालक घायल



**सुमेरपुर।** तड़के नेशनल हाईवे 34 में जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार डम्फर आमने–सामने टकरा जाने से एक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने इसको एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। शुक्रवार को तड़के कबरई से गिट्टी लादकर कानपूर की ओर जा रहा डम्फर सामने से आ रहे डम्फर से टकरा गया। यह घटना सीमेंट फैक्ट्री के बाहर हाइवे पर खड़े ट्रको के चलते हुए डम्फरो के आमने–सामने टकरा जाने से एक चालक संग्राम सिंह 45 गदनखेड़ा उन्नाव गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उपचार के बाद चालक की हालत में सुधार बताया जा रहा है बाद में पुलिस ने हाइड्रा की मदद से डम्फर को किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया।

## 9 से 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**झांसी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 17 अगस्त तक जनपद में हर घर तिरंगा अभियान–2026 का आयोजन किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन को लेकर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव का जनभागीदारी आंदोलन बन चुका है। इस वर्ष अभियान के तहत तिरंगा फहराने के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, तिरंगा रैलियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डिजिटल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। लोगों को तिरंगे के साथ सेल्फी एवं वंदे मातरम् गायन के वीडियो हर घर तिरंगा पोर्टल पर अपलोड करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, अस्पतालों और प्रमुख चौराहों को तिरंगा थीम पर सजाया जाए तथा राष्ट्रीय ध्वज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही शहीदों के परिजनों का सम्मान, तिरंगा कॉन्सर्ट और राष्ट्रभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सीडीओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत तिरंगों का निर्माण कराया जाएगा। अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को आभार पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सभी खंड विकास अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

## बुंदेलखंड विवि में मीडिया साक्षरता एवं फेक न्यूज़ जागरूकता विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के मल्टी मीडिया एंड रिसर्च सेंटर, पत्रकारिता भवन में ÷मीडिया साक्षरता एवं फेक न्यूज़ जागरूकता÷ विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रुचिता सुजाई चौधरी, सहायक आचार्य, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।



अपने व्याख्यान में डॉ. रुचिता ने डिजिटल युग में मीडिया साक्षरता के महत्व, फेक न्यूज़ की पहचान, सूचना के सत्यापन की प्रक्रिया तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी समाचार या सूचना को साझा करने से पहले उसके स्रोत की विश्वसनीयता की जांच करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने बताया कि जागरूक नागरिक ही फेक न्यूज़ के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विषय से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. कौशल त्रिपाठी के साथ डॉ. राघवेंद्र दीक्षित, उमेश शुक्ल, डॉ. अभिषेक कुमार, देवेंद्र सिंह एवं वीरेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत फांसी के फंदे पर लटका मिला मिला शव

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष ने पति, सास, ससुर, जेठ और देवर पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अपाचे बाइक और दो लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या की गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। श्रीनगर थाना क्षेत्र के कुल्लाई पहाड़िया गांव की निवासी इमरती राजपूत का विवाह 11 जुलाई 2024 में टिकरिया गांव निवासी जगत सिंह के साथ हुआ था। मायके पक्ष का कहना है कि उन्होंने अपनी आर्थिक क्षमता से बढ़कर दहेज दिया था। इसके लिए जमीन तक गिरवी रखनी पड़ी और शादी के समय दो लाख रुपये नकद भी दिए गए थे। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद भी ससुराल पक्ष की दहेज की मांगें जारी रहीं। इमरती को गहनों को लेकर ताने दिए जाते थे और पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि पति अपाचे बाइक और दो लाख रुपये अतिरिक्त नकद की मांग कर रहा था। मृतका के भाई कृष्ण कुमार ने बताया कि बहन को प्रताड़ना से बचाने के लिए परिवार ने जमीन के कागजात गिरवी रखकर दो किस्तों में 90 हजार रुपये और दिए, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला।

## अल्ट्राटेक स्टिमुलस-2026 के जोनल फाइनल में पहुंचे बीआईईटी के रितेश और पलक

**झांसी।** बुंदेलखंड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीआईईटी), झांसी के बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के छात्र रितेश मौर्य और छात्रा पलक चतुर्वेदी ने प्रतिष्ठित अल्ट्राटेक स्टिमुलस-2026 सिविल इंजीनियरिंग प्रतियोगिता के जोनल फाइनल में स्थान बनाकर संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का जोनल फाइनल यूनाइटेड कॉलेज, प्रयागराज में आयोजित होगा।अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सेंट्रल जोन से छह विद्यार्थियों का चयन अगले चरण के लिए हुआ है, जिनमें दो विद्यार्थी बीआईईटी झांसी के हैं। बीआईईटी स्थित अल्ट्राटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं सिविल



इंजीनियरिंग विभाग के मार्गदर्शन को विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जोनल विजेता को 20 हजार रुपये तथा राष्ट्रीय विजेता को 50 हजार रुपये नकद पुरस्कार के साथ अल्ट्राटेक में रोजगार का अवसर मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रो. जितेंद्र कुमार शर्मा एवं शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भोलेनाथ के जयकारों के साथ चित्रकूट जल लेने रवाना हुए कांवड़िया

▶ सदर विधायक व नपा चेयरमैन ने कांवड़ियों का किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

श्रीवामदेव कांवड़िया समिति बोल बम ग्रुप के तत्वावधान में कांवड़ियों का जत्था गाजे-बाजे के साथ जल लेने को चित्रकूट रवाना हुआ। विधि विधान पूजन के साथ शिव भक्त कंवर को कंधे पर लेकर बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा। सदर विधायक व नगर पालिका चेयरमैन समेत तमाम लोगों ने कांवड़ियों के जत्थे पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के विभिन्न मार्गो से होकर भव्य यात्रा निकली।

सावन माह के दौरान कांवड़ियों के जत्थे भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक को रवाना होने लगे। प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर चित्रकूट जाते हैं। तमाम लोग आस्था के अनुसार बाबा बैजनाथ दर्शन के लिए पहुंचते हैं तो कुछ श्रद्धालु कांवड़ लेकर चित्रकूट रवाना होते हैं। श्रीवामदेव कांवड़िया समिति बोल बम ग्रुप की अगुवाई में शुक्रवार को कांवड़ यात्रियों का जत्था चित्रकूट के लिए



रवाना हुआ। गाजे-बाजे के साथ फूटा कुआं से शुरू हुई यात्रा खिन्नी नाका, छोटी बाजार, छिपटहरी, कोतवाली रोड, शंकर गुरु चौराहा, महेश्वरी देवी मंदिर चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंची। इस दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू समेत तमाम लोगों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह कांवड़ियों का स्वागत किया। बोल बम-बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा के छोटी बाजार पहुंचने पर कांवड़ यात्रियों को शर्बत वितरित किया। इस दौरान भक्ति गीतों पर कांवड़ियों के साथ तमाम श्रद्धालु जमकर थिरके। रेलवे स्टेशन पर सभी कांवड़ियों के माथे पर रोली-चंदन का टीका लगाया और माला पहनाकर स्वागत हुआ।

## होमगार्ड की परीक्षा पास करने वाला मुन्ना भाई दस्तावेज वेरिफिकेशन में धराया

▶ वेरीफिकेशन अधिकारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**

कुछ समय पूर्व आयोजित की गई उत्तर प्रदेश होमगार्ड प्रवेश परीक्षा में मुन्ना भाई बनकर दस्तावेजों में हेर फेर कर होमगार्ड की परीक्षा देने वाला कानपुर का परीक्षार्थी जनपद में हुए दस्ताबेज वेरिफिकेशन के दौरान दबोचा गया। जांच के दौरान अभ्यर्थी के आधार कार्ड व अंक पत्र में हेरा फेरी की जानकारी हुई। जिसके बाद जांच अधिकारी ने शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज कराया। बतातें चलें कि जनपद के स्थानीय पुलिस लाइन में अभिलेख की समीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की परीक्षा आयोजित की गई थी जहां वह प्रतिभाग करने आया था।



मिली जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व शासन के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर भर्ती परीक्षा पूरे यूपी में संपन्न कराई गई थी। इस परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई थी। लेकिन कानपुर निवासी बृजेश कुमार पुत्र मदनलाल ने मुन्ना भाई बनकर इस प्रवेश परीक्षा में प्रतिभा किया। हालांकि प्रवेश परीक्षा में वह सफल रहा लेकिन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान वह दबोच लिया गया। बताया गया है कि दिनांक 4 अगस्त 2026 को जनपद के स्थानीय पुलिस लाइन में होमगार्ड भर्ती हेतु अभिलेख की सभी इच्छा एवं शारीरिक मानक परीक्षण ( डीवी/पीएसटी ) का आयोजन किया गया, जहां उक्त मुन्ना भाई भी आया था। इस दौरान ज़ब बृजेश कुमार उर्फ़ मुन्ना भाई के बायोमेट्रिक के दौरान आधार कार्ड की जांच की गई, तो जानकारी हुई की पहली जन्मतिथि 13 जनवरी 1986 और दूसरी जन्मतिथि 13 अगस्त 1990 मौजूद थी। इसके साथ ही हाई स्कूल की अंक पत्र में भी अनुक्रमांक और वर्ष अलग-अलग दर्ज किए गए थे। जब दोनों ही दस्तावेज संदिग्ध पाई गई तब उनकी जांच कराई गई, जिसमें जानकारी हुई, कि हाई स्कूल के प्रमाण पत्र में इसलिए जन्मतिथि दर्ज कराई गई थी कि अभ्यर्थी ओवरहेड हो रहा था इसीलिए डुप्लीकेट मार्कशीट बनवाकर और आधार कार्ड बनवा कर रस परीक्षा में प्रतिभा किया।

## ग्राम पंचायतों का लंबित भुगतान न करने वाले सचिवों पर हो कार्रवाई

▶ अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर की मांग
▶ अफसरों पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने के लगाए आरोप

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले ग्राम प्रधानों अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूरा होने के बाद लंबित भुगतान न करने वाले सचिवों पर कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर ग्राम प्रधान आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष व गलौली ग्राम प्रधान बृजेंद्र सिंह गौतम की अगुवाई शुक्रवार को ग्राम प्रधानों का जत्था कलक्ट्रेट पहुंचा। डीएम कार्यालय के बाहर मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि ग्राम पंचायतों में पुराने सत्र में कराए गए विकास कार्यों के पूरा होने के बाद भुगतान नहीं किया गया है। न ही संबंधित अधिकारियों ने सकारात्मक कार्रवाई की। जिले में 469 ग्राम पंचायते शासन और प्रशासन के निर्देश पर निरंतर कार्यरत हैं। बताया कि कुछ ग्राम प्रधानों द्वारा उन्हें जानकारी दी गई है कि उनकी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूरा होने के बावजूद पंचायत सचिवों ने मजदूरों व सप्लायर का भुगतान नहीं किया। संबंधित सचिवों की शिकायत करने के बावजूद भी उच्च अधिकारियों ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। कुछ ब्लाकों में 7 मई को जारी पत्र के आधार पर एडीओ पंचायत स्तर से कुछ ब्लाकों में जांच हुई, लेकिन कोई भी भुगतान संबंधी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि कार्य पूरा होने के लंबित भुगतान शीघ्र कराए जाए। यह भी मांग की है कि उनकी ग्राम पंचायत गलौली में संचालित गौशाला में गौवंशों के भरण पोषण से संबंधित शेष भुगतान शीघ्र कराया जाए।

# संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचायें

**भाजपा जिला कार्यालय से किया कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ**



**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुक्रवार को कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला कार्यालय से श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समरसता, समानता और मानवता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाना बताया गया। यात्रा के शुभारंभ के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पावन मिट्टी से भरे कलश को अपने सिर पर धारण कर रथ पर स्थापित किया। ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और जयघोष के बीच यात्रा भाजपा जिला कार्यालय से रवाना हुई। कलश वंदन यात्रा लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के भदैयां मंडल स्थित पखरौली पहुंची, जहां विधायक सीताराम वर्मा, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा तथा मंडल अध्यक्ष रोहित यादव सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, सेवा और समानता का प्रेरक संदेश देता है तथा यह यात्रा उनके विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी। विधायक सीताराम वर्मा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संत रविदास के समरस समाज के संकल्प को जन-आंदोलन का स्वरूप देना है। इसके बाद यात्रा हनुमानगंज, दोमुहां, कामतागंज, भरथीपुर, लोदीपुर, नरहरपुर, कंधईपुर बाजार, रुदौली मंदिर, शिवपुरी मंदिर होते हुए सकरसी पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कलश का पूजन, पुष्पवर्षा और स्वागत किया। यात्रा का रात्रि विश्राम सकरसी में निर्धारित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. एम.पी. सिंह, एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. आर.ए. वर्मा, जगजीत सिंह छंगू, प्रवीण कुमार अग्रवाल, विजय रघुवंशी सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाबा जनवारी नाथ धाम में आज से तीन दिन महा रुद्राभिषेक शुरू

**लंभुआ, सुलतानपुर।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर बाबा जनवारी नाथ धाम में तीन दिवसीय सामूहिक महा रुद्राभिषेक का आयोजन शनिवार, 8 अगस्त से प्रारंभ होगा। धार्मिक अनुष्ठान 10 अगस्त तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बाबा जनवारी नाथ धाम सेवा संस्थान से जुड़े ज्योतिषाचार्य पंडित सुधांशु तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी सामूहिक महा रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। अनुष्ठान का संचालन आचार्य विपिन शुक्ला करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा सुख-समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति होती है।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सोलर पैनल कर्मी की मौत

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।**

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पुरुषोत्तमपुर निवासी 25 वर्षीय युवक की शुक्रवार को सोलर पैनल लगाने के दौरान हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा शहर के ओमनगर क्षेत्र में उस समय हुआ, जब वह एक भवन पर सोलर पैनल लगाने का कार्य कर रहा था। जानकारी के अनुसार, युवक विनय कुमार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कार्य के दौरान अचानक हाईटेंशन बिजली लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक विनय कुमार अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके परिवार में पत्नी, करीब तीन वर्षीय बेटी, वृद्ध माता-पिता तथा दो भाई हैं। असामयिक निधन से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक के बड़े भाई राजकुमार ने बताया कि विनय की आय से ही पूरे परिवार का भरण-पोषण होता था। उसके निधन के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिजनों ने शासन और स्थानीय प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं सरकारी मुआवजा दिए जाने की मांग की है।नगर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया गया।

## साइबर थाने ने दो पीड़ितों को वापस कराए 1.05 लाख रुपये

**सुलतानपुर।** साइबर अपराध के मामलों में साइबर थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो पीड़ितों को ठगी गई धनराशि वापस दिलाई गई। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में साइबर थाना टीम ने तकनीकी जांच और संबंधित बैंकिंग संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कुल 1,05,937 रुपये की धनराशि वापस कराई है। पहले मामले में एक पीड़िता का मोबाइल फोन चोरी होने के बाद उसके बैंक खाते से करीब 97,200 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई थी। मामले की जानकारी मिलने पर साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की और लगातार प्रयासों के बाद 95,937 रुपये की धनराशि को सुरक्षित कराकर पीड़िता को वापस दिलाया। वहीं दूसरे मामले में मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बिभारपुर निवासी अशोक कुमार यादव ने साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से खाते से 10 हजार रुपये निकल जाने की शिकायत की थी। साइबर थाना टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पूरी धनराशि वापस करा दी।

# प्रा. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष का हुआ सम्मान

**शिक्षकों ने दोनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर किया स्वागत**



**समृद्धि न्यूज, लंभुआ सुलतानपुर।**

प्राथमिक शिक्षक संघ (सुशील पांडेय गुट) जनपद सुलतानपुर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं जिला मंत्री राहुल तिवारी के स्वागत में ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) लंभुआ पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने दोनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. राम सागर गुप्ता ने किया। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों और समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए संगठन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने शिक्षकों से संगठन को मजबूत बनाने और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान भी किया। समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, विजय प्रताप सिंह, कुंवर कनिष्क प्रताप सिंह, रामकेश सिंह, सनत कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने के साथ हुआ।

# अनियंत्रित ट्रक ने दूसरे ट्रक चालक को रौंदा, मौत

**समृद्धि न्यूज, लंभुआ सुलतानपुर।**

लखनऊ से वाराणसी जा रहे ट्रक के चालक को दूसरे ट्रक ने शुक्रवार की सुबह रौंद दिया। ट्रक पर आलू लदा हुआ था। दुर्घटना कर ट्रक समेत चालक भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मृत ट्रक चालक बाराबंकी जिले के मलौली गांव का निवासी है। बाराबंकी जिले के मसौली कोतवाली के मलौली गांव निवासी राम बाबू (24) ट्रक लेकर वाराणसी की तरफ जा रहा था। लखनऊ मंडी से आलू लादकर ले जा रहे राम बाबू के साथ उसी गांव का दीपक कुमार बतौर खलासी मौजूद रहा। शुक्रवार को सुबह करीब सात बजे यह दोनों बेदूपारा मोड़ पर पहुँच कर ट्रक खड़ी कर दिए। पटरी पर ट्रक खड़ी करके चालक - खलासी बगल मौजूद दुकान पर नाश्ता करने लगे। करीब साढ़े सात बजे खलासी पानी लेने के लिए थोड़ी दूर पर मौजूद पेट्रोल पंप पर पानी लेने चला गया। चालक राम बाबू दाहिनी तरफ मौजूद केबिन का दरवाजा खोल कर बैठने के लिए जा रहा था। उसी दौरान पीछे से आई अनियंत्रित ट्रक ने उसे रौंद दिया। जब तक लोग कुछ समझ पाते चालक ट्रक समेत भाग निकला। खलासी ने चालक को फोरलेन पर गिरा देखा तो हल्ला गोहार मचाया। तब तक राहगीर भी जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में ले लिया।

## नहर से 48 घंटे बाद मिला विवाहिता का शव बरामद

**सुलतानपुर।** शारदा सहायक खंड-16 नहर में लापता हुई एक विवाहिता का शव घटना के करीब 48 घंटे बाद कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर फाटक के पास नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान हकीकुल के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब नौ माह पूर्व बेनी का पुरवा (मुंगर) निवासी शमशाद से हुई थी। उसका मायका मुंगर तुरकहिया में है।परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह पति-पत्नी के बीच फोन पर विवाद हुआ था। उनका कहना है कि विवाद के दौरान पति ने ट्रिपल तलाक दे दिया। परिजनों ने दहेज की मांग को विवाद की वजह बताया है। इसके बाद विवाहिता ने गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर गांव के पास शारदा सहायक खंड-16 नहर पुल से छलांग लगा दी। घटनास्थल से उसकी चप्पल और छाता बरामद हुआ था।

# वीबी जीरामजी के तहत 318 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

**सफल संचालन के लिए आपसी समन्वय के साथ करें कार्य**

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में प्रेरणा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने की। सम्मेलन में ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, खंड विकास अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, एपीओ, एडीओ पंचायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में अधिकारियों ने वीबीजीरामजी योजना के उद्देश्यों तथा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। बताया गया कि जनपद में योजना के अंतर्गत कुल 318 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें जल संरक्षण के 107, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के 88, आजीविका संवर्धन के 86 तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित 37 कार्य शामिल हैं।

बैठक में मजदूरों की दैनिक मजदूरी 252 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये किए जाने की जानकारी भी दी गई। इसके साथ ही सात दिनों के भीतर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने तथा कृषि सीजन के दौरान 60 दिनों तक चरणबद्ध तरीके से कार्य संचालित करने पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

## खबरें एक नजर में

### महना संपर्क मार्ग जर्जर, गड्ढे से बढ़ा हादसे का खतरा



**भेटुआ/अमेठी।** विकासखंड भेंटुआ क्षेत्र के महना गांव का संपर्क मार्ग बदहाल हो गया है। सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के साथ एक मोड़ पर गहरा गड्ढा बन गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दौरान गड्ढे में पानी भर जाने से उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी होती है। शशिकांत तिवारी, रामजतन प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, सियाराम प्रजापति और रवि सिंह समेत कई ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने तथा मोड़ पर बने गड्ढे को भरवाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन, 100 ने ग्रहण की सदस्यता

**अमेठी।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष महेश सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले के विभिन्न बाजारों से आए व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न संगठनों से जुड़े 100 से अधिक व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक में रामलीला मैदान स्थित एमआरएफ सेंटर और पावर हाउस के पास खुले में कूड़ा डाले जाने से फैल रही गंदगी तथा नगर पंचायत क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से हो रहे जलभराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

### पुलिस ने किया नकबजनी का सफल खुलासा, दो गिरफ्तार

**सांगीपुर-प्रतापगढ़।** थाना उदयपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन, एएसपी (पश्चिमी) बृजनन्दन राय के मार्गदर्शन व सीओ लालगंज राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत थानाध्यक्ष दीप नारायण के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजेश कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक संजय यादव, आरक्षी गिरीश कुमार, विधिचन्द और रवि कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना व साक्ष्य संकलन के आधार पर ग्राम पूरे नेवली मजरा रेहुआलालगंज निवासी सोनू सिंह उर्फ अमरेश सिंह (34) तथा शिवम सिंह (25) को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि गत 23 जुलाई 2026 को पूरे ओरी मजरा रेहुआलालगंज में मकान का ताला तोड़कर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था।

### पीड़ित परिवार से मिलीं राज्य महिला आयोग की सदस्य

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम महुली में जर्जर मकान गिरने से हुई हृदयविदारक दुर्घटना को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने हादसे में प्रभावित परिवार के सदस्य अमन श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा दुर्घटना में दिवंगत सभी लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रतिभा कुशवाहा ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान महुली गांव के ग्रामीणों ने राज्य महिला आयोग की सदस्य से विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत भी कराया जिस पर नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि गांव में जहां भी बिजली के जर्जर खंभे हैं, उन्हें विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र बदलवाया जाए।

# 9 अगस्त को मनाई जाएगी महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

महाराज भगवान दक्ष प्रजापति जयंती एवं डॉ. रत्नप्पा भरमप्पा कुम्भार वरिष्ठ सम्मान समारोह का आयोजन 9 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे होगा। आयोजन में विभिन्न राज्यों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी तथा समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में वे समाज की सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम में गुजरात के सांसद दिनेश चंद्र अनावाडि, बिहार की एमएलसी शीला पंडित एवं शिवरानी पंडित सहित कई जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री ओमप्रकाश गोला, अमेठी विधायक महाराजी देवी, राजस्थान के विधायक डूंगर राम गेदर प्रजापति, पूर्व राज्य मंत्री दयाराम प्रजापति, हमीरपुर विधायक मनोज प्रजापति, मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक आर.डी. प्रजापति, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति, भाजपा जौनपुर के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति तथा पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री लोकेश प्रजापति सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## नाला बंद होने से खेतों में जलभराव, धान की फसल पर संकट

**भादर/अमेठी।** भादर विकासखंड की ग्राम सभा छीड़ा में जल निकासी व्यवस्था बाधित होने से खेतों में जलभराव की समस्या गहरा गई है। लगातार बारिश के बाद कई बीघे में लगी धान की फसल पानी में डूब गई है, जिससे किसानों को नुकसान की आशंका सताने लगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री निर्माण के दौरान पुराने सरकारी नाले का मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिसके कारण बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। खेतों के साथ कुछ घरों के आसपास भी पानी भर गया है। नाराज किसानों ने एकत्र होकर प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की। किसानों ने जल निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने, बंद नाले को खुलवाने तथा फसल क्षति का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# साप्ताहिक परेड में एसपी ने परखा पुलिस बल का अनुशासन, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।**



पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और फिटनेस का जायजा लिया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गई तथा ड्रिल कराकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने का संदेश दिया गया।

परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय तथा जनपद के विभिन्न थानों और शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने वर्दी की स्वच्छता, अनुशासन और एकरूपता पर विशेष जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। परेड के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर बैरक, शस्त्रागार, मेस, कैश कार्यालय और परिवहन शाखा की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने यूपी-112 पीआरवी तथा थानों के वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण और अन्य आवश्यक उपकरणों की भी जांच की। साथ ही विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों का निरीक्षण कर उन्हें अद्यतन रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइंस श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत के वार्ड में भरा पानी जल निकासी व्यवस्था की खुली पोल

**गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा**

**समृद्धि न्यूज, परसदेपुर-रायबरेली।**



क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद नगर पंचायत परसदेपुर के कई मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है। साकेत नगर व कटरा बाजार सहित निचले इलाकों में सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष बारिश में यही स्थिति बन जाती है। हाल के स्थानीय वीडियो और रिपोर्टों में भी कटरा बाजार क्षेत्र में बारिश के बाद जलभराव की समस्या उजागर हुई है। निवासियों का आरोप है कि नालों की समय पर सफाई न होने और जल निकासी व्यवस्था कमजोर होने से बारिश का पानी घंटों तक सड़कों और गलियों में जमा रहता है। इससे दुकानदारों के व्यापार पर असर पड़ रहा है और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर गंदा पानी जमा होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराने, नालों की सफाई कराने और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को बार-बार इस समस्या का सामना न करना पड़े।

## सड़कों पर भरा पानी राहगीर हो रहे परेशान

**डलमऊ-रायबरेली।** मुराई बाग से जगतपुर जाने वाले सड़क मार्ग पर जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से बरसात का पानी सड़कों पर भरा रहता है। सड़कों पर पानी भरा होने की वजह से आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि मुराई बाग से जगतपुर जाने वाले सड़क मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहन गुजरते हैं बस्ती के आसपास सड़क के किनारे जल निकासी की व्यवस्था न होने की वजह से बरसात का पानी सड़कों पर भरा रहता है स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार, राम सजीवन, ओमप्रकाश, दया निधि का कहना है कि लोक निर्माण विभाग को बस्ती के आसपास सड़क के किनारे जल निकासी की व्यवस्था करनी चाहिए थी ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से जल निकासी की व्यवस्था कराई जाने की मांग की है।

# अंकित सिंह के नेतृत्व में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**समृद्धि न्यूज, अमेठी।**



विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के युवा समाजसेवी अंकित सिंह ने प्रतापगढ़ के लालगंज बाजार में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा के प्रथम आगमन पर अपने सैकड़ों समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर अंकित सिंह ने कहा कि रोहित मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश के युवाओं को संगठन से जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और संगठन की नीतियां प्रदेश के विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम में दीपक सिंह, शैलेंद्र सिंह 'डम्पी', कुलदीप, ऋषभ, शौरभ, रवी, शिवम, अनुज, आशुतोष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा और कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती तथा युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का संकल्प लिया।

# चार चोर गिरफ्तार, सोने-चांदी के जेवरात व बर्तन बरामद

**समृद्धि न्यूज,प्रतापगढ़।**

जनपद के थाना आसपुर देवसरा पुलिस, स्वॉट, सर्विलांस सेल एवं स्पेशल टीम की संयुक्त कार्यवाही में ग्राम गोदलपट्टी में हुई चोरी/लूट की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर अभियुक्तों-मोहित सिंह (22 वर्ष, नि0 चिलबिला), रजनीश पटेल (19 वर्ष, नि. मेंहदिया), गोविंद सिंह (नि. गोड़े) और डब्लू वर्मा (नि. पड़री मुश्तर्का)- को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों के कब्जे से घटना से संबंधित सोने के जेवरात (1 कंगन, 4 अंगूठियां, 2 जोड़ी टप्स, 2 जोड़ी झुमके, 1 मांगटीका, 2 जोड़ी बाली, 3 चेन व 1 लॉकेट), चांदी के आभूषण व बर्तन (1 कमरपेटी, 1 छल्ला, 5 जोड़ी पायल, 17 बिछिया, थाली, गिलास, प्लेट, कटोरी, चम्मच) तथा मंदिर की सजावट में प्रयुक्त 2 बड़े व 2 छोटे झूमर बरामद किए हैं। गौरतलब है कि गत 2 अगस्त 2026 को गोदलपट्टी निवासी वादिनी के घर में घुसे 3-4 बदमाशों ने उन्हें बांधकर अलमारी से जेवरात चुराए थे, जिस पर थाना आसपुर देवसरा में बीएनएस की धाराओं (मु.अ.सं. 208/2026) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## लूट का खुलासा, जेवरात तमंचा व बाइक बरामद


**अमरगढ़-प्रतापगढ़।** इलाके की पुलिस हुआ स्वाट टीम ने अमरगढ़ कोट में महिला को बंधक बनाकर लूट की घटना का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस व एक बदमाश के बीच इलाके के पूरे दलपत शाह नहर पर मुठभेड़ हो गई पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी है उसे इलाज के लिए सीएचसी अमरगढ़ में लाया गया है। बीते रविवार की शाम करीब 6:45 बजे आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोदलपट्टी गांव स्थित अमरगढ़ कोट में निवास करने वाली महिला चंदा सिंह पुत्री राजा अमर प्रताप सिंह को पहुंचे बदमाशों ने बंधक बना लिया। चंदा सिंह के पति सुरेश सिंह बाहर रहते हैं वह अकेले ही पुराने राजमहल नुमा कोट में निवास करती है। तीन चार की संख्या में आए बदमाश उन्हें बंधक बना लिया। घर के अंदर सोने चांदी के गहने व कपड़े सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी चोर चुरा ले गए।

## गंगा का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन अलर्ट पर



**समृद्धि न्यूज ब्यूरो**
**डलमऊ-रायबरेली।** पर्वतीय व मैदानी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है जो अब चेतावनी बिंदु के काफी करीब पहुंच गया है। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से तटीय क्षेत्रों के ग्रामीणों की चिंताएं बढ़ने लगी है। केंद्रीय जल आयोग डलमऊ के अनुसार मंगलवार को गंगा का जलस्तर 97.240 मीटर था, जो बुधवार को बढ़कर 97.600 मीटर पहुंच गया। गुरुवार को जलस्तर में फिर से वृद्धि दर्ज की गई। शाम करीब 5 बजे गंगा का जलस्तर 97.850 मीटर पर पहुंच गया। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार डलमऊ में गंगा नदी का चेतावनी बिंदु 98.360 मीटर तथा खतरे का निशान 99.360 मीटर निर्धारित है। जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बढ़ते जलस्तर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मोहद्दीनपुर, जमालनगर, बाबुरा, अंबहा, रेवती सिंह का पुरवा, पूरे डांगरी, चक मलिक भीटी सहित कई तटीय गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते ग्रामीणों की चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि गंगा के जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ चौकियां स्थापित कर दी गई हैं तथा राजस्व कर्मियों को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की है।

# जर्जर छत के नीचे पढ़ रहे बच्चे, की जांच की मांग



**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**

गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज का जर्जर भवन अब बच्चों के लिए मौत का फंदा बनता जा रहा है। स्कूल की छत जगह-जगह से ढह रही है और गार्टर हवा में लटक रहे हैं। इसके बावजूद आज भी इस अत्यंत खतरनाक और जर्जर इमारत के नीचे बेखौफ होकर बच्चों की पढ़ाई कराई जा रही है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि अभी तक प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है और न ही विद्यालय प्रबंधन ने भवन की मरम्मत या तकनीकी जांच कराई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिन में जहां बच्चों की जान जोखिम में है, वहीं शाम होते ही यही असुरक्षित परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाता है। यहां धड़ल्ले से शराबखोरी होती है, जिससे स्कूल का माहौल और भी बदतर हो गया है।

**स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना इस जर्जर इमारत की तुरंत तकनीकी जांच कराई जाए। बच्चों की कक्षाओं को फौरन किसी सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए और नशाखोरी पर नकेल कसते हुए इस भवन की अविलंब मरम्मत या पुनर्निर्माण का काम शुरू कराया जाए। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी सीधे प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन पर होगी।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और पीडब्ल्यूडी की टीम से तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की मांग की है।

# एक ही बिल्डिंग में चल रहे दो पोस्ट ऑफिस

- तहसील परिसर में शीघ्र खोला जाए दूसरा पोस्ट ऑफिस
- उप डाकघर को नगर के मुख्य डाकघर में किया गया था शिफ्ट



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

नगर के उप डाकघर में एक ही बिल्डिंग में दो पोस्ट ऑफिस लंबे अरसे से चल रहे हैं। इस पर विरोध व्यक्त करते हुए बचत अभिकर्ताओं एवं अन्य उपभोक्ताओं ने कहा कि यह कानूनन गलत है क्योंकि इससे भारत सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुंच रही है। अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं बचत अभिकर्ता विनोद कुमार दुबे ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की मांग का समर्थन करते हुए कहा वर्ष 2020 में नगर के मोहल्ला बजरिया में गौशाला वाली गली स्थित संचालित होने वाले उप डाकघर को नगर के मुख्य डाकघर में शिफ्ट कर दिया गया था। इसके बाद जारी आदेश के अनुसार यह डाकघर तहसील परिसर में खुलना था लेकिन घोर लापरवाही के चलते आज तक नहीं खुल सका। फिलहाल एक ही बिल्डिंग में लगभग 4 वर्षों से तहसील कैंपस के नाम से उप डाकघर भी मुख्य भवन में ही चल रहा है। उन्होंने इस पोस्ट ऑफिस को तहसील कैंपस में शीघ्र स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कहा इससे कचहरी में रजिस्ट्री कराने वालों को सुविधा मिलेगी। डाक अधीक्षक फतेहगढ़ इसकी व्यवस्था शीघ्र कराएं। उन्होंने कहा डाक टिकट के लिए ग्राहक दर-दर भटकते हैं। उन्होंने सुकन्या खाता को इंश्योरेंस से जोड़े जाने की भी मांग की। उन्होंने कहा उप डाकघर का भवन भी अत्यंत जर्जर हालत में है। बरसात के समय छत से पानी टपकता है। किसी भी समय धराशाई होने से बड़ी जनहानि हो सकती है अतः नए भवन इस दौरान आसाराम यादव, रामेंद्र सिंह, अजय दुबे, प्रवीण पाठक, प्रदीप दुबे, अनीता दुबे, रेखा दुबे, बृजलता दुबे आदि मौजूद रहे।

# उमरा की यात्रा पर रवाना हुए नगर के जायरीन

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर के मोहल्ला जिलापुरी (त्रिपाठी नगर) निवासी जाहिद चिश्ती पुत्र मुन्नन राइन शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे अपनी वालिदा अनवरी बेगम और पत्नी रुबीना के साथ उमरा यात्रा के लिए दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली से शनिवार तड़के लगभग 3 बजे उनकी जद्दा के लिए उड़ान निर्धारित है, वहां से वे मक्का और मदीना में उमरा की धार्मिक रस्में अदा करेंगे।

यात्रा से पहले उनके आवास पर गुरुवार को दिनभर शुभचिंतकों, रिश्तेदारों और नगरवासियों का तांता लगा रहा। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें मुबारकबाद दी और सकुशल यात्रा तथा इबादत की दुआ की। जायरीन ने भी सभी से मुल्क में अमन, खुशहाली और भाईचारे के लिए दुआ करने की अपील की। बताया जाता है कि सच्चे मन से काबा शरीफ का तवाफ करना और मक्का-मदीना की पवित्र यात्रा करना उमराह कहलाता है। यह हज का ही एक छोटा रूप माना जाता है। उमरा के लिए सऊदी अरब के सबसे पवित्र शहर मक्का जाया जाता है। वहां पहुंचकर श्रद्धालु काबा शरीफ के सात चक्कर लगाकर तवाफ करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार तवाफ पूरा होने पर उमरा मुकम्मल माना जाता है। हज और उमरा दोनों के लिए मक्का की यात्रा की जाती है, लेकिन दोनों में प्रमुख अंतर यह है कि उमराह वर्षभर में किसी भी समय किया जा सकता है, जबकि हज इस्लामिक कैलेंडर के निर्धारित दिनों में ही अदा किया जाता है। इस अवसर पर हाजी अनवार अहमद उर्फ पप्पू, मोहम्मद शाहिद उर्फ पंजाबी, मोहम्मद इमरान, अरशद राइन, शोएब राइन, जीशान राइन, अब्दुल खालिद सहित परिवार के अन्य लोगों ने शुभकामनाएं देकर भावभीनी विदाई दी।

## सौ शैया अस्पताल में हुआ पेरोटिड ग्लैंड का ऑपरेशन

**समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।** सौ शैया संयुक्त राजकीय अस्पताल में ईएनटी चिकित्सक ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार पेरोटिड ग्लैंड (लार ग्रंथि) का सफल ऑपरेशन किया। सफलतापूर्वक आपरेशन होने पर स्वास्थ्यकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। सौ शैया अस्पताल में यह पहला इतना बड़ा आपरेशन था, जिसे करने में लगभग साढ़े 3 घंटे का समय लगा है। फर्रुखाबाद की रजनी पत्नी सुनील कुमार के कान के नीचे स्थित पेरोटिड ग्लैंड की जटिल सर्जरी अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ.धीरेंद्रप्रताप के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न की गई। जानकारी के अनुसार मरीज रजनी काफी समय से कान के पास सूजन और दर्द की समस्या से परेशान थीं। जांच के दौरान पेरोटिड ग्लैंड में समस्या पाए जाने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली इस जटिल सर्जरी के दौरान डॉ. धीरेंद्र प्रताप ने पूरी सावधानी और कुशलता के साथ ऑपरेशन किया।

# 4.64 करोड़ का बस अड्डा बना शोपीस, जाम से लोग बेहाल



समृद्धि न्यूज गुरसहायगंज कन्नौज।

करोड़ों रुपये की लागत से बने रोडवेज बस अड्डे के शुरू होने के बावजूद नगर की यातायात व्यवस्था नहीं सुधर सकी है। गोपाल नगर में बना नया बस अड्डा शोपीस बनकर रह गया है, क्योंकि अधिकांश रोडवेज बसें अब भी करबा तिराहा और मुख्य चौराहे से ही संचालित हो रही हैं। इससे तिराहे पर दिनभर जाम लगता है और यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। 4.64 करोड़ की लागत, लेकिन उपयोग शून्य नगर के गोपाल नगर क्षेत्र में लगभग 4.64 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कराया गया था। निर्माण कार्य तय समय से लटका था, जो जून 2026 में पूरा हुआ। अब स्थिति यह है कि बसें करबा तिराहे पर ही सवारियां चढ़ाती-उतारती हैं। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और अक्सर घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने करोड़ों खर्च करके बस अड्डा बनवाया, लेकिन अगर बसें वहीं नहीं रुकेंगी तो इस पैसे का क्या फायदा? तिराहे पर जाम के कारण एंबुलेंस और स्कूल की गाड़ियां भी फंस जाती हैं। यात्रियों ने भी परेशानी जताई। एक यात्री ने कहा धूप और बारिश में सड़क किनारे खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ता है। बस अड्डे में शेड, बैठने की जगह और शौचालय जैसी सुविधाएं हैं, लेकिन बसें वहीं जाएं तभी तो।

**प्रशासन से मांगः** नगर वासियों और यात्रियों ने परिवहन विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि बस अड्डे से सभी बसों का संचालन अनिवार्य किया जाए।

उनका कहना है कि इससे न सिर्फ जाम की समस्या खत्म होगी, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुविधा भी मिल सकेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब तक निकालता है, वरना 4.64 करोड़ की लागत वाला बस अड्डा महज शोपीस बनकर रह जाएगा।

## धरना स्थल पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम बहबलपुर में रास्ता खुलवाने की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के दसवें दिन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं उनके प्रतिनिधि ओमकार शाक्य धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने मौके का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्रिया शाक्य ने जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता कर रास्ता शीघ्र खुलवाने तथा ग्रामीणों पर दर्ज फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द समाधान नहीं किया तो वह स्वयं ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठेंगी। इसके बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के जिलाध्यक्ष चौ. प्रताप सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजी. सौरव यादव, पृथ्वीराज, प्रेमचंद, बॉबी जाटव, जयप्रकाश नागर, मोनू शुक्ला, सत्यवीर शाक्य, सूरदास, जिलेदार, श्रीकृष्ण, आशाराम, रामवीर, अंजू कठेरिया, दिलीप नागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने किया एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर में फर्रूखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

यह प्रशिक्षण शिक्षकों की क्षमता वृद्धि और बुनियादी साक्षरता व गणित कौशल को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने कहा कि एफएलएन शिक्षा का आधार है। बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की एफएलएन नीति पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणित की बुनियादी समझ विकसित करने में बेहतर तरीके से सक्षम बन सकेंगे। उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया है।

इसमें बालकों की पढ़ने-लिखने की आदत विकसित करने, संख्या ज्ञान, मापन, आकार-आकृति जैसी बुनियादी अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से समझाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। संदर्भ दाताओं राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी, योगेश यादव, अच्युत त्रिपाठी, सुशील दुबे, हेमंत कुमार, अमन दुबे ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करने के साथ-साथ शिक्षकों को एफएलएन से संबंधित नवीनतम शिक्षण विधियों, गतिविधियों, मूल्यांकन तकनीकों और डिजिटल टूल्स के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्लोबल एजुकेशन सेंटर के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह प्रशिक्षण कई दिनों तक चलेगा, जिसमें सैद्धांतिक चर्चा के साथ-साथ प्रैक्टिकल सत्र भी शामिल होंगे।

## खबरें एक नजर में

### आवारा कुत्तों के आतंक से बच्चा घायल, जिला अस्पताल रेफर

**समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्य सड़कों, गलियों और बाजार क्षेत्र में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते दिखाई दे रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। अभिभावकों को छोटे बच्चों को घर से बाहर निकालते समय साथ चलना पड़ रहा है। शुक्रवार को कस्बा निवासी सुनील कुमार का 3 वर्षीय पुत्र अयांश अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और कई जगह काट लिया। हमले में अयांश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना के बाद कस्बा वासियों में आक्रोश है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने शुक्रवार को किला नगरिया गांव में पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल रोशनी तोमर और अंजू ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा ऑपरेशन कवच के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महिला रात्रि एस्कॉर्ट सुरक्षा योजना की जानकारी देकर महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

### पेड़ से लटका मिला महिला का शव, जांच में जुटी पुलिस

**तालग्राम/कन्नौज।** थाना क्षेत्र के कलकटापुरवा गांव में शुक्रवार सुबह 35 वर्षीय मीरा देवी का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार मीरा देवी लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं और कानपुर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार सुबह वह घर में नहीं मिलीं तो तलाश के दौरान उनका शव पेड़ से लटका मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक रंजना पांडेय के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। मृतका अपने पीछे 12 वर्षीय बेटी और 5 वर्षीय बेटे को छोड़ गई हैं। मायके पक्ष की ओर से फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सामाजिक कार्यों में डॉ. सरित द्विवेदी के योगदान अतुलनीयः डीएम

**कन्नौज।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, कन्नौज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हर्षवर्धन सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी उप्र के महासचिव रामानंद कटियार ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रा, डीटीओ डॉ. के.पी. त्रिपाठी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कार्यों में डॉ. सरित द्विवेदी के योगदान की सराहना करते हुए कुष्ठ रोगियों को पोषण पोटली वितरण सहित उनके सेवा कार्यों का उल्लेख किया। शपथ लेने वालों में सभापति एम.के. कटियार, और कोषाध्यक्ष गोविंद नारायण शामिल रहे। प्रबंधन समिति के सदस्य सूर्यकांत दीक्षित, डॉ. आशीष दुबे, अंकित शर्मा और ब्रजकिशोर दुबे सहित बड़ी संख्या में रेडक्रॉस सदस्य उपस्थित रहे।

# राजापुर में सड़क बनी तालाब, ग्रामीण परेशान

- प्रदर्शन कर उठाई स्थायी समाधान की मांग

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



विकासखंड सौरिख की ग्राम पंचायत खरौली के मजरा राजापुर में वर्षों से सड़क पर जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे स्थित तालाब का पानी सड़क पर भर जाने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। कई स्थानों पर सड़क और तालाब का अंतर तक दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों के अनुसार, स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं। फिसलन के कारण कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने स्कूल वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि खराब रास्ते के कारण शादी-ब्याह में आने वाले रिश्तेदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार तहसील दिवस, ब्लॉक कार्यालय, प्रधान और सचिव से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन बाद में गांव की समस्याओं की अनदेखी की जाती है। ग्रामीणों ने जलनिकासी के लिए नाला निर्माण और सड़क की मरम्मत कर स्थायी समाधान की मांग की। प्रदर्शन में विनोद कुमार, राज बहादुर, रविंद्र प्रताप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विराट कुश्ती प्रतियोगिता आज से शुरू

समृद्धि न्यूज़, समधन।



नगर के दारासराय स्थित टिकुरा ग्राउंड में 8 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विराट कुश्ती प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ होगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह और पारंपरिक अंदाज में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से आने वाले नामचीन पहलवान अपने दांव-पेंच और दमखम का प्रदर्शन करेंगे।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता प्रतिदिन आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न भार वर्गों के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। क्षेत्र के खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह है तथा बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

आयोजक रूखसाद पहलवान ने बताया कि टिकुरा ग्राउंड में वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की इस कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी दूर-दराज के कई प्रतिष्ठित पहलवान प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिससे दर्शकों को उच्चस्तरीय और रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा, पेयजल, बैठक व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है।

# खेल विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का करते है विकासः डॉ विष्णु

- हैंडबॉल प्रतियोगिता से माध्यमिक शिक्षा विभाग की खेल प्रतियोगिताओं का आगाज

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



माध्यमिक शिक्षा विभाग, कन्नौज की जनपद स्तरीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा में हैंडबॉल प्रतियोगिता के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें शुभकामनाएं देकर किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी निष्ठा और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से नियुक्त व्यायाम शिक्षक- शिक्षिकाएं, विद्यालय के खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग, कन्नौज की वार्षिक खेल गतिविधियों का औपचारिक आगाज़ हो गया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासन बनाए रखने का संकल्प लिया।

### शैलेश गुप्ता ने नगर पालिका से की मदद की गुहार

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में हैंडपंप खराब होने से पेयजल संकट, रात्रि में अंधेरा और साफ-सफाई की समस्या बनी हुई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है। पत्र 7 अगस्त को दिया गया है। प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में लगा हैंडपंप पिछले कई दिनों से खराब पड़ा है। विद्यालय में छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं और उन्हें पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हमने नगर पालिका से अनुरोध किया है कि हैंडपंप को अविलंब रीबोर या ठीक कराया जाए। उन्होंने आगे कहा कि卐साफ-सफाई के लिए विद्यालय में 2 बड़े डस्टबिन की जरूरत है। इसके अलावा रात्रि के समय विद्यालय परिसर में काफी अंधेरा रहता है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से 2 स्ट्रीट लाइट लगवाना जरूरी है। नगर पालिका से मिली कूड़ा गाड़ी भी जर्जर हो चुकी है, उसे बदलकर नई गाड़ी उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मनोज कुमार ने भी कहा कि विद्यालय में कूड़े के निस्तारण के लिए जो गाड़ी पहले दी गई थी वह अब पूरी तरह खराब हो गई है। कूड़ा समय से न उठने के कारण विद्यालय में गंदगी बढ़ रही है। नई कूड़ा गाड़ी मिलने से सफाई व्यवस्था बेहतर हो सकेगी और बच्चों को स्वस्थ माहौल मिलेगा। इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि प्रधानाचार्य द्वारा प्रेषित पत्र के मुताबिक समस्या का निसरण तत्काल कर दिया जाएगा। विद्यालय में लगा हैंड पाइप का रिवोर करने के लिए जलकल विभाग की टीम को कल भेजा जाएगा और अब शीघ्र पेयजल की समस्या का निसारण विद्यालय में हो जाएगा

**सूचना**

मेरे पुत्र श्रेयांश दुबे (Shreyansh Dubey) के एपी पब्लिक स्कूल कायमगंज के एडमिशन नं. 3385 दि. 16/04/ 2024 में मेरी भूलवश मेरी पत्नी (उसकी मां) का नाम सुमन कुमारी लिख गया है, जबकि उनका सही नाम सुमन दुबे (Suman Dubey) है। **कैलाश चंद्र पुत्र स्व0 सुभाष चंद्र, गांव नरसिंहपुर, कायमगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**INFORMATION**

I hitherto known as Pran Gupta S/o: C. S. Gupta R/o: 319 Jila Aspatal Road Hathi Khana Fatehgarh Farrukhabad Uttar Pradesh 209601, have changed my name and shall hereafter be KUMAR MANINDRA.
**KUMAR MANINDRA S/o: C. S. Gupta R/o: 319 Jila Aspatal Road Hathi Khana Fatehgarh Farrukhabad Uttar Pradesh 209601.**

# प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र, बैंक ऋण संबंधी दी जानकारी

- आर- सेटी अनौगी में 39 दिवसीय असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण संपन्न

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान करते निदेशक विश्व मोहन

वर्तमान समय में बुक कीपिंग और वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान प्रत्येक छोटे-बड़े व्यवसाय के लिए आवश्यक है। यह बात संस्थान के निदेशक विश्व मोहन ने कही। क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी), बहेलियनपुरवा अनौगी में आयोजित 39 दिवसीय असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को लेखांकन, बहीखाता संचालन और वित्तीय अभिलेखों के रख-रखाव का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। संकाय सदस्य महेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए हर संभव मार्गदर्शन का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्थाओं में कार्यालय सहायक सोनू कुशवाहा तथा सुनील कुमार का विशेष सहयोग रहा। अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर बैंक ऋण एवं वित्तीय सहायता संबंधी उपयोगी जानकारी भी दी गई।

### महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ

जलालाबाद। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में हर घर तिरंगा अभियान 2026 के प्रथम चरण (6 से 8 अगस्त) का शुभारंभ तिरंगा प्रेरित रंगोली और कलाकृतियों के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। डॉ. शिप्रा वर्मा के निर्देशन में छात्राओं नीशू, विशाखा, रिंकी और गुड़िया ने आकर्षक तिरंगा रंगोली बनाई।

### संदिग्ध हालात में मिला,पूर्व प्रधान का शव हत्या का लगाया आरोप

**तालग्राम/कन्नौज।** गदेरा गांव में वर्ष 2012 के पूर्व प्रधान ओमकार गुप्ता (75) का शव गुरुवार देर रात घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मंजू गुप्ता ने पति को जहर देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन गांव पहुंचे। पत्नी ने पहले डायल-112 पर लूटपाट के बाद हत्या की सूचना दी। जांच में पुलिस को अलमारी की चाबी मिल गई। अलमारी खोलने पर करीब 10 लाख रुपये नकद, लगभग एक किलो चांदी, सोने की चेन समेत अन्य जेवर और जरूरी दस्तावेज सुरक्षित मिले। इससे लूटपाट की आशंका प्रथम दृष्टया गलत पाई गई।

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 1010/न0पं0 कम्पिल/नि0सू0/2026-27 दिनांक 07/08/ 2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत निविदाताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कम्पिल में राज्य वित्त आयोग/नगर निधि की धनराशि के अन्तर्गत सड़क एवं गड्ढे में मिट्टी भराव कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये शीलबन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 10/08/2026 को निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा डालने का दिनांक 10/08/2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 17/08/2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक है तथा निविदा दिनांक 17/08/2026 को ही अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल में आ कर प्राप्त की जा सकती है।

**राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाला कार्य**

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि (लाख रू0) में | जमानत धनराशि 2% | निविदा शुक्ला | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | नगर पंचायत कम्पिल के मोहल्ला सूरजपुर में रघुनन्दन के स्कूल के पास सड़क एवं गड्डे में मिट्ट भराव कार्य। | 03.85 | 7700 | 400/- | 15 दिन |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

# अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़, नौ सिलेंडर बरामद

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

नगर के मोहल्ला कसरट्टा में अवैध रूप से चल रहे घरेलू गैस रिफिलिंग और भंडारण के काले कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। पूर्ति विभाग और फतेहगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने बीती 5 अगस्त की रात एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में गैस सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद दो आरोपियों के खिलाफ कोतवाली फतेहगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 अगस्त की रात लगभग 9 बजे टेलीफोन पर मिली एक गुप्त शिकायत के आधार पर यह त्वरित कार्रवाई की गई। टीम ने मोहल्ला कसरट्टा फतेहगढ़ स्थित स्व0 नारायण प्रसाद सक्सेना के पुत्र स्व0 नंदराम सक्सेना के मकान/दुकान पर छापा मारा। छापेमारी करने वाली संयुक्त टीम में अभिषेक मिश्रा पूर्ति निरीक्षक, सदर नगरपालिका परिषद फर्रुखाबाद, राजीव कुमार पूर्ति लिपिक, अर्जुन यादव और ओमसिंह कांस्टेबल कोतवाली फतेहगढ़ मौजूद रहे। जांच के दौरान मकान और उसी में स्थित एक शटरनुमा दुकान में अरविंद कुमार सक्सेना और उनके भाई राजेंद्र कुमार सक्सेना दुकान मालिक मौजूद मिले। टीम ने जब मकान की तलाशी ली, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज


जांच पड़ताल करते अधिकारी

कुल 9 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए। इनमें 5 सिलेंडर गैस से भरे हुए और 4 खाली पाए गए सभी इंडियन ऑयल कंपनी के थे। 1 गैस रिफिलर मशीन बरामद हुई, जिसका उपयोग अवैध रूप से गैस पलटने के लिए किया जा रहा था। पूछताछ करने पर आरोपी गैस सिलेंडरों के संबंध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके और न ही कोई वैध अभिलेख रजिस्टर/किताब प्रस्तुत कर सके। इसके अलावा, ज्वलनशील पदार्थों के इतने बड़े भंडारण के बावजूद मौके पर सुरक्षा के लिए कोई भी अग्निशमन यंत्र मौजूद नहीं था। बरामद किए गए सभी 9 सिलेंडरों और रिफिलर को सुरक्षित कस्टडी के लिए मैसर्स पटेल गैस सर्विस आवास विकास टीला मसेनी के गैस गोदाम में सौंप दिया गया है, ताकि न्यायालय या सक्षम अधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उन्हें प्रस्तुत किया जा सके। आरोपियों का यह कृत्य द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण का विनियमन आदेश 2000 का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस गंभीर मामले को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश 06 अगस्त के अनुपालन में दोनों आरोपी भाइयों अरविंद कुमार सक्सेना और राजेंद्र कुमार सक्सेना के खिलाफ कोतवाली फतेहगढ़ में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## शौच गई महिला से छेड़छाड़ विरोध करने पर की मारपीट

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत पर शौच के लिए गई महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार पीड़िता पारिवारिक विवाद के चलते इन दिनों अपने मायके में रह रही है। आरोप है कि 5 जुलाई की शाम करीब 7 बजे वह घर के पास खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव निवासी राकेश कुमार वहां पहुंच गया। आरोप है कि राकेश कुमार ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी जानकारी दी अगले दिन उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव बुडानपुर निवासी 29 वर्षीय युवक की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव बुडानपुर निवासी 29 वर्षीय अजीम पुत्र ताज मोहम्मद बुधवार को अपनी बाइक से कायमगंज की ओर आ रहा था। जैसे ही वह झब्बूपुर नहर के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अजीम सड़क पर गंभीर हालत में गिर पड़ा। हादसा देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से अजीम को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद अजीम को मृत घोषित कर दिया। अजीम की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर और चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सपा की विस सेक्टर बूथ स्तरीय बैठक सम्पन्न

▸ बूथ का नेता ही पार्टी का भविष्य तय करता

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते-आते चुनावी सरगर्मियां भी तेजी के साथ बढ़ रही हैं।

विधानसभा कायमगंज के सेक्टर 34 की बूथ स्तरीय बैठक मोहल्ला कोटला शमशाबाद में आयोजित की गई। पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बूथ के पदाधिकारियों से संवाद स्थापित कर बूथ पर आने वाली समस्याओं को समझा और पार्टी द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों एवं आगामी चुनावी रणनीति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया साथ ही निष्क्रिय बूथों पर सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति की। उन्होंने


बैठक में मौजूद सपा नेता

कहा किसी भी राजनैतिक दल में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और जिसकी सबसे बड़ी भूमिका होती है वह होता है बूथ का कार्यकर्ता। बूथ के कार्यकर्ता की भूमिका ही उस राजनैतिक दल का भविष्य तय करता है। आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की पीडीए सरकार बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से समर्पित है। इस दौरान अफजाल अहमद फारूकी, इजहार खां, रामशरण कठेरिया, अनिल यादव, शारिक खां, उवैश खां, मुबीन आलम, विनय कुमार, मो0 वसीम, मो. तस्लीम, मंगल सिंह यादव, जितेंद्र यादव, सुदेश यादव आदि मौजूद रहे।

# भारत स्काउट व गाइड की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद**

भारत स्काउट और गाइड जनपद की जिला कार्यकारिणी की बैठक भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने की। बैठक में प्रादेशिक मुख्यालय के वार्षिक लक्ष्यों, विभिन्न प्रतियोगिताओं और वित्त समिति के प्रस्तावों के अनुमोदन सहित कई अहम बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। स्लोगन थीम और वीडियो क्लिप प्रतियोगिता के आयोजन पर विचार किया गया। रजिस्ट्रेशन की सामान्य जिम्मेदारी भारती मिश्रा, पुष्कर मिश्रा और वैभव सोमवंशी को सौंपी गई। वहीं, राज्य पुरस्कार के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की जिम्मेदारी योगेश कुमार और गजेंद्र सिंह को दी गई।


बैठक में मौजूद डीआईओएस व स्काउट गाइड पदाधिकारी

ब्लॉक और तहसील स्तर पर बिगनर्स कोर्स आयोजित करने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। तहसील कायमगंज रवेन्द्र सिंह यादव प्रधानाचार्य एवं जिला सहायक आयुक्त, कमालगंज ब्लॉक शिव ओम द्विवेदी प्रधानाचार्य एवं जिला सहायक आयुक्त, राजेपुर ब्लॉक अनिल सिंह प्रधानाचार्य एवं जिला मुख्यालय आयुक्त, सीबीएसई स्कूल जिले के सभी सीबीएसई स्कूलों में भी बिगनर्स कोर्स कराए जाने पर सर्वसम्मति बनी। जनपद स्काउट गाइड रैली आगामी 22, 23 और 24 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने स्काउट गाइड के उद्देश्यों, लक्ष्यों और नियमों पर विस्तृत प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त ने भी विचार रखे। जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत ने एजेंडे के सभी बिंदुओं को विस्तार से समझाया। जिला मुख्य आयुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। संचालन ब्लॉक स्काउट मास्टर वैभव सोमवंशी ने किया।

इस अवसर पर रामदास, इंदू मिश्रा, डॉ. बृज भूषण सिंह, अनिल सिंह, कन्वेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, अनिल मिश्रा, शिवकुमार, पुष्कर मिश्रा, बीना गौतम, सीमा, एस्तर रोज दयाल, डॉ. रचना उमराव, राघवेंद्र मिश्रा, शिव ओम द्विवेदी, दीपिका राजपूत, संतोष त्रिपाठी, चमन शुक्ला, पुष्पा सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी, भारती मिश्रा, योगेश कुमार, आशीष कुमार, अनिल कुमार शाक्य, निधि त्रिवेदी, गीता भदोरिया, सुनीता दुबे, समरेंद्र शुक्ला, रामकुमार उपस्थित रहे।

## भैंस के उधार रुपये मांगने पर भाई और भाभी ने की मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली में उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर भाई और भाभी द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। गांव सिरौली निवासी रजनीश पुत्र खुशीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने कुछ समय पहले अपने भाई भोले को भैंस खरीदने के लिए कुछ रुपये उधार दिए थे, जिससे उसने भैंस खरीद ली थी। पीड़ित के अनुसार जब उसने अपने दिए हुए रुपये वापस मांगे, तो उसका भाई भोले गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद जब पीड़ित भैंस का दूध निकालने बैठा, तो आरोपी भाई की पत्नी पूनम भी वहां आ पहुंची और गाली गलौज करने लगी। जब पीड़ित ने इस गाली-गलौज का विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## खबरें एक नजर में

### वाहन की टक्कर से डिग्री कॉलेज कर्मचारी की मौत



मृतक का फाइल फोटो | लोहिया में मौजूद परिजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक डिग्री कॉलेज के कर्मचारी की जान चली गई। गेसिंगपुर गैस प्लांट और एक कोल्ड स्टोर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के रखा नगला छोटी जेल निवासी 50 वर्षीय पंकज चौधरी मोहम्मदाबाद ब्लॉक क्षेत्र स्थित एक डिग्री कॉलेज में प्रशासनिक कार्य देखते थे। पंकज रोजमर्रा की तरह अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड ले जाया गया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और वहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### बालिका के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**समृद्धि न्यूज,कंपिल।** पार्क में खेल रही बालिका के साथ युवक ने अश्लील हरकत कर दी। वहां मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया। तो युवक गाली-गलौज कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला की नौ वर्षीय बेटी बुधवार शाम मंदिर के निकट पार्क में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। उसी समय मोहल्ले का ही एक युवक पार्क में आकर बेटी के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर बेटी का गला दबा दिया। पार्क में मौजूद लोगों ने इसका विरोध किया। तो युवक गाली-गलौज कर भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले गई। पुलिस ने देर रात युवक को छोड़ दिया। जिससे मोहल्ले वालों में रोष व्याप्त है। पीड़ित ने शुक्रवार सुबह थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मामला मारपीट था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। तहरीर नहीं मिली है।

### कलश यात्रा का नीम करोरी व संकिसा में हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** संत रविदास महाराज की कलश यात्रा नीम करौरी, संकिसा, कोठी नगला और मुरान में पहुंची, जहां पर यात्रा का नेतृत्व कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं यात्रा संयोजक वीरेन्द्र कठेरिया ने जगह-जगह पर यात्रा से जुड़े हुए लोगों को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया, कि जिस-जिस स्थानों पर कलश यात्रा पहुंच रही है, वहां पर दलित समाज, अनुसूचित समाज एवं अन्य वर्ग के लोग यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। संत रविदास ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया वह एक महान संत, कवि और समाज सुधारक के रूप में विख्यात थे। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, राहुल राजपूत, संदेश राजपूत, अवनीश शाक्य, नितिन प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा का जलस्तर तीन दिनों में 20 सेंटीमीटर घटा

**समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।**

गंगा नदी के जलस्तर में पिछले लगभग तीन दिनों के दौरान करीब 20 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों ने कुछ राहत की उम्मीद जरूर जताई है। गुरुवार शाम तक गंगा का जलस्तर 136.80 मीटर दर्ज किया गया। हालांकि जलस्तर में कमी आने के बावजूद बाढ़ प्रभावित गांवों में हालात अभी भी सामान्य नहीं हो सके हैं। गांवों के मुख्य संपर्क मार्गों पर पानी और कीचड़ जमा होने से लोगों का आवागमन प्रभावित है, जबकि कई स्थानों पर जलभराव के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार सुबह गंगा में नरौरा बांध से 1,24,173 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 2.11 लाख


गांव में भरा बाढ़ का पानी

क्यूसेक, हरिद्वार बैराज से 1,58,512 क्यूसेक तथा रामगंगा में 23,798 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। वहीं शाम को नरौरा बांध से 1,34,584 क्यूसेक, बिजनौर बैराज से 2.02 लाख क्यूसेक और हरिद्वार बैराज से 1,48,432 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके बावजूद शाम तक गंगा का जलस्तर 136.80 मीटर पर स्थिर बना रहा। बाढ़ का पानी भले ही धीरे-धीरे पीछे हट रहा हो, लेकिन गांवों में जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद अब सबसे बड़ी चिंता संक्रामक बीमारियों के फैलने की है।

बाढ़ प्रभावित गांवों की मुश्किलें बरकरार

जगह-जगह गंदा पानी जमा होने, कीचड़ और मच्छरों की बढ़ती संख्या से डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार तथा अन्य जलजनित रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल्द से जल्द जलनिकासी कराई जाए, मुख्य मार्गों को आवागमन योग्य बनाया जाए तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांवों में नियमित रूप से पहुंचकर दवाओं का छिड़काव, स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दवाओं का वितरण करें।

# प्रधानाचार्य के थप्पड़ से छात्र के कान का फटा पर्दा, नहीं हुई कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

प्रधानाचार्य के द्वारा थप्पड़ मारे जाने के कारण छात्र के कान की पर्दा फट गया। थाना मऊदरवाजा के निकट रहने वाले कुलदीप कुमार राठौर का पुत्र यश रस्तोगी इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है।

यश बीते दिनों पैर में चोट होने के कारण स्कूल की ड्रेस पहनकर कॉलेज नहीं गया। इसी बात से गुस्साएं प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी ने छात्र की कनपटी पर कई जोरदार थप्पड़ जड़ दिए। पिटाई से छात्र के बाएं कान में सन-सन की आवाज आने लगी और सुनाई देना बंद हो गया। क्लास टीचर देवेन्द्र ने छात्र को गंभीरावस्था में घर भेज दिया। पीड़ित छात्र के पिता ने बताया कि प्रधानाचार्य से बात करनी चाही तो सम्पर्क नहीं हुआ। बीते दिन कुलदीप ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। कोतवाली निरीक्षक धर्मेन्द्र गहलोत ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा। छात्र ने डॉ. एसके सक्सेना के यहां कान की जांच करायी तो कान का पर्दा फटा हुआ निकला।

पुलिस ने छात्र का सिटी स्कैन लोहिया अस्पताल में कराया। छात्र के पिता ने बताया कि प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो हम ऊपर तक शिकायत करने के लिए मजबूर होंगे।

# बिजली बिल में छूट के नाम पर 15 हजार की साइबर ठगी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

क्षेत्र में बिजली बिल में छूट दिलाने और कटा हुआ कनेक्शन दोबारा जोड़ने का झांसा देकर एक महिला से 15 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। ग्राम कुंवरपुर इमलाक निवासी रीना बेगम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताया। उसने कहा कि कम रकम में आपका बकाया बिजली बिल समायोजित हो जाएगा और कटा हुआ कनेक्शन भी दोबारा चालू कर दिया जाएगा। उसकी बातों में आकर महिला ने 15 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। राशि भेजने के बाद जब रीना बेगम विद्युत उपकेंद्र पहुंची और अधिकारियों से जानकारी ली, तो पता चला कि विभाग की ओर से ऐसी कोई योजना नहीं चल रही है। उनके नाम से कोई भुगतान भी दर्ज नहीं था। इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। पुलिस मोबाइल नंबर और बैंक खाते की जांच में जुटी है। बिजली विभाग ने कहा है कि बिल में छूट या कनेक्शन जोड़ने के लिए कोई भी कर्मचारी फोन पर पैसे नहीं मांगता। किसी भी अनजान नंबर से आए कॉल पर भरोसा न करें और तुरंत 1912 या नजदीकी थाने को सूचना दें।

# मन्नत पूरी होने पर निकाली अनोखी कांवड़ यात्रा

▸ एक पलड़े में गंगाजल, दूसरे में नौ माह की बेटी

▸ शाहजहांपुर के दिबियापुर गांव का परिवार पहुंचा पांचाल घाट

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

सावन मास के दौरान फर्रुखाबाद में एक अनोखी और भक्तिपूर्ण कांवड़ यात्रा देखने को मिली, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

शाहजहांपुर के अल्हागंज क्षेत्र स्थित दिबियापुर गांव का एक परिवार अपनी नौ माह की बेटी को कांवड़ में लेकर पांचाल घाट पहुंचा। यहां से कांवड़ में गंगाजल भरकर परिवार दिबियापुर स्थित शिव मंदिर के लिए


कांवड़ ले जाता युवक

रवाना हुआ। इस विशेष कांवड़ के एक छोर पर 11 लीटर का जल कलश बंधा था, तो वहीं दूसरे छोर पर बने पालने में उनकी नौ माह की बेटी विराजमान थी। बच्ची के पिता शनि और अन्य परिजन हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए शिव मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए रास्ते में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और सभी ने परिवार की इस अगाध आस्था की सराहना की। बच्ची के चाचा आशीष कुमार ने बताया कि उनके बड़े भाई शनि की शादी के तीन साल बाद भी उन्हें कोई संतान नहीं हुई थी। ऐसे में परिवार ने भगवान शिव से संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी। उन्होंने संकल्प लिया था कि यदि उनकी मुराद पूरी होती है, तो वे कांवड़ लाकर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। भगवान शिव के आशीर्वाद से नौ माह पहले परिवार में इस बेटी का जन्म हुआ। परिवार ने इसे ईश्वर का सीधा आशीर्वाद मानते हुए अपना संकल्प पूरा करने का फैसला किया और बेटी के साथ ही यह अनोखी कांवड़ यात्रा निकाली।

# संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने दबोचा, पुलिस को सौंपा

▸ ग्रामीणों ने युवक की ली तलाशी

▸ सीसीटीवी में दिखाई दी अज्ञात संदिग्ध की चहलकदमी

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

थाना क्षेत्र के गांव बांसमाई में बीती रात एक संदिग्ध युवक की गतिविधियों से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों और ग्राम प्रधान पति ने युवक को रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। ग्राम प्रधान के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रात के समय एक अज्ञात व्यक्ति की संदिग्ध चहलकदमी दिखाई दी। ग्राम प्रधान पति ने बताया कि यह संदिग्ध व्यक्ति घर के समीप बने चकरोड पर कई बार आता-जाता


पकड़ा गया संदिग्ध युवक

देखा गया, जिससे गांव में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। सुबह लगभग 4:30 बजे युवक घर परिसर में बंधी गायों के बाड़े में घुस गया। जब ग्राम प्रधान पति सिंटू सिंह के पिता ने उसे वहां देखकर विरोध जताया, तो आरोपी युवक पास में पड़ी फंटी उठाकर उन पर हमला करने के लिए झपट पड़ा। उनके शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर आरोपी युवक को दबोच लिया। ग्रामीणों ने युवक की जामा तलाशी ली और उससे जानकारी जुटाने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को ग्रामीणों ने आरोपी युवक सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। शुरुआत में युवक कुछ भी बताने को राजी नहीं था। उसकी काउंसलिंग की जा रही है, जिसके बाद उसने थोड़ा-बहुत बोलना शुरू किया है। हालांकि, अभी उसने अपनी सटीक पहचान उजागर नहीं की है। पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है।

## गर्भाशय ग्रीवा गत कैंसर मुक्त अभियान एवं स्तनपान जागरूकता रैली का हुआ आयोजन


रैली में भाग लेते छात्र-छात्रायें व शिक्षक

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में गर्भाशय ग्रीवा गत कैंसर मुक्त अभियान एवं स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली मे विद्यार्थियों ने नारे, पोस्टर और बैनरों के माध्यम से गर्भाशय ग्रीवा गत कैंसर से बचाव, समय पर जांच तथा शिशु के लिए स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा गर्भाशय ग्रीवा गत कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए स्तनपान के महत्व की जानकारी देना था। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया। ऐसे अभियान समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर रूट डायवर्जन लागू

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात को सुगम और सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस ने एक विस्तृत रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 07 अगस्त की रात 8 बजे से 11 अगस्त को कार्यक्रम की समाप्ति तक लागू रहेगी। इस दौरान मालवाहक वाहनों ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्पर, लोडर आदिद्ध का शहर में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं और आम जनता की सुविधा के लिए विशेष पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं। मालवाहक वाहनों के लिए रूट डायवर्जन व्यवस्थाभारी और व्यावसायिक वाहनों को जाम से बचाने के लिए मार्गों पर डायवर्जन किया गया है। कानपुर रोड होते हुए कन्नौज से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहनों को गुरसहायगंज जनपद कन्नौज से छिबरामऊ की तरफडायवर्ट किया जाएगा। छिबरामऊ से जहानगंज होकर फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को छिबरामऊ से बेवर जनपद मैनपुरी की ओर मोड़ा जाएगा। बेवर की ओर से फतेहगढ़ आने वाले सभी भारी वाहनों को बेवर जनपद मैनपुरी में ही रोक दिया जाएगा। एटा की ओर से फतेहगढ़ आने वाले वाहनों को इब्राहिमपुर अलीगंज बॉर्डर जनपद एटा पर रोका जाएगा। शाहजहांपुर और बरेली से आने वाले वाहनों को थाना अल्हागंज व हुल्लापुर जनपद शाहजहांपुर में रोका जाएगा। इसके अलावा, जरियनपुर चौराहे से ढाई घाट शमशाबाद की तरफआने वाले वाहनों को जरियनपुर में ही रोक दिया जाएगा। हरदोई की ओर से फतेहगढ़ आने वाले मालवाहनों को रूपापुर थाना सवायजपुर जनपद हरदोई में रोक दिया जाएगा। छोटे वाहनों एवं श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग व्यवस्था कांवड़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के छोटे वाहनों के लिए प्रशासन ने चार अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए हैं। पार्किंग स्थल बरेली मार्ग, शाहजहांपुर मार्ग और बदायूँ मार्ग से पांचालघाट की ओर आने वाले वाहन वन चेतना पर रुकेंगे। इटावा मार्ग व छिबरामऊ मार्ग से पांचालघाट की ओर आने वाले वाहन राधा रानी हॉल पार्किंग स्थल पर रुकेंगे। नवाबगंज, शमशाबाद, लालगेट तिराहा, कादरीगेट तिराहा और लकूला रोड से आने वाले वाहन मालती गार्डन पार्किंग स्थल पर रुकेंगे। मिलिट्री चौराहा से आर्मी कैंट मार्ग होते हुए पांचालघाट की ओर आने वाले वाहन सोनू टॉल पार्किंग स्थल पर रुकेंगे। फतेहगढ़ पुलिस ने सभी वाहन चालकों और ट्रांसपोर्टरों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करें और यातायात पुलिस का सहयोग करें। किसी भी आपात स्थिति में यूपी 112 डायल करें।

# जिला स्तरीय कुश्ती व बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए जिला स्तरीय कुश्ती एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले के समस्त विकास क्षेत्रों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुशोभित गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम 30-35 किग्रा भार वर्ग में यूपीएस वीरपुर मोहम्मदाबाद के अक्षय ने प्रथम, यूपीएस भटासा नवाबगंज के कुनाल ने द्वितीय तथा यूपीएस रंगसाजान नगर क्षेत्र के राम गोपाल और यूपीएस वेला सरायगंजा शमशाबाद के सत्यम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 35-38 किग्रा भार वर्ग में यूपीएस उम्मरपुर नवाबगंज के अंकुश प्रथम रहे, जबकि यूपीएस वीरपुर के तौहीद ने दूसरा स्थान पाया। यूपीएस भटासा के सुमित और कम्पो0 यूपीएस प्रहलादपुर शमशाबाद के प्रभाकर तीसरे स्थान पर रहे। 38-41 किग्रा भार वर्ग में यूपीएस वीरपुर के नाजिम विजेता बने और कम्पोजिट विद्यालय शमशेरनगर बढ़पुर के शिवा उपविजेता रहे। 41-44 किग्रा भार वर्ग में शमशेरनगर के श्यामसुन्दर ने बाजी मारी और यूपीएस भटासा के गोविन्द दूसरे स्थान पर रहे। 44-48 किग्रा भार वर्ग में यूपीएस वीरपुर के अमान ने पहला और यूपीएस वेला सरायगंजा के प्रशान्त ने दूसरा स्थान हासिल किया। 48-52 किग्रा भार वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय शमशेरनगर के अर्पित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी चमक बिखेरी। वहीं बैडमिंटन पर भी खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बालक सिंगल्स में यूपीएस कलौली महबूब्बपुर बढ़पुर के राहुल विजेता रहे। यूपीएस वेला सरायगंजा के मिलन उपविजेता बने। बालिका सिंगल्स में यूपीएस कलौली महबूब्बपुर की सेजल ने खिताब अपने नाम किया और यूपीएस वेला सरायगंजा की अमृता उपविजेता रहीं। बालक वर्ग में राहुल और मुस्तफा यूपीएस कलौली महबूब्बपुर की जोड़ी ने फाइनल जीता। सुमित और दीपक यूपीएस रंगसाजान की जोड़ी उपविजेता रही। बालिका वर्ग में सेजल और दुर्गा विजेता बनीं, वहीं सिमरन और उन्नति गुप्ता को उपविजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कुमार कटियार, अरुण यादव, मनीष यादव, आलोक कुमार, अतुल कटियार, अंकित यादव, अभिषेक कुमार, सत्यवीर सिंह और वीना गौतम मौजूद रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में 12 छात्राओं के लगी एचपीवी वैक्सीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एचपीवी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत लगभग 12 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। यह टीका मुख्य रूप से 14-15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु लगाया जाता है। टीकाकरण सिविल अस्पताल की प्रशिक्षित नर्स कल्पना पाण्डेय तथा रेखा राजपूत ने किया। सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से टीकाकरण संपन्न कराया गया। छात्राओं को इस वैक्सीन के महत्व के विषय में बताया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने इस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह पहल छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**



कराटे प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

गुड़गांव देवी मंदिर के समीप स्थित गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 200 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 95 बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर प्राची अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व समाज सेवक हरिबाबू अग्रवाल ने किया। खिलाड़ियों ने प्राप्त किये। जिसमें स्वर्ण पदक उदित राज, अरमान अरिया, शिवा कुमार, आदर्श पाल, अर्नव सक्सेना, शिवाय मिश्रा, पार्थ यादव, आराध्या, आरव सिंह, अबू नजीर, सान्वी, तनु, साक्षी, वैष्णवी, शिव यादव, आर्यन सिंह, राघव, स्पर्श, अनिरुद्ध, फिरदोष, गार्गी गुप्ता, देवांश, दर्श गुप्ता, दृष्टि, अर्नव, आन्या गुप्ता, प्रतीक्षा मिश्रा और वैभव भारद्वाज ने प्राप्त किये। रजत पदक आरव खान, कार्तिक पाल, कुशाग्र दीक्षित, तेजस वर्मा, गौरिश गुप्ता, वेदांत दीक्षित, नित्या, देशु, गर्व गुप्ता, इनायत, जन्नत, पिहू, आविया, आन्या अग्रवाल, दिव्यम, संस्कार, अर्जुन वर्मा, सक्षम, नित्या गुप्ता, शनाया गुप्ता, कार्तिक चौहान, मृत्युंजयए साक्षी, अथर्व गौर, दर्शिता गौर और आदित्य चतुर्वेदी ने प्राप्त किये। कांस्य पदक आदर्श राजपूत, कार्तिक गुप्ता, अर्नव शुक्ला, अयांश, युवराज सिंह, सक्षम, शिवाय गुप्ता, कविश, सान्वी, यक्षी, अरुणोदय, रुद्र प्रताप सिंह, नित्या, गौरी, हानिया, शान्विका, कृतिका, वैष्णवी, प्रभांश, शुभ चतुर्वेदी, मो0 आर्यन, देव, शुभान खान, ईवद, तहमर, श्रेयांश, प्रणव, गोविंद पाल, देविका, आश्वी, श्रेया वर्मा, राम्या, अभी, विक्रम गुप्ता, शिवांश, असगर अली, आरोही, रूद्रा सिंह, इशिका और अर्नव कुमार ने प्राप्त किये।

## खबरें एक नजर में

### आईटीआई अभ्यार्थी अपने व्यवसाय परिवर्तित कर सकते

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर ऑनलाइन पंजीकरण किये जा रहे है। अभ्यार्थी एससीबीटी पोर्टल पर अपने भरे गये आवेदन संस्थानों, व्यवसायों के विकल्प के अनुसार व्यवसाय परिवर्तित कर सकते है अथवा विकल्प भी बढ़ा सकते है। अभ्यार्थियों के पंजीकरण मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से भेजे जा रहे है। अभ्यार्थी आवेदन 9 अगस्त से 12 अगस्त तक संशोधित कर सकते है। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### अधिवक्ता महासभा द्वारा सदर तहसील की एल्डर्स कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अधिवक्ता महासभा की बैठक तहसील सदर में मंजेश कटियार के चेम्बर पर सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से बैठक में चुनाव कराने हेतु एल्डर्स कमेटी का चयन किया गया। एल्डर्स कमेटी में अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी, प्रद्युम्न कुमार गुप्ता, प्रवीन चन्द्र सक्सेना, विपिन विहारी सक्सेना, ओमप्रकाश सिंह को अधिवक्ता महासभा द्वारा चुनाव हेतु एल्डर्स कमेटी बनायी गई। बैठक अध्यक्षता दिनेश कुमार सक्सेना ने की। इस मौके पर आशीष कुमार सक्सेना, आशुतोष कटियार, महेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग तिवारी, उमाशंकर कटियार, जर्नादन दत्त राजपूत, रामसनेही मुन्ना यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मनाई अवनीन्द्र टैगोर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत माता जैसी काल जयी पेंटिंग रचनाकार भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त कलात्मक में आज के ही दिन कोलकाता में जन्म लेने वाले अवनीन्द्र टैगोर का हुआ था। उनकी जयंती पर उन्हे याद किया गया। गढ़ी अशरफ अली स्थित कृष्ण कुमार पाण्डेय के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता कृष्ण कुमार पाण्डेय ने की। संचालन विशाल दुबे ने किया। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, मुन्ना सिंह, राजेश्वर दयाल, डा0 मेहंदी हसन, शिवाजी कटियार, राजेश मिश्रा, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, राजेश्वर दयाल, रामनरायन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

**उन्नाव।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह की उपस्थिति में परियर गंगा घाट में पहुँच कर बाढ़ की स्थिति साथ ही कांवड़ से सम्बंधित श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं देखी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बंधित राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी उपजिलाधिकारी सदर से प्राप्त कर समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिया। कहा कि श्रद्धालुओं को स्नान ध्यान पूजन अर्चन में कोई दिक्कत ना हो निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं को देखते रहें। साथ ही जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिया । जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को शरणालय स्थल पर बेहतर साफसफाई प्रकाश पेयजल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की निर्देश दिए इस अवसर पर अप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ क्षेत्राधिकारी सफीपुर दीपक यादव उपजिला अधिकारी सदर राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### विद्युत करेंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**बांगरमऊ, उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम मोहकम खेड़ा निवासी एक 20 वर्षीय युवक विद्युत करेंट की चपेट में आ जाने से झुलस गया । परिजन गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया । थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मोहकम खेड़ा निवासी राजेन्द्र का पुत्र अंकुर 20 वर्ष घर में कोई विधुत उपकरण लगा रहा था लिए तभी वह खुले विद्युत तारो की चपेट में आकर करेंट लगने से जमीन पर गिर गया स युवक की हालत गंभीर देख परिजन इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये स जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर की एक मिठाई की दुकान पर काम करने वाले युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिए। उसकी हालत गंभीर देख उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया स जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया थाना औरास क्षेत्र के ग्राम आलमखेड़ा निवासी परागी लाल के पुत्र विष्णु ने शुवार को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि युवक एक मिष्ठान की दुकान पर मिठाई बनाने का काम करता है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी एक 18 वर्षीय युवक के हाँथ में गुरुवार देर रात किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था ।उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बताया जाता है कि इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी इकलीस के पुत्र शहनूर 18 वर्ष को गुरुवार देर रात किसी जहरीले कीड़े ने उसके हांथ में काट लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये थे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल ले जाते समय शहनूर की रास्ते में मौत हो गई । जिसके बाद परिजन शव लेकर घर चले आए और आज गांव स्थित कब्रिस्तान में शव दफन कर दिया।

# किसानों के आवागमन के लिए पुलिया निर्माण को एनओसी जारी करने की उठायी मांग

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

किसानों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित पुलिया निर्माण कार्यों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) शीघ्र जारी करने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष बीर प्रकाश सिंह (बीरू) ने अधिशासी अभियंता, राष्ट्रीय जल प्रबंधन योजना, शारदा नहर खंड हरदोई को पत्र भेजकर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

पत्र में बताया गया कि किसानों द्वारा संगठन के बैनर तले आयोजित संगोष्ठी में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को याचिका समिति के सभापति एवं विधान परिषद सदस्य अशोक अग्रवाल के समक्ष रखा गया था। किसानों की समस्या और जनहित को



देखते हुए क्षेत्र में तीन स्थानों पर पुलिया निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इनमें ग्राम पंचायत भरावन में अतरौली-माल मार्ग से एरा काकेमऊ संपर्क मार्ग पर पितौली में बेचेलाल के घर के सामने चेनेज पुलिया, सोनिकपुर गांव से बाणेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले मार्ग पर माइनर पर पुलिया तथा ग्राम पंचायत परसा मोहद्दीनपुर में जगसरा माइनर पर सिंहपुर के निकट पुलिया शामिल हैं। बीर प्रकाश सिंह ने बताया कि इन कार्यों के संबंध में याचिका समिति के सभापति द्वारा 14 जुलाई 2026 को प्रमुख सिंचाई विभाग के माध्यम से संबंधित कार्यालय को पत्राचार कर क्षेत्र पंचायत भरावन को एनओसी जारी करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि एनओसी लंबित होने के कारण पुलिया निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है और किसानों को खेतों तक पहुंचने तथा कृषि कार्यों के लिए आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से शीघ्र एनओसी जारी कर कार्यदायी संस्था के माध्यम से निर्माण कार्य शुरू कराने तथा पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई से अवगत कराने की मांग की है।

## भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत गोष्ठी सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए डॉ. प्रेम शंकर पांडे द्वारा व्याख्यान दिया गया।

डॉ. प्रेमशंकर पांडे ने बताया कि नशा जहर है, अपनी खातिर इससे दूर रहें। उन्होंने यह भी बताया कि किस प्रकार मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर देता है। विवेक सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की इस भयानक लत से बचाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि वे स्वयं को इस सामाजिक बुराई से दूर रखें और समाज में इसके खिलाफजागरूकता फैलाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

# मोबाइल की लत से बच्चों को बचाएं अभिभावक: डॉ. फरहाना

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

खण्ड विकास अधिकारी डॉ. फरहाना की अध्यक्षता में मोहम्मदाबाद ब्लॉक में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. फरहाना ने बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने छोटे बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचाएं, ताकि उनका पूरा ध्यान शिक्षा पर केंद्रित हो सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि बाल विवाह से संबंधित कोई भी जानकारी मिलने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी जाए। सहायक श्रम आयुक्त नम्रता सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने प्रतिष्ठान (दुकान/कारखाने) पर बाल श्रम करवाता हुआ पाया जाता है, तो उस पर 20,000 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करने अथवा कराने वाले दोषियों को 2 वर्ष तक का कारावास, 1 लाख रुपये का जुर्माना, अथवा दोनों सजाओं से दंडित किया जा सकता है। बैठक में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उप-निरीक्षक उदय पाल, शिक्षा विभाग से भुवनेश प्रताप, मुख्य सेविका आशी मिश्रा एवं प्रियंका राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह और परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**

सदर कोतवाली क्षेत्र के इमलिया बाग खेलदार की रहने वाली फहमीदा बानो पत्नी महफूज आलम ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया की पीड़िता के पिता व भाई की असमय ट्रक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण पीड़िता अपने पति के साथ अपने निज निवास में रहती है उनके पड़ोसी कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा मकान की दीवारों व छत को छतिग्रस्त कर अवैध तरीके से कब्जा कर दीवारों को तोड़ रहे थे। जिसकी शिकायत करने पर वह लोग गाली गलौज करने लगे और जब पीड़िता ने पति को फोन के माध्यम से बताया तो पति के आने पर उक्त



परिवार के लोग छत की दीवार फांदकर आ गये और पीड़िता और उसके पति पर हमला कर दिया। पीड़िता ने उक्त लोगों के खिलाफ जांच करवाकर कार्रवाई की मांग किया है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया की 112 नंबर पर 5 अगस्त को पीड़िता ने पुलिस को सूचना दिया पुलिस के आने पर यह दबंग लोग फरार हो गए। अब इन हालातो में ऐसे दबंग लोगों के खिलाफ पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों का कार्य समय से करायें सुनिश्चित

**एनआरसी में बच्चों का डिस्चार्ज के बाद नियमित करे फालोअप: डीएम**

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



जिला स्तरीय पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने कार्यक्रम विभाग द्वारा संचालित कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्ष 2024-25, 2025-26 में निर्माण के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण व चरणबद्ध तरीके से कार्य कराना सुनिश्चित करे। कुपोषित/अतिकुपोषित बच्चो का चिन्हांकन करते हुए बच्चों को समय से पोषाहार व अन्य सुविधाएं मुहैया कराए साथ ही निरन्तर निगरानी बनाए रखें। उन्होंने समस्त सीडीपीओ से कहा कि सैम, मैम चिन्हित बच्चों के अभिभावकों की आर्थिक स्थिति में संवर्धन का प्रयास करे, के लिए केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ा जाय एवं आवश्यकतानुसार स्वयं सहायता समूह से भी जोड़ा जाय। उन्होंने कहा कि गर्भवती, धात्री, महिलाओं, बच्चो को पोषण का वितरण शत प्रतिशत एफआरएस के माध्यम से कराना सुनिश्चित कराया जाये। आधार प्रमाणीकरण का कार्य पूरा कराने के निर्देश सीडीपीओ को दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों को ऑपरेशन कायाकल्प के तहत शेष बचे संकेतांको से संतृप्त किया जाय। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/ सहायिकाओं से संबंधित प्रोत्साहन राशि की फीडिंग पीएमएफएस पोर्टल पर ससमय शत प्रतिशत फीड कराए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का प्रशिक्षण करा ले ताकि उनके किए गए कार्यों का संबंधित पोर्टल पर सही से फीडिंग कर सके।

## किसानों ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बीघापुर, उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गणेशी खेड़ा स्थित किसान भवन में किसानों ने बैठक कर किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम आनंद कुमार नायक को ज्ञापन देकर तत्काल समस्या समाधान कराए जाने की मांग की। किसान संघ के प्रदेश महामंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने एसडीएम आनंद कुमार नायक को ज्ञापन देकर बक्सर धाम स्थित मां चंडिका देवी धाम में टूटे शौचालय तथा चारों ओर फैली गंदगी, महिलाओं के कपड़े बदलने के चेंजिंग रूम को ठीक कराने , डस्टबिन, कूड़ा घर की व्यवस्था तथा गंगा में गिर रहे नाले तथा नापदान के पानी को गंगा में गिरने से रोकने की मांग की। किसान नेता ने ज्ञापन में कहा कि लेखपाल पंचायत भवनों में दिन निर्धारित कर बैठना सुनिश्चित करें तथा अंश निर्धारण नि:शुल्क किया जाए। किसान खाद महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर है। प्रत्येक सोसाइटी में खाद का स्टॉक तथा उसका रेट बोर्ड लगाया जाए।

# बदमाशों का तांडव, किन्नर से की लाखों की लूट

**समृद्धि न्यूज,गंगाघाट उन्नाव।**

**विरोध करने पर दरिंदों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई की**

खाकी के खौफको ठेंगा दिखाते हुए बेखौफबदमाशों ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की जाजमऊ चौकी से महज चंद कदम की दूरी पर स्थित डकारी इलाके में लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने एक किन्नर के घर में घुसकर उसे और उसके ड्राइवर को बंधक बना लिया तथा लाखों रुपये के जेवरात, नकदी और बाइक लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर दरिंदों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार डकारी निवासी वैशाली किन्नर के घर में रात के वक्त अचानक 3 से 4 बदमाश दाखिल हो गए। घर में घुसते ही बदमाशों ने किन्नर और उसके ड्राइवर को हथियारों के बल पर काबू में कर लिया और उन्हें बंधक बना दिया। इसके बाद बदमाशों ने पूरे घर को खंगालते हुए वहां रखे लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, मोटी नकदी और बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए ।चीख-पुकार पर बदमाशों ने की क्रूरता से मारपीटलूटपाट का विरोध करने और शोर मचाने पर बदमाशों ने किन्नर और उसके ड्राइवर पर जानलेवा हमला कर दिया। बेदर्दी से की गई मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं।

वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश पीड़ित पक्ष को लहूलुहान हालत में छोड़कर माल समेत मौके से रफूचक्कर हो गए।

### जांच में जुटी पुलिस, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।** घटना की सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली और जाजमऊ चौकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने आनन-फानन में दोनों गंभीर घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। चौकी के इतने नजदीक हुई दुस्साहसिक वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों के भागने के रूट का पता लगाया जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## पुरानी रंजिश में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के कटियामऊ गांव में सहन की भूमि को लेकर चली आ रही पुरानी रंजिश के चलते पिता और उसके दो पुत्रों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने पिता और एक पुत्र की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कटियामऊ गांव निवासी रामकुमार पुत्र मुंशीलाल ने बताया कि वह अपने दोनों पुत्र देवेंद्र कुमार और जितेंद्र कुमार के साथ दो बाइकों से सफीपुर से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के पास अपने घर जाने वाले रास्ते पर पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के रंजीत, अंशु, अनुज, अर्जुन पुत्रगण रामचंद्र, सर्वेश पुत्र शिवप्रसाद, राहुल पुत्र रामसनेही तथा अनूप पुत्र सुरेश सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और धारदार हथियारों तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# करंट लगने से युवक की मौत पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**समृद्धि न्यूज,बीघापुर उन्नाव।**

बिहार थाना क्षेत्र के पनहन चौराहे पर पड़ोस के गांव पकरा बुजुर्ग निवासी पिंटू पुत्र सज्जन की विद्युत पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई वही साथ में रहे बीघापुर कोतवाली के ओसियां गांव निवासी निरंजन झुलस गए। पकरा बुजुर्ग निवासी पिंटू 29 वर्ष गांव में ही रहकर गल्ला व्यापारी के यहां रह कर पल्लेदारी का काम करते थे। शुक्रवार बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसियां निवासी ट्रक ड्राइवर निरंजन ट्रक लेकर माल उतारने पनहन चौराहे पर झंडा देवी मंदिर के पास ट्रक खड़ा किया । पास में ही खड़े पिंटू को ट्रक ड्राइवर निरंजन ने ट्रक



से सामान उतारने के लिए बुलाया।खड़े ट्रक के बगल में लगे विद्युत पोल में करंट उतर रही थी ट्रक ड्राइवर निरंजन को विद्युत पोल छू गई निरंजन के कंधे में हाथ रखे पिंटू के पैर में चप्पल न होने से चिपक गए वही निरंजन झुलस गए। घायल पिंटू की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक अविवाहित था और पल्लेदारी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था ।बड़ी बहन शिल्पा का विवाह हो चुका है वह छोटा भाई मोहित है ।थाना अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम में भेजा जा रहा है।

**कानपुर में ऑपरेशन व्हाइट पाउडर के तहत बड़ी कार्रवाई**

# पुलिस ने 219 किलो से अधिक गांजा किया बरामद



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

कमिश्नरेट कानपुर नगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन व्हाइट पाउडर के तहत घाटमपुर सर्किल पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीमों ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में गांजा सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 78 किलो तथा 141.05 किलो, कुल 219.05 किलो अवैध गांजा बरामद किया है।

पहली कार्रवाई में थाना सेन पश्चिम पारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैजपुरवा रेलवे अंडरपास के पास मारुति स्विफ्ट कार को घेराबंदी कर पकड़ा। कार से करीब 78 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से शिवम सिंह, उम्र करीब 24 वर्ष, को गिरफ्तार किया।

आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन और 4,780 रुपये नकद भी बरामद हुए। वहीं थाना बिधनू एवं अपराध शाखा की संयुक्त टीम ने ओशो आश्रम के पास से मुखबिर की सूचना पर रोहित उर्फ टिकन, उम्र करीब 22 वर्ष, को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 141.05 किलोग्राम अवैध गांजा और होंडा सिटी कार बरामद की गई।

आरोपी के खिलाफ थाना बिधनू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# डकैती का सफल अनावरण पुलिसकर्मियों का हुआ सम्मान



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

थाना चकेरी क्षेत्र के श्यामनगर में शिक्षक के घर में हुई डकैती की घटना का अनावरण करते हुए गठित पुलिस टीमों ने मात्र 48 घंटे के भीतर घटना में शामिल 25-25 हजार के सभी 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल भी बरामद कर लिया। इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी शिवा सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी आशुतोष कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक चकेरी श्री अजय प्रकाश मिश्र व प्रभारी निरीक्षक रेलबाजार अमान सिंह सहित घटना के हतअनावरण में शामिल समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# श्रद्धा से मनाया श्री गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पुरब

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

अष्टम नानक बाला प्रीतम साहिब श्री गुरु हरिकिशन साहिब का प्रकाश पुरब पूर्ण भक्ति और श्रद्धा के साथ स्थानिय गुरूद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर चौक में मनाया गया। प्रकाश पुरब के विशेष दिवान प्रातःकाल साध संगत श्री सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी द्वारा श्री सुखमनी साहिब के पाठ के साथ आरंभ हुए तत्पश्चात चौपई साहिब, नाम सिमरन एवं शब्द कीर्तन का गायन किया गया।

इस अवसर पर गुरूद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर चौक के ग्रंथी भाई गुरुचरण सिंह ने गुरु हरिकिशन साहिब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जी ने अल्प आयु में किए उनके लोक कल्याण के



कार्यों को रहती मानवता तक सदैव याद किया जाएगा, उनकी याद में दिल्ली में स्थापित एतिहासिक गुरूद्वारा बंगला साहिब में नतमस्तक होकर श्रद्धालू अपने रोग सोग से सदैव के लिए मुक्त हो जाते हैं। विशेष दिवान की समाप्ति अरदास से हुई, अरदास में सरर्वत्र के भले की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर चाय, कच्ची लस्सी, मिष्ठान आदि के प्रसाद वितरित कर गुरु हरिकिशन साहिब जी के प्रकाश पुरब की खुशियां प्राप्त की। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा कानपुर के धार्मिक जत्थेदार ज्ञानी मदन सिंह, लवली बग्गा, गुरजीत सिंह शंटी कोहली, परमजीत कौर, बलविंदर सिंह छतवाल रिप्पी, परमजीत सिंह टोनी, अजीत सिंह दारे, सतनाम सिंह पप्पू, किशन लाल अरोड़ा, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में सौर ऊर्जा को मिल रहा विस्तार

- सौर ऊर्जा से सृजित हो रहे रोज़गार के नए अवसर
- पर्यावरण सुरक्षा में मिल रही मदद

हरिनारायण पटेल

**महाराजगंज।** आसमान से बरसती धूप अब महाराजगंज जिले के निवासियों के लिए केवल तपिश का कारण नहीं है, बल्कि यह आर्थिक बचत और तरक्की का एक नया ज़रिया बन चुकी है। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित %पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना% जि़ले में ज़मीनी स्तर पर एक बड़ी क्रांति ला रही है। सरकारी ग्रिड पर निर्भरता कम करते हुए लोग तेज़ी से अपनी छतों पर सोलर प्लांट लगा रहे हैं। जिससे न केवल उनका बिजली बिल शून्य हो रहा है, बल्कि जि़ले में स्थानीय व्यापार और रोज़गार को भी एक नई दिशा मिली है। और पर्यावरण सुधार में भी मदद मिल रही है। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के लगातार मॉनिटरिंग और समीक्षा का परिणाम है कि अब तक चालू वित्तीय वर्ष में 1502 लाभार्थी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। परियोजना प्रभारी यूपी नोएडा के अनुसार यह योजना 31 मार्च 2027 के बाद बंद होनी है ऐसे में जनपद के ज्यादा से ज्यादा लोग योजना लाभ लें। योजना का मुख्य लक्ष्य आम परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना



है। सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सरकार इस योजना के तहत भारी आर्थिक सहायता दे रही है। उत्तर प्रदेश में 3 किलोवाट क्षमता वाले सोलर प्लांट की स्थापना पर उपभोक्ताओं को अधिकतम 1,08,000 रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसमें 78,000 रुपया केंद्रीय सब्सिडी और यूपीनेडा की ओर से 30,000 रुपये की राज्य सब्सिडी शामिल है। यह पूरी प्रक्रिया प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हो रही है।जिससे प्लांट चालू होने के 30 दिनों के भीतर सब्सिडी की राशि सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में पहुँच रही है।

**नेट मीटरिंग से हो रहा दोहरा लाभ:** यह योजना केवल बिजली बचाने तक सीमित नहीं है। सरकारी नेट मीटरिंग नीति के तहत, उपभोक्ता द्वारा उत्पन्न की गई अतिरिक्त बिजली जो उपयोग नहीं हो पाती, वह वापस सरकारी ग्रिड में चली जाती है। इसका सीधा समायोजन उनके बिजली बिल में किया जाता है, जिससे कई घरों का मासिक बिल पूरी तरह से शून्य हो चुका है। इस योजना से जिले में रोजगार एवं कारोबार का बंपर सृजन हुआ है।वरिष्ठ आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, सौर ऊर्जा का यह विस्तार ग्रामीण और अर्ध-शहरी अर्थव्यवस्था के लिए एक ग्रीन बूस्टर साबित हो रहा है।

**व्यापार को गति:** प्लांट लगाने के लिए यूपीनेडा और स्थानीय डिस्कॉम द्वारा जि़ले के स्थानीय वेंडर्स को ही अधिकृत किया जा रहा है। इससे महाराजगंज के छोटे और मंझोले कारोबारियों का टर्नओवर तेज़ी से बढ़ा है।साथ ही

युवाओं को तकनीकी रोज़गार उपलब्ध हुआ है।एक सोलर प्लांट की स्थापना में साइट सर्वे, स्ट्रक्चर निर्माण, पैनल फिटिंग, और इन्वर्टर वायरिंग जैसे कई चरण होते हैं। इस बढ़ती मांग के कारण जि़ले में कुशल इंजीनियरों, इलेक्ट्रीशियन और मेंटेनेंस स्टाफ की भारी आवश्यकता पैदा हुई है। इससे सैकड़ों स्थानीय युवाओं को उनके गृह जनपद में ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिल रहा है।इसके साथ साथ पर्यावरण संरक्षण में महती भूमिका बन रही है।आर्थिक और वाणिज्यिक लाभ के इतर, यह योजना एक बड़े पर्यावरणीय लक्ष्य को भी साध रही है। भारत सरकार के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप, छतों पर लगने वाले ये पैनल पारंपरिक कोयला-आधारित बिजली ग्रिड पर दबाव कम कर रहे हैं। महाराजगंज में स्थापित हो रहे हर एक किलोवाट के सोलर प्लांट से कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आ रही है। जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण सुनिश्चित करेगा।पारदर्शी और आसान हुई प्रक्रिया के चलते सरकारी तंत्र ने बिचौलियों को खत्म करने के लिए पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर दियाहै। और उपभोक्ता को अपना वेंडर चुनने की पूरी आज़ादी दी गई है। जो लाभार्थी हित में है।

## पुलिस प्रशासन को हाईकोर्ट की सख्त चेतावनी

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने कहा कि जमीन, मकान, संपत्ति एवं वरासत (उत्तराधिकार) संबंधी मामलों में पुलिस सीधे हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पुलिस का कार्य केवल कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखना है। कब्जा दिलाना, बेदखली कराना या मालिकाना हक तय करना पुलिस अथवा प्रशासन का अधिकार नहीं है। भूमि एवं संपत्ति विवादों का निस्तारण सिविल न्यायालय, राजस्व न्यायालय तथा सक्षम न्यायिक प्राधिकारी द्वारा ही किया जाएगा। कोर्ट के आदेश के बिना किसी व्यक्ति को बेदखल नहीं किया जा सकता। डीएम, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारियों को अधिकार क्षेत्र में रहकर कार्य करने की नसीहत दी है।

## खबरें एक नजर में

### छात्रों और युवाओं से संवाद करेंगे राहुल गांधी

**प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से जून में राजस्थान के कोटा से प्रारम्भ किये गये छात्रों की गूंज अभियान की अनुगूंज आज सुनाई देगी। प्रयागराज के केपी इंटर कालेज मैदान में राहुल गांधी दो घंटे तक छात्रों – युवाओं से संवाद करेंगे। इससे पहले राहुल गांधी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ स्वराज भवन में बैठक करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने राहुल के कार्यक्रम को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। पार्टी प्रवक्ता हसीब अहमद के अनुसार राहुल गांधी चार्टेड विमान से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वह सड़क मार्ग से स्वराज भवन पहुंचेंगे। दोपहर बाद साढ़े तीन बजे राहुल गांधी पार्टी के सांसद, विधयाक और प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारियों व वरिष्ठ नेताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विमर्श करेंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगभग दो घंटे तक कांग्रेसी नेताओं के साथ बैठक करने के बाद शाम को केपी इंटर कालेज ग्राउंड पहुंचेंगे, जहां वह छात्रों की गूंज कार्यक्रम में युवाओं के साथ प्रतियोगी व भर्ती परीक्षाओ में पेपर लीक, नकल, बेरोजगारी समेत अन्य मुद्दों पर सीधे संवाद करेंगे। वह मंच अकेले ही साझा करेंगे। कार्यक्रम में एक लाख से अधिक युवाओं के भाग लेने की संभावना है। वहीं शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने बताया कि राहुल गांधी के कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जेल में बंद उमर और अली

**प्रयागराज( समृद्धि न्यूज़)।** अतीक अहमद के बेटे अबान के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए उसके दोनों भाई जेल से बाहर आएंगे। झांसी जेल में बंद अली अहमद और लखनऊ जेल में बंद उमर अहमद को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पैरोल मिली है। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों जेल से बाहर निकलेंगे। इसके बाद उन्हें प्रयागराज लाया जाएगा, जहां शनिवार को अबान का अंतिम संस्कार किया जाएगा। अतीक अहमद का बेटा उमर करीब चार साल से जेल में बंद है, जबकि अली अहमद पिछले करीब तीन वर्षों से जेल में है।

### अजय लल्लू बने हरियाणा राज्य के कांग्रेस पर्यवेक्षक



**कुशीनगर।** पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा राज्य का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने पर क्षेत्रीय लोगो ने बधाई दी है। क्षेत्रीय लोगो का कहना है कि लल्लू को कांग्रेस बड़ी जिम्मेदारी दे रही है यह उनके बफादारी का इनाम है। कोइन्दी के ग्राम प्रधान उपेंद्र सिंह पटेल ने अजय लल्लू को बधाई देते हुये कहा कि कांग्रेस के लिए लल्लू समर्पित कार्यकर्ता है और कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देना शुभ कार्य है।

# खाद के 9 नमूने लिए, 1 दुकान का उर्वरक लाइसेंस निलंबित

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**

शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्र की 31 उर्वरक दुकानों पर आकस्मिक छापा डालकर 9 उर्वरक नमूने ग्रहित किया तथा 1 उर्वरक दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया और 3 दुकानों के स्वामी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। उल्लेखनीय है कि डीएम द्वारा गठित टीम मे उप कृषि निदेशक संजीव कुमार द्वारा नौतनवा तहसील में पांच उर्वरक प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापा डाला गया।वहीं जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह की टीम द्वारा सदर तहसील में 12 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापा डालकर आठ उर्वरक नमूना गृहीत किया गया तथा मां वैष्णो खाद भंडार धनेवा धनेई द्वारा मौके पर जांच हेतु स्टॉक व बिक्री रजिस्टर प्रस्तुत न किए जाने के कारण उसका उर्वरक लाइसेंस निलंबित किया गया।और छापे के समय मे.आईएफएफडीसी उर्वरक बिक्री केंद्र नरायनपुर,गिरी खाद भंडार चौपरिया व खान उर्वरक भंडार पकड़ी दीक्षित की दुकान बंद पाए जाने पर इनको कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जबकि भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ रमेश चंद्र द्वारा निचलौल तहसील में 6 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक छापे की कार्रवाई की गई।व.प्रा.स. ग्रुप ए सुमित निषाद द्वारा फरेंदा तहसील में आठ उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर एक नमूना ग्रहित किया गया है।

# बस्ती में अंत्येष्टि स्थलों का हो रहा विकास, ग्रामीणों को मिल रही सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा

**समृद्धि न्यूज़,बस्ती।**

- 32 अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण से बदल रही ग्रामीण बस्ती की तस्वीर, 22 कार्य पूर्ण
- ग्राम पंचायतों के प्रस्तावों के आधार पर विकसित हो रही अंतिम संस्कार की आधुनिक व्यवस्था

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद बस्ती के ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम संस्कार की व्यवस्था को अधिक सम्मानजनक, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में पंचायत राज विभाग द्वारा अंत्येष्टि स्थलों का विकास तेजी से कराया जा रहा है। ग्राम पंचायतों के प्रस्तावों के आधार पर उन स्थानों का चयन किया जाता है, जहां परंपरागत रूप से शवदाह किया जाता रहा है। इन स्थानों को आवश्यक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर ग्रामीणों को बेहतर अंतिम संस्कार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान जनपद को कुल 32 अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ। इनमें वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 16 अंत्येष्टि स्थलों में से 15 का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 16 स्थलों में से 7 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष 9 स्थलों पर कार्य तेजी से चल रहा है। इस प्रकार अब तक कुल 22 अंत्येष्टि स्थल पूर्ण होकर ग्रामीणों के उपयोग के लिए उपलब्ध हो चुके हैं।

इन अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली असुविधाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। पहले जहां कई स्थानों पर पर्याप्त व्यवस्था का अभाव था, वहीं अब पक्के प्लेटफॉर्म, सुरक्षित परिसर तथा आवश्यक सुविधाओं के साथ अंतिम संस्कार की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हो रही है। पंचायत राज विभाग का उद्देश्य ग्रामीणों को जीवन की प्रत्येक आवश्यक सेवा के साथ-साथ अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील व्यवस्था के लिए भी सम्मानजनक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इससे न केवल ग्रामीणों को सुविधा मिल रही है, बल्कि सार्वजनिक स्थलों का सुव्यवस्थित विकास भी सुनिश्चित हो रहा है।

जनपद प्रशासन का कहना है कि शेष निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थलों का कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार ऐसे स्थलों का विकास कर ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# गंडक नदी खतरे के निशान से 32 सेमी ऊपर, 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा

- तटबंध पर दबाव, कई गांवों के डूबने का खतरा
- ठोकर-2 सबसे कमजोर, ब्लॉक टूटे प्रशासन अलर्ट

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



नेपाल में लगातार हो रही बारिश ने कुशीनगर में टेंशन बढ़ा दी है। गंडक नदी रौद्र रूप में है। भैंसा गेज पर जलस्तर चेतावनी बिंदु से 32 सेमी ऊपर पहुंच गया है। वाल्मीकि गंडक बैराज से 2 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़े जाने के बाद निचले इलाकों में दहशत है।

बुधवार शाम 5 बजे भैंसा गेज पर पानी का स्तर 95.32 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जबकि चेतावनी बिंदु 95 मीटर है। सुबह 8 बजे ये 95.12 मीटर था। यानी 9 घंटे में 20 सेमी पानी और बढ़ गया। सबसे ज्यादा खतरा चेतावनी तटबंध की ठोकर संख्या-2 पर मंडरा रहा है। यहां नदी का तेज बहाव सीधे तटबंध से टकरा रहा है। सिंचाई विभाग के अनुसार कुछ सीमेंट के ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ खंड की टीम और जेसीबी मौके पर तैनात है। बाढ़ खंड के एई दीपचंद सिंह ने कहा, नरहजोत से अहिरौलीदान तक 17.5 किमी तटबंध पर निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील जगहों पर स्लोप पिचिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। गंडक के साथ-साथ रोहुआ नाला भी उफान पर है। निचलौल के सोहगीबरवा क्षेत्र में हालात सबसे खराब हैं। सोहगा बरवा से नौरंगिया जाने वाली सड़क पर 2 से 3 फीट पानी बह रहा है। एक प्राइवेट बस और दर्जनों बाइक सवार पानी में फंसे दिखे। स्कूली बच्चे, मरीज और महिलाएं पानी में उतरकर आने-जाने को मजबूर हैं। मरदहवा, बससपुर, शिवपुर, हरदीरपुर के लोगों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। ग्रामीणों का कहना है, नाले पर पुल नहीं है। हर साल यही हाल होता है। प्रशासन सिर्फ कागज पर व्यवस्था दिखाता है। डीएम ने तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। लेखपालों और ग्राम प्रधानों को निचले इलाकों में मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों से नदी किनारे न जाने और बच्चों को पानी से दूर रखने की अपील की गई है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 25 सितंबर को शिक्षक पहुंचेंगे लखनऊ

**कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक में अटेवा पेंशन बचाओ अभियान के तहत शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदेश भर में चालये जा रहे जन-जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर पेंशन की मांग को लेकर शिक्षक तिरंगा यात्रा निकालेंगे। आगामी 25 सितम्बर को अपनी आवाज प्रदेश सरकार तक पहुंचाने के लिए लखनऊ में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सभी जिलों से शिक्षक व कर्मचारी भारी संख्या मे लखनऊ पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। कार्यक्रम में



विशिष्ट अतिथि एवं जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें अपनी मांगों के समर्थन में तैयार रहना होगा। कार्यक्रम में उपेन्द्र कुशवाहा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, सुबेदार निगम,एसपाल, राजेश यादव, दिनेश यादव सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया।

# जन्मदिन पर पर्यावरण, सेवा और आस्था का संदेश, 21 पौधे रोपे, हुआ विशाल भंडारा

**भांवरकोल/ गाजीपुर।** जन्मदिन को समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी राजन राय उर्फ रामभद्र राय के पुत्र एवं समाजवादी पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रदेश सचिव डॉ. आशीष कुमार राय ने गुरुवार को अपना 42वां जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। (एक पेड़ मां के नाम) अभियान के तहत 21 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन तथा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आम, अमरूद, कटहल, श्रीफल, नींबू और करौंदा सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



डॉ. आशीष कुमार राय ने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने हवन-पूजन और भंडारे को सामाजिक समरसता, सेवा और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बताया।

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भारत एक्सप्रेस के सीएमडी उपेंद्र राय, हरिशंकर राय, मिंटू राय, अधिवक्ता अनुपम राय, जयप्रकाश राय, आशुतोष राय, चंद्र प्रकाश मौर्य सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज गाजीपुर में प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

भारत सरकार के नशा मुक्त युवादृविकसित भारत अभियान के अंतर्गत मेरा युवा भारत (डल् ठींतंज), गाजीपुर द्वारा गुरुवार को पीजी कॉलेज, गाजीपुर परिसर में जनपद स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद गाजीपुर के पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवा यदि नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाएं तो विकसित भारत का लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है। प्रतियोगिताओं में लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, भाषण, रंगोली, नारा लेखन एवं चित्रकला जैसी विधाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तुतियों को निर्णायक मंडल ने सराहा। प्रतियोगिताओं के विजेताओ में लोकगीत प्रथम, अंकित राजभर एवं टीम, नुक्कड़ नाटक में प्रथम खुशबू एवं टीम कविता पाठ के प्रथम आंचल वर्मा, द्वितीय प्रियांशु यादव, तृतीय प्रतिमा विश्वकर्मा, भाषण में प्रथम कुमारी दीपशिखा, द्वितीय



माहजबीन अंसारी, तृतीय आनंदी गुप्ता रंगोली में प्रथम सरिता प्रजापति, द्वितीय खुशी कुशवाहा, नारा लेखन में प्रथम गुंजन कुमारी, द्वितीय स्नेह लता, तृतीय सरिता प्रजापति, चित्रकला प्रथम आकांक्षा शर्मा, द्वितीय रागिनी, तृतीय अंतिमा वर्मा। समापन समारोह को संबोधित करते हुए पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राघवेंद्र पांडे ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक है जब उसके साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का भी समावेश हो। उन्होंने युवाओं से अपने आसपास नशा मुक्ति के प्रति जनजागरण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के संयोजक एवं जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार का यह अभियान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने तथा उन्हें स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पाठक सदस्य देवाशीष प्रोफेसर संजय चतुर्वेदी प्रोफेसर एसएन मिश्रा प्रोफेसर रवि शंकर आदि ने अपने संबोधन में युवाओं से किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने की अपील की। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन अमरनाथ तिवारी, विद्या निवास पांडे, जीवन राम, परस नाथ सिंह यादव, दिनेश चंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, सूबेदार सनेही कुमार प्रांशु कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन अंगद यादव ने प्रभावी ढंग से किया, जबकि अंत में मेरा युवा भारत के पूर्व लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्री सुभाष चंद्र प्रसाद ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी युवाओं ने नशा मुक्त युवादृविकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का निर्माण इकाइयों पर छापा, आटा का लिया सैंपल

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गाजीपुर के निर्देशन में जनपद में खाद्य पदार्थ आटा की निर्माण इकाईयों व अन्य खाद्य पदार्थ पर विशेष अभियान चलाकर कुल-05 नमूना संग्रहित किया गया, जिसमें सिंचाई विभाग चौराहा, गाजीपुर स्थित प्रतिष्ठान मेसर्स-वी.मार्ट रिटेल लि. से वेज मेयोनीज (फन फूड्स ब्राण्ड) का 1 नमूना, विरापह करण्डा गाजीपुर स्थित नरेन्द्र राय के विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-डी.के.आर. सर्विसेज प्रा.लि. से गेहू का आटा (विजय गोल्ड ब्राण्ड) का 1 नमूना, कृष्णानगर, जंगीपुर गाजीपुर स्थित सखिचन्द्र सिंह यादव के विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-बाबा



विष्वनाथ फ्लोर मिल से गेहू का आटा (राम ब्राण्ड) का 1 नमूना, हरदासपुर खुर्द जखनिया, गाजीपुर स्थित पन्ना लाल के विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-महाकालेश्वर एग्रो इण्डस्ट्रीज से आटा (नीलकण्ठ ब्राण्ड) का 1 नमूना जौहरगंज सैदपुर, गाजीपुर स्थित हरिओम जायसवाल के विनिर्माण प्रतिष्ठान मेसर्स-रैनबो फ्लोर मिल से आटा (अमृतभोग ब्राण्ड) का 01 नमूना संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उप्र प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। नमूना संग्रह की कार्यवाही आर.सी. पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-गाजीपुर एवं नरेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुलाबचन्द गुप्त, बिपिन कुमार गिरि, धनन्जय सिंह, अरविन्द्र प्रजापति, पंकज कुमार कन्नौजिया एवं अमर नाथ की टीम द्वारा की गयी।

# ड्रेस पाकर बच्चों के चेहरे खिले साथ ही अभिभावक भी हुए प्रसन्नः राजीव

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व देवकली खण्ड शिक्षा अधिकारी राजीव यादव के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में गंगा स्वयं सहायता समूह, तनू स्वयं सहायता समूह, रविदास स्वयं सहायता समूह, द्वारा बच्चों का नाप लेकर सिला गया ड्रेस प्राथमिक विद्यालय उसरहागांव, शिवधन पट्टी,तारडीह पर शुक्रवार को वितरित किया गया।जिससे बच्चो के चेहरे खिल उठे। देवकली ब्लाक के बीईओ राजीव यादव ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से तैयार कराई जा रही यूनिफॉर्म से दोहरा लाभ प्राप्त हो रहा है एक ओर बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण यूनिफॉर्म मिल रहें है वहीं दूसरी ओर समूह से जुड़ी महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आजीविका का स्थाई माध्यम प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर शिवधनपट्टी के प्रधानाध्यापक विनोद यादव, उसरहागांव के प्रधानाध्यापिका रंजू सिंह सहित अभिभावक भी मजूद थे।

## प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कृषि प्रक्षेत्र बागापार एवं नटवा द्वारा खरीफ 2025 में उत्पादित बीजों के विधायनोपरान्त प्राप्त छानस का निस्तारण जेम पोर्टल के माध्यम से फॉरवर्ड नीलामी की जायेगी। छानस का विवरण एवं नियम व शर्ते जेम पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है।

जेम पोर्टल पर प्रपत्र एवं ई.एम.डी. अपलोड करने की तिथि- 07.08.2026 से 16.08.2026

कार्यालय द्वार प्रपत्र जांच की तिथि-17.08.2026

जेम पोर्टल पर नीलामी शुरू की तिथि-18.08.2026 10:00 ए.एम.

जेम पोर्टल पर नीलामी समाप्ति की तिथि-19.08.2026 10:00 ए.एम.

**शैलेन्द्र प्रताप सिंह**
**जिला कृषि अधिकारी**
**महराजगंज**